CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 20°C
तापमान

सेंसेक्स 80,501.99
निफ्टी 24,346.70

सोना 96,750
चांदी 98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, रविवार 4 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 112 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 5 जिलकदा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पाकिस्तान ने अब्दाली मिसाइल का किया परीक्षण

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



मुंबई फाल्कन्स ने श्रेयस अय्यर को बनाया आइकॉन प्लेयर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## नीट की परीक्षा आज दोपहर को

नई दिल्ली, वार्ता



**मेडिकल कॉलेजों** में दाखिले के लिए नीट की परीक्षा रविवार (आज) को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विद्यार्थी पेन भी नहीं ले जा सकेंगे। उन्हें सेंटर पर ही पेन दिया जाएगा।

परीक्षार्थी को ओरिजिनल आईडी जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, वोटर कार्ड अथवा 12वीं क्लास का प्रवेश पत्र, जिसमें अभ्यर्थी की फोटो आ रही हो, इनमें से कोई भी एक आईडी साथ लाना है। नीट के जरिये ही देश के तमाम मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस और अन्य विभिन्न अंडर ग्रेजुएट मेडिकल कोर्सेज में दाखिला होता है। इसके अलावा मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) के लिए भी अभ्यर्थी नीट यूजी परीक्षा के मार्क्स के जरिये आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विस हॉस्पिटल के बीएससी नर्सिंग कोर्स में एडमिशन ले सकेंगे।

## मोदी ने फिर दोहराया संकल्प, सबक सिखाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को कड़ा सबक सिखाने के लिए शनिवार को एक बार फिर दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने भारत की यात्रा पर आए अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको के साथ यहां वार्ता के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ तथा निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए अंगोला के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया।

श्री मोदी ने कहा कि दोनों देश मानवता के लिए सबसे बड़े खतरे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अंगोला की ओर से संवेदना व्यक्त किए जाने के लिए श्री लौरेंको को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के अपराधियों और समर्थकों को सजा दिलाने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। इस हमले में 26 लोग

- आतंकियों व उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध

जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे कि निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। उन्होंने सशस्त्र बलों को इस मामले में जवाबी कार्रवाई करने के लिए छूट दी है।



### मंत्री ने मांगी आत्मघाती हमलावर बनने की इजाजत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के आवास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान का पहलगाम आतंकी हमले पर दिया बयान चर्चा में है। इसमें वे आत्मघाती हमलावर बनकर पाकिस्तान में जाने और युद्ध लड़ने की बात कह रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से भारत का दुश्मन रहा है। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह मुझे परमिशन दें, तो मैं आत्मघाती बम बांधकर पाकिस्तान जाकर हमला करने के लिए तैयार हूं। देश के लिए जान देने के लिए तैयार हूं। जमीर अहमद खान जब ये बयान दे रहे थे, तब उनके आसपास मौजूद लोग हंसने लगे। इस पर खान ने कहा कि मैं मजाक नहीं कर रहा हूं, मैं इसे लेकर बहुत गंभीर हूं। केंद्र सरकार को पहलगाम आतंकी हमले पर निर्णायक एक्शन लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ हर भारतीय को एकजुट होना चाहिए।

### मप्र-उप्र समेत 19 राज्यों में आंधी व तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश समेत 19 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट किया गया है। राजस्थान में धूलभरी आंधी चल सकती है। वहीं, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में तेज बारिश हो सकती है। दिल्ली में शुक्रवार को हुई बेमौसम बारिश के बाद मौसम विभाग ने शनिवार के लिए भी आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। बदले हुए मौसम के बावजूद शुक्रवार को महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के 12 शहरों में तापमान 43 डिग्री से 44 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया था। महाराष्ट्र का अकोला 44.9 डिग्री के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। आगे भी लगभग एक हफ्ते ऐसा मौसम रह सकता है।

### आईसीआईसीआई सहित चार बैंकों पर 1.91 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और आईडीबीआई बैंक पर अलग अलग मामलों में कुल मिलाकर 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने शुक्रवार देर शाम जारी बयान में कहा कि आईसीआईसीआई बैंक पर 'बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे', 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) और 'क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड जारी करना और आचरण' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 97.80 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 को नामांकन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शनिवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि यह देश भर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

### श्रीलंकाई लोगों के हमलों में 20 भारतीय मछुआरे घायल

**नागपट्टिनम।** तमिलनाडु के नागपट्टिनम जिले से समुद्र में मछली पकड़ने उतरे मछुआरों की नाव पर कल मध्यरात्रि समुद्र के बीचोबीच अज्ञात श्रीलंकाई नागरिकों ने कथित तौर पर हमला कर दिया और लूटपाट की, जिससे 20 मछुआरे घायल हो गए। मछुआरों ने बताया कि शुक्रवार मध्यरात्रि लूटपाट और हमलों की तीन अलग-अलग घटनाओं में घायल मछुआरों को तट पर लौटने के बाद सुबह नागपट्टिनम के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उनमें से पांच को आंतरिक और बाहरी चोटें आई हैं।

# दरार गहराई: पाक से सभी तरह के आयात पर रोक

## पाक ध्वज वाले जहाजों का किसी भी बंदरगाह पर प्रवेश किया बैन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और लोक नीति को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान के साथ हर प्रकार के माल के आयात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह पाबंदी पाकिस्तान के ऐसे माल पर भी लागू होगी, जो भारत के रास्ते किसी और जगह भेजा जा रहा हो।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एजेंसी विदेश व्यापार महानिदेशालय की अधिसूचना के अनुसार पाकिस्तान में बनी या वहां से निर्यात की जाने वाली सभी वस्तुओं के वहां से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से किए जाने वाले सभी निर्यात या ऐसे माल को भारत के रास्ते कहीं और भेजे जाने (ट्रांजिट) पर रविवार (आज) से रोक लागू की जाती है। यह रोक वहां से मुक्त रूप से मंगाई जा सकने वाली या अन्य प्रकार से मंगाई जाने वाली, हर तरह की वस्तु पर लागू होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा और लोक नीति के हित में लिया गया है। इस निर्णय को लागू करने के लिए विदेश व्यापार नीति 2023 में आवश्यक संशोधन अधिसूचित किए गए हैं। इस प्रतिबंध के किसी भी विकल्प के लिए सरकार से अनुमति अनिवार्य होगी। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले दिनों पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमले के बाद भारत में पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त प्रतिबंधात्मक कदम उठाए हैं। भारत ने पाकिस्तान को उड़ानों के लिए अपने वायु मार्ग का इस्तेमाल करने से रोक दिया है। वहीं, पाकिस्तान ने भी भारत के व्यापार और यात्री एयरलाइनों के लिए अपने वायु मार्ग के इस्तेमाल नहीं करने देने का निर्णय लिया है। वहीं भारत ने -शेष पृष्ठ दो पर

### रक्षा मंत्रालय ने 48 लॉन्चर और 85 पोर्टेबल मिसाइलों की खरीद के लिए मांगे प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सेना को कम ऊंचाई पर उड़ने वाले ड्रोन, हेलीकॉप्टर और विमानों के खतरों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए 48 लांचर और नई पीढ़ी की अत्याधुनिक 85 मिसाइलों की खरीद के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने मेक इन इंडिया पहल के तहत की जाने वाली इस खरीद के लिए इच्छुक कंपनियों से प्रस्ताव मांगे हैं। काफी कम दूरी की इन मिसाइलों के मिलने से सेना को दुश्मन के विमानों और ड्रोनों की चपेट में आने की संभावना वाले अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों का बचाव करने में मदद मिलेगी।




**केंद्र ने पाकिस्तान से आने वाले सभी तरह के पत्राचार और पार्सल सेवाएं स्थगित की**

**आज से लागू होगा फैसला, यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा व लोक नीति के हित में लिया गया**

### मंदिर की 'जात्रा' में मची भगदड, छह लोगों की मौत

**पणजी।** गोवा के शिरगांव में आयोजित प्रसिद्ध श्री लैराई जात्रा (धार्मिक यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात भगदड़ मचने से छह लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और बचाव टीम मौके पर पहुंच गई। हादसे में घायल लोगों को गोवा मेडिकल कॉलेज और मापुसा स्थित नॉर्थ गोवा डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे में जान गंवाने वाले पीड़ितों के प्रति शोक जताया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि गोवा के शिरगांव में भगदड़ के कारण हुई मौतों से दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना, घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत अस्पताल पहुंचे हैं। उन्होंने घायलों का मुफ्त इलाज करने को कहा है। घटना पर गोवा कांग्रेस ने भी दुख जताया है। यह हादसा उस समय हुआ जब भारी भीड़ के बीच अचानक अफरा-तफरी फैल गई, जिससे लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे तथा भगदड़ मचने के कारण लोग एक-दूसरे पर गिरते चले गए जिससे लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा।

# टिकैत से अभद्रता का लिया जाएगा बदला

## 'स्वाभिमान बचाओ पंचायत' में ऐलान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** उप्र के मुजफ्फरनगर टाउनहॉल में गत दिवस हुई जनआक्रोश यात्रा में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के साथ धक्का मुक्की और पगड़ी गिराने के विरोध में शनिवार को भाकियू ने राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में 'स्वाभिमान बचाओ पंचायत' का आयोजन किया।

उक्त पंचायत में जनपदभर के विभिन्न खाप मुखियाओं के अलावा बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान, सरधना विधायक

- वक्ता बोले- यह टिकैत पर नहीं पूरी किसान बिरादरी पर हमला
- पंचायत में राकेश टिकैत को पहनाई गई पगड़ी

अतुल प्रधान, खतौली व रालोद विधायक मदन भैया, कैराना सांसद इकरा हसन, मुजफ्फरनगर सांसद -शेष पृष्ठ दो पर

## रुक सकता था गोधरा कांड अगर पुलिस होती सतर्क

अहमदाबाद, वार्ता

**गुजरात में** गोधरा कांड के 23 साल बाद, गुजरात हाईकोर्ट ने साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में गश्त में लापरवाही के लिए नौ रेलवे पुलिस कर्मियों को नौकरी से हटाने के फैसले को बरकरार रखा है।

हाईकोर्ट की जस्टिस वैभवी नानावटी ने पुलिसकर्मियों की याचिका खारिज करते हुए कहा कि यदि याचिकाकर्ता पुलिसकर्मी साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में अपनी ड्यूटी कर रहे होते, तो गोधरा कांड को रोका जा सकता था। आवेदकों ने

- हाईकोर्ट ने नौ रेलवे पुलिसकर्मियों को नौकरी से हटाने का फैसला बरकरार रखा

अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति घोर लापरवाही बरती। याचिकाकर्ता उस समय रेलवे पुलिस में कार्यरत थे। इन्हें 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस में गश्त की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन चूंकि वे ट्रेन से चूक गए थे, इसलिए वे दूसरी ट्रेन से अहमदाबाद जल्दी पहुंच गए। इस दिन -शेष पृष्ठ दो पर

## डा. पूनम गुप्ता बनीं RBI की डिप्टी गवर्नर

मुंबई, वार्ता

**डा. पूनम गुप्ता ने** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाल लिया है। भारत सरकार ने दो अप्रैल, 2025 को उन्हें पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए डिप्टी गवर्नर के पद पर नियुक्त किया था।



डिप्टी गवर्नर के रूप में, डा. गुप्ता मौद्रिक नीति विभाग, वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, वित्तीय स्थिरता विभाग, अंतर्राष्ट्रीय विभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट रणनीति और बजट विभाग और संचार विभाग का कार्यभार संभालेंगी। इस नियुक्ति से ठीक पहले, डा. गुप्ता एनसीएईआर की महानिदेशक थीं, जो आर्थिक विकास, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला, केंद्रीय बैंकिंग, मैक्रो आर्थिक स्थिरता, सार्वजनिक ऋण और राज्य वित्त से संबंधित मुद्दों पर काम करती थीं।





## कार्यस्थल पर उत्पीड़न के खिलाफ शी-बॉक्स पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकेंगी महिलाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए प्रभावी कदम उठाए हैं।

केंद्र के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही योगी सरकार ने शी-बॉक्स पोर्टल के माध्यम से शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत किया है, ताकि प्रदेश की हर कामकाजी महिला सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल में काम कर सके। सीएम योगी के निर्देश पर सभी सरकारी और निजी संस्थानों में आंतरिक समिति के गठन को अनिवार्य किया गया है, जिसके तहत अब तक 84 विभागों ने समिति बनाकर इसकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी है। सूत्रों नेबताया कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में यह व्यवस्था लागू हो। जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक समिति का गठन अनिवार्य है, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य होंगी और समिति की अध्यक्ष भी महिला ही होगी। यह सुविधा न केवल सरकारी बल्कि निजी क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के लिए भी उपलब्ध है। विशेष बात यह है कि यह प्लेटफॉर्म छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को भी आवाज उठाने का एक गोपनीय और सशक्त माध्यम बनेगा।






# पहलगाम के बाद घटनाक्रम चिंतनीय

### कश्मीर में अभी सामान्य स्थिति हासिल नहीं हुई: हुसैनी

**नई दिल्ली, वार्ता**



**जमात**-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद घटित घटनाओं पर चिता व्यक्त की।

श्री हुसैनी ने यहां स्थित जमात के मुख्यालय में मासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए 22 अप्रैल 2025 को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की फिर से निंदा की। उन्होंने कहा कि हम एक बार फिर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में हुई दुखद जान-माल की हानि पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों तथा उनके शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। यह पूरी तरह से अमानवीय है और इसकी पूर्ण एवं स्पष्ट निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमले और निर्दोष लोगों के मारे जाने से पता चलता है कि सुरक्षा व्यवस्था अभी भी पर्याप्त नहीं है और क्षेत्र में भारी सैन्य उपस्थिति के बावजूद, नीतिगत खामियां मौजूद हैं, जो निर्दोष नागरिकों के जीवन को असुरक्षित बनाती हैं। हम चाहते हैं कि पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए, सुरक्षा संबंधी चूकों की उचित जांच की जाए तथा अधिक मजबूत व्यवस्थाएं स्थापित की जाए। कश्मीर की स्थिति के बारे में बात करते हुए जमीअत अध्यक्ष ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और कड़े सुरक्षा उपायों की विस्तारित अवधि के बाद सरकार ने जोर देकर कहा कि कश्मीर में आतंकवाद पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया गया है। हालांकि, पहलगाम की दुखद घटना से संकेत मिलता है कि कश्मीर में सामान्य स्थिति हासिल नहीं हुई है। कड़ी निगरानी और सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त उपस्थिति के बावजूद ऐसी घटना ऐसे क्षेत्र में कैसे घटित हो सकती है? हम कश्मीरी लोगों की उल्लेखनीय बहादुरी और आतिथ्य दिखाने के लिए सराहना करते हैं। अध्यक्ष ने कहा कि हम मीडिया के एक वर्ग और कुछ राजनेताओं द्वारा राजनीतिक और वैचारिक हितों को साधने के प्रयासों की कड़ी निदा करते हैं। जिस प्रकार का इस्लामोफोबिक आख्यान फैलाया जा रहा था, फर्जी खबरों का प्रसार किया जा रहा था।

## सीबीआई ने बाल यौन उत्पीड़न का किया भंडाफोड़

**कोलकाता।** सीबीआई ने भारत के विभिन्न हिस्सों में ऑनलाइन बाल यौन शोषण से जुड़े एक ऐसे साइबर अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जिसके तार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जुड़े हुए हैं।

सीबीआई को अमेरिका से सूचना प्राप्त हुई थी। मार्च 2024 में, मंगलुरु निवासी आरोपी अहमद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'डिस्कॉड' के माध्यम से हेइजेनबर्ग7343 के नाम से काम किया और एक अमेरिकी नाबालिग लड़की के साथ ऑनलाइन बातचीत की। सीबीआई ने कहा कि चैट के दौरान आरोपी ने नाबालिग लड़की को उसके साथ कामुक चैट करने के लिए उकसाया और उसने लड़की से उसकी अश्लील तस्वीरें साझा करने के लिए भी कहा। आरोपी ने अश्लील यौन गतिविधियों में शामिल होने के लिए भी धमकाया।

# हमें दिनचर्या प्रबंधन व योजना बनाने की जरूरत: पटेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**राजभवन में बीएमआई स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन होम्योपैथी का बखान किया**

**लखनऊ।** यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में शनिवार को राजभवन के गांधी सभागार में राजभवन के अधिकारियों व कार्मिकों के लिए बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संयमित जीवन शैली को बढ़ावा देना था। श्रीमती पटेल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के महत्व और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को बुरी आदतें छोड़ने, दिनचर्या में अनुशासन लाने तथा शरीर की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को समझने की सलाह दी। उन्होंनं कहा कि हमें हमारी दिनचर्या के प्रबंधन व योजना बनाए जाने की जरूरत है। प्रत्येक व्यक्ति का शरीर अलग होता है, इसलिए स्वस्थ रहने के उपाय भी व्यक्तिगत होने चाहिए। उन्होंने कहा कि वजन नियंत्रित करने के लिए आत्मनिरीक्षण जरूरी है। कार्यशाला में महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए राज्यपाल ने प्रात: पांच बजे उठकर सैर करने, धीरे-धीरे भोजन की मात्रा कम करने, और रोटी के साथ अधिक सब्जी खाने की सलाह दी। उन्होंने रोटी को चबा-चबाकर खाने, कम नमक का उपयोग, दूध पीने व चाय से परहेज की भी सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि सुबह का नाश्ता राजा की तरह, दोपहर का भोजन राजकुमार की तरह और रात का खाना भिखारी की तरह करना चाहिए। उन्होंने योग और प्राणायाम जैसे अनुलोम-विलोम और कपालभाति को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने मानसिक प्रसन्नता, नियमित टहलने, अच्छी नींद और संतोषप्रद कार्यो को जीवन शैली का भाग बनाने की प्रेरणा दी। राज्यपाल ने सभी को संयमित जीवन जीने और स्व-नियंत्रण द्वारा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने मन को प्रेरित करने की भी आवश्यकता बताई। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उनकी आदतें वर्तमान समय की विकसित नहीं है, बल्कि स्कूली दिनों से ही बनी हुई है।उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने अंदर की कमियों को सुधारने के हिसाब से कार्य करना चाहिए। श्रीमती पटेल ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया की कोई भी कार्य आत्मविश्वास व श्रद्धा से करते रहना चाहिए। उन्होंने सभी के स्वस्थ होने की कामना की तथा होम्योपैथी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति वर्तमान समय में काफी लाभदायक है। राज्यपाल ने संयमित जीवन जीने की सलाह दी और उन्होंने कहा कि संयमित जीवन नियमित व्यायाम तथा स्वयं पर नियंत्रण से आता है। कार्यशाला के दौरान केजीएमयू से डा. अर्चना गिल्डियाल, डा. शालिनी श्रीवास्तव, एवं डा. दिलीप वर्मा ने विशेष सत्रों में सहभागिता की। डा. अर्चना ने शरीर की फिटनेस बनाए रखने के लिए बॉडी कंपोजिशन, व्यायाम, तथा एक्सरसाइज की विषयों पर जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेस की आजादी में भारत की रैंकिग चिंताजनक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि विश्व के 180 देशों में हुए सर्वेक्षण में प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिग 161वीं है, जो साबित करता है कि भारतीय जनता पार्टी शासन में प्रेस की आजादी पर लगातार हमले हो रहा है। कांग्रेस ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर अपने आधिकारिक 'एक्स' पेज पर एक पोस्ट में शनिवार को कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस ऐसे हर निडर पत्रकार के साथ खड़ी है जो धमकी और सच को दबाने के खिलाफ लड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की गिरती रैंकिग भाजपा शासन के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खतरनाक क्षरण को दर्शाती है। इसके साथी पार्टी ने एक अखबार में प्रकशित सर्वेक्षण की तालिका भी पोस्ट की है, जिसमें कहा गया है की 180 देशों में हुए सर्वेक्षण में भारत का पिछले साल 161वां स्थान रहा है।

### महिला और उसकी तीन नाबालिग बेटियां मिली फंदे से लटकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी में शनिवार सुबह एक महिला और उसकी तीन नाबालिग बेटियों के शव फंदे से लटके मिले। पुलिस ने यहां बताया कि घटना भिवंडी के तीनगांव कामतघर में हुई। महिला की पहचान किनिसा लालजी द्ध30ऋ के रूप में हुई है। उसकी तीन बेटियों की उम्र क्रमश: 13, 11 और आठ साल बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक महिला के पति जब रात की डयूटी से घर आया तो उसने सुबह चारों के शव को छत के पंखे से लटका पाया।

### मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर किया

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के शोभा थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगलों में शनिवार को तलाशी ऑपरेशन के दौरान जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। पुलिस ने बताया कि जवानों की ओर से की गई गोलीबारी को देख अन्य नक्सली फरार हो गए। मौके से एसएलआर हथियार समेत कई जरूरी सामान बरामद किया गया है। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्रवाई तलाश अभियान के दौरान हुई।

### मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को दिए विशेष निर्देश

# अविवादित वरासत केस 15 दिन में निपटाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**खतौनी, किसान रजिस्ट्री और खसरा पड़ताल से जुड़े सभी लंबित प्रकरण तय समय सीमा में सुलझाएं**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि अविवादित वरासत के मामलों का निस्तारण अधिकतम 15 कार्यदिवस के भीतर किया जाए।

राजस्व विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में शनिवार को मुख्यमंत्री ने दो महत्वपूर्ण बिदुओं राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण और भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि इन कार्यों को प्रत्येक स्तर पर तीव्र गति से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों का शीघ्र समाधान न केवल जनविश्वास, बल्कि राज्य में निवेश और विकास के लिए भी आवश्यक है, वहीं लैंड रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त और उत्तरदाई शासन प्रणाली की नींव है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शेष भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण शीघ्र पूर्ण किया जाए और शहरी क्षेत्रों का लैंड रिकॉर्ड तैयार कर उसे प्राथमिकता से ऑनलाइन पोर्टल पर सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने राजस्व परिषद के पोर्टल की रीडिजाइनिग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल और परिणाममूलक होना चाहिए। साथ ही लेखपाल से लेकर आयुक्त स्तर तक एकीकृत डैशबोर्ड विकसित करने का निर्देश दिया, ताकि विभागीय निगरानी सरल हो सके और आमजन को सीधा लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्राधिकरणों के लैंडयूज डेटा को खतौनी पर प्रदर्शित किया जाए और धारा 80 के अंतर्गत भू-उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया जाए।

नामांतरण वादों को पूर्णतः ऑटोमेट किए जाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे नागरिकों को सुगमता और समयबद्ध न्याय प्राप्त होगा। उन्होंने चकबंदी प्रक्रिया में तकनीकी हस्तक्षेप और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, साथ ही सावधान किया कि चकबंदी की जटिलताओं के कारण गंभीर सामा. जिक विवाद जन्म ले सकते हैं, अत: इसे अत्यंत संवेदनशीलता से निपटाया जाए। योगी ने यह भी स्पष्ट किया कि रियल टाइम खतौनी, आधार सीडिंग, किसान रजिस्ट्री, पैमाइश और खसरा पड़ताल से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का समाधान तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके लिए आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त मानव संसाधन की व्यवस्था की जाए। विभाग द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, विगत वर्ष में ही 36 लाख से अधिक जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र निर्गत किए गए, जिनमें से 85 प्रतिशत आवेदन सात कार्यदिवसों के भीतर ऑनलाइन निस्तारित हुए। मुख्यमंत्री ने इस प्रगति को सराहनीय बताया और सेवा वितरण को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाए जाने के निर्देश दिए। प्राकृतिक आपदा की स्थिति में त्वरित सहायता के लिए मुख्यमंत्री ने विभाग की सराहना करते हुए बताया कि वर्ष 2023-24 में 3-5 लाख से अधिक प्रभावित परिवारों को डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। उन्होंने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के सभी लंबित आवेदन अगले 10 कार्यदिवसों में पूर्ण रूप से निस्तारित किए जाएं।

### विकास प्राधिकरणों में भवन मानचित्रों के लंबित मामलों का हो त्वरित निस्तारण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास प्राधिकरणों में लंबित भवन मानचित्रों के प्रकरणों की समीक्षा के निर्देश देते हुए कहा कि जिस भी प्राधिकरण में मानचित्र से जुड़े मामलों में बार-बार आपत्तियां लगाया जाना अनुचित हैं, इसे सरल रूप देते हुए एक ही बार में निस्तारित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि ऐसे जो भी प्रकरण लंबित हैं, एक समय सीमा तय करते हुए उनका निस्तारण कर दिया जाए। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि नगरों में जीआईएस बेस्ड मास्टर प्लान अब तक अप्रूव नहीं हुआ है, उसे वर्तमान माह की समाप्ति से पहले अनुमोदित करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय कार्ययोजना का आकलन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी नियोजन, आवासीय सुरक्षा, अधोसंरचना विकास एवं डिजिटल प्रबंधन जैसे सभी घटकों को एकीकृत दृष्टिकोण से लागू करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि कानपुर मेट्रो के मोतीझील से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक 6-7 किमी- लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन का निर्माण पूर्ण हो गया है। कॉरीडोर 1 और 2 का कार्य इस वर्ष के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर को भी दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है, जबकि द्वितीय कॉरिडोर का कार्य 2026 तक निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में लखनऊ मेट्रो परियोजना के अंतर्गत चारबाग से बसंतकुंज तक (11-165 किमी) प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है।

# यूपी सरकार का आउटसोर्स कर्मियों को बड़ा तोहफा

### आउटसोर्स सेवा निगम का गठन जल्द

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ईएसआई अस्पतालों में मुफ्त होगा इलाज, ईपीएफ की सुविधा, पेंशन और मेडिकल लीव की सुविधा भी मिलेगी कर्मचारियों ने फैसले का किया स्वागत**

**लखनऊ।** यूपी सरकार जल्द ही राज्य में आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। इस निगम के तहत कर्मचारियों को वेतन, अवकाश और सभी लाभ नियमबद्ध तरीके से मिलेंगे। आउटसोर्स कर्मचारियों को ईएसआई, ईपीएफ और मेडिकल लीव के साथ ही 180 दिन की मैटरनिटी लीव और पेंशन सुविधा भी मिलेगी।

यूपी में सरकारी कर्मचारियों की तरह अब आउटसोर्स कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा। सरकार के फैसले से आउटसोर्स कर्मचारियों कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है। इसके लिए सरकार आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। पिछले कुछ समय से ईएसआई और ईपीएफ की सुविधाओं का लाभ मिलने में समस्या आ रही थी। ऐसे में निगम का गठन होने से इन तमाम समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। निगम का गठन गैर लाभकारी संस्था के तौर पर किया जाएगा। इसके गठन से आउटसोर्स कर्मचारियों मे पर खर्च हो रहे पैसे पर 22.5 फीसदी की कमी आएगी। साथ ही कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा। अभी तक सरकार को इन कर्मचारियों के लिए कमीशन और जीएसटी का भुगतान करना पड़ता था। आउटसोर्स कर्मचारियों को कई बार ईपीएफ और ईएसआई की सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता था। ऐसे में निगम का गठन होने से इन तमाम समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। आउटसोर्स कर्मचारियों को 180 दिन की मैटरनिटी लीव से लेकर ईएसआई अस्पतालों में मुफ्त इलाज, सेवा अवधि पूरी होने पर पेंशन की सुविधा और आकस्मिक अवकाश जैसी सुविधाएं आसानी से मिल सकेंगी। सरकार के आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के फैसले पर आउटसोर्स कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है। कर्मचारियों को कहना है कि सरकार के इस फैसले से करोडों कर्मचारियों को आसानी से लाभ मिल सकेगा, कई बार मेडिकल लाभ और आकस्मिक अवकाश के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता था।

## अर्थ व्यापार

# एसबीआई का मुनाफा 10 प्रतिशत घटा

**मुंबई, वार्ता**



**चौथी तिमाही में 18643 करोड़ का लाभ**

**देश** के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में 18643 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 20698 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 9-93 प्रतिशत कम है।

बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद शनिवार को यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसने 70901 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 61077 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 16-08 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 42775 करोड़ रुपये रही है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही की 41655 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 2-69 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में उसकी शुद्ध ब्याज आय 166965 करोड़ रुपये रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की 159876 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 4-43 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा कि चौथी तिमाही में नुकसान की भरपाई के लिए 3964 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में किए गए 3294 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में 20-35 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में बैंक ने इस मद में 14418 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जो पिछले वित्त वर्ष में किए गए 9518 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में 51-49 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में उसका सकल एनपीए 42 आधार अंक कम होकर 1-82 प्रतिशत पर आ गई और इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 10 आधार अंकों की कमी के साथ 0-47 प्रतिशत पर रही।

## भारत सरकार के निर्णय का कैट ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** खुदरा व्यापारियों के शीर्ष संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भारत सरकार की ओर से पाकिस्तान से निर्यातित या पाकिस्तान में उत्पन्न किसी भी वस्तु के प्रत्यक्ष या परोक्ष आयात और परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के साहसी और निर्णायक कदम का हार्दिक स्वागत किया है।

संगठन ने कहा कि यह निर्णय एक सशक्त और स्पष्ट संदेश देता है कि पाकिस्तान की ओर से निरंतर शत्रुतापूर्ण गतिविधियों और भारत विरोधी रुख के बीच व्यापारिक एवं आर्थिक संबंध नहीं बनाए जा सकते। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने एक बयान में कहा कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप है।

# उठाव कमजोर रहने से जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



**स्थानीय** स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सोया रिफाइंड, पॉम आयल, सरसों तेल, मूंगफली तेल, वनस्पति तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दरार गहराई..**

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ उठाए जा रहे कदमों के अंतर्गत शनिवार को आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान के ध्वज वाले जहाजों को भारत में किसी भी बंदरगाह में प्रवेश पर रोक लगाने के निर्णय की घोषणा की।

यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। सरकार की ओर से शनिवार को जारी एक आधिकारिक निर्देश के अनुसार, पाकिस्तान के झंडे वाले किसी भी जहाज को भारतीय बंदरगाहों पर जाने से रोक दिया गया है, जबकि भारतीय झंडे वाले जहाजों को भी पाकिस्तान के बंदरगाहों पर ठहरने से रोक दिया गया है।

सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि यह आदेश 'सार्वजनिक हित में और भारतीय जहाजरानी के हित में भारतीय संपत्तियों, कार्गो और संबंधित बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए' लागू किया गया है। यह निर्देश तुरंत प्रभावी हो गया है और अगली सूचना तक लागू रहेगा। जबकि सरकार ने पाकिस्तान से आने वाले सभी तरह के पत्राचार और पार्सल सेवाएं को स्थगित कर दिया है।

संचार मंत्रालय के डाक विभाग ने इस संबंध में आम लोगों के लिए एक नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने पाकिस्तान से आने वाले सभी तरह के पत्राचार और पार्सल सेवाओं को स्थगित कर दिया है। इसमें वायु मार्ग भी शामिल है।

**टिकैत से...** हरेंद्र मलिक भी पहुंचे। किसानों में भारी आक्रोश था। मंच से लगातार वक्ता कह रहे थे कि यह श्री टिकैत पर नहीं पूरी किसान बिरादरी पर हमला है। वक्ताओं का कहना था कि जन आक्रोश रैली में जो अभद्र व्यवहार श्री टिकैत के साथ हुआ वह सोची समझी साजिश का हिस्सा है। प्रशासन इसकी जांच कराए। जीआईसी मैदान में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे तथा किसानों के लिए लंगर की व्यवस्था भी थी। सभी एक स्वर में कह रहे थे कि श्री टिकैत के साथ जो अभद्र व्यवहार हुआ है उसका बदला लिया जाएगा।

**रोका जा सकता...**

गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में आग लगा दी गई थी, जिससे अयोध्या से लौट रहे कारसेवकों सहित 59 यात्रियों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गुजरात में सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे और दो महीने तक जारी रहे। ड्यूटी में लापरवाही के कारण 9 पुलिस कर्मियों को एक मार्च 2002 को सस्पेंड कर दिया गया था। सके बाद उनके खिलाफ विभागीय जांच की गई और नवम्बर 2005 में उन्हें नौकरी से हटा दिया गया। उन्होंने इसके खिलाफ अपील की, लेकिन लोकल कोर्ट ने अपील खारिज कर दी।

इस पर इन्होंने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। याचिका लगाने वाले इन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी साब. रमती एक्सप्रेस ट्रेन में थी। गुलाबसिंह झाला, खुमानसिंह राठौड़, नाथाभाई डाभी, विनोदभाई बिजलभाई, जबीर हुसैन शेख, रसिकभाई परमार, किशोरभाई परमार, किशोरभाई पाटनी और पुनाभाई बारिया।

# पहलगाम टिप्पणी को लेकर महबूबा ने फारूख अबदुल्ला की आलोचना की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को एक राजनीतिक विवाद तब खड़ा हो गया जब पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला पर पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर कश्मीरियों पर कथित आरोप लगाने वाले चिता. जनक बयान देने का आरोप लगाया।

नेकां ने पलटवार करते हुए कहा कि डॉ. अब्दुल्ला ने स्थानीय लोगों को दोष नहीं दिया और सुश्री मुफ्ती के बयान को चौंकाने वाला बताया। विवाद तब शुरू हुआ जब सुश्री मुफ्ती ने 'एक्स' पर डा.अब्दुल्ला के कथित बयान को लेकर उनकी आलोचना की। सुश्री मुफ्ती ने कहा कि डा. अब्दुल्ला का बयान, जिसमें कश्म. ीरियों को पहलगाम हमले से जोड़ा गया, बेहद चिताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसा बयान नफरत फैलाने वाले नैरेटिव को बढ़ावा देता है, कश्मीरियों और मुस्लिमों को बदनाम करने का जरिया बनता है, खासकर जब बाहर पढ़ रहे छात्र और व्यापारी पहले से ही हमलों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीरी नेताओं को पहलगाम आतंकवाद हमले के शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने लोगों से मुसलमानों और कश्मीरियों के खिलाफ भड़कने से बचने की अपील की थी। सादिक ने कहा कि यह हैरानी की बात है कि सीएम रह चुका कोई इंसान इतना नीचे गिर सकता है। डा.अब्दुल्ला ने अपने बयान में कहीं भी 'कश्मीरी' या 'स्थानीय लोगों' का जिक्र नहीं किया।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को स्वतंत्र कराएं: शिवसेना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर शिवसेना (यूबीट) के अध्यक्ष मनीष साहनी ने कहा है कि पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाकर ही राज्य में शांति बहाली और आतंकवाद का खात्मा संभव हो सकता है। श्री साहनी ने शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह भी मांग की कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर द्धपीओके ऋको मुक्त कराकर जम्मू-कश्मीर का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्सिधु जल संधि का पानी रोके जाने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारत पर हमले की धमकियां दी जा रही हैं। संघर्ष विराम समझौते का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है और इसीलिए बिना समय गंवाए भारत सरकार को पाकिस्तान की धमकियों के खिलाफ कड़ी जवाबी कार्रवाई करनी होगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पगड़ी की लाज बचाने को रणसिंघे की गूंज के बीच आक्रोश

## पंचायती मंच से ऐलान-हम पर देशद्रोही का दाग ना लगाओ, गद्दारी का लेबिल नहीं होगा बर्दाश्त

■ किसान मजदूर सम्मान बचाओ महापंचायत में जुटे किसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** कश्मीर घाटी के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में संयुक्त हिन्दू मोर्चा की जन आक्रोश रैली के दौरान को टाउनहाल मैदान में भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत के साथ हुए अभद्र व्यवहार और हमले के प्रयास के साथ ही उनकी पगड़ी उछालने के मामले ने देश भर के किसानों में उबाल ला दिया है।

शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में भाकियू की किसान मजदूर सम्मान बचाओ महापंचायत में भारी सैलाब उमड़ा नजर आया, वहीं 36 बिरादरियों के खाप चौधरी और करण सांसद इकरा हसन, मुजफ्फरनगर सांसद हरेंद्र मलिक सहित सपा और रालोद के बड़े नेताओं ने भी यहां पहुंचकर पूरा समर्थन दिया। महापंचायत में सत्ताधारी नेताओं के साथ ही जन आक्रोश रैली के आयोजकों के खिलाफ जमकर बयानबाजी की। इस दौरान भारी जनसैलाब के बीच सपा और रालोद नेताओं ने राकेश टिकैत को पगड़ी पहनाकर इसे किसान और मजदूरों का सम्मान बताते हुए इसकी लाज रखने का आह्वान किया।

भारतीय किसान यूनियन के मुखिया चौधरी नरेश टिकैत द्वारा बुलाई गई महापंचायत में शामिल होने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, दिल्ली राज्य के विभिन्न जिलों से भाकियू कार्यकर्ता सवेरे से ही ट्रैक्टर ट्रॉलियों में सवार होकर पहुंचने लगे थे।

इस कारण शहरी यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई थी।

महापंचायत में खाप चौधरियों के अलावा सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, सपा नेता राकेश शर्मा, प्रमोद त्यागी, खतौली विधायक मदन भैया, भाकियू के जिलाध्यक्ष नवीन राठी, महानगर अध्यक्ष गुलबहार राव, पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारूकी, भाकियू युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गौरव टिकैत सहित किसान नेता मौजूद रहे और उन्होने राकेश टिकैत के साथ हुई घटना की निंदा करते हुए साफ कहा कि यह एक बड़ी साजिश थी। गरीबों व किसानों की आवाज दबाने वाले सत्तासीन नेताओं की साजिश से यह काम हुआ है, लेकिन भाकियू ऐसी हरकतों से दबने वाली नहीं है। जिसका मुकाबला करने के लिए किसान हर वक्त तैयार है।



मुजफ्फरनगर : किसान मजदूर सम्मान बचाओ पंचायत में उमड़े किसान व मंच से अभिवादन करते राकेश टिकैत।

# महापंचायत में राकेश टिकैत की तबीयत बिगड़ने से हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** जीआईसी ग्राउंड में हुई किसान महापंचायत के दौरान भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की तबीयत बिगड गई। महापंचायत के दौरान वह मंच के पीछे जाकर अचानक जमीन पर बैठ गए वहीं, तबीयत बिगडने पर प्रशासन ने सरकारी चिकित्सक को भी बुलाया। सीएमओ डॉ. सुनील कुमार तेवतिया भी चिकित्सकों की टीम के साथ महापंचायत स्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक राकेश टिकैत वहां से निकल गए। सीएमओ डॉ. सुनील कुमार तेवतिया ने बताया कि उन्होंने राकेश टिकैत की तबीयत खराब होने पर चिकित्सक से उनकों परामर्श दिलाया। सीएमओ ने बताया कि उनका बीपी बढ़ गया था।

### पैदल मार्च में नहीं हुए शामिल, कहां मैं जाऊंगा अस्पताल

जीआईसी में चल रही महापंचायत में पहुंचे राकेश टिकैत मंच पर करीब दो घंटे लगातार तेज धूंप में बैठे रहे। इस कारण उनकी तबीयत बिगड गई। मंच में पीछे बैठने के बाद उन्हें पानी पिलाया गया, लेकिन महापंचायत खत्म होने के दौरान वह मंच पर चढे और कार्यकर्ताओं व किसानों को कहा कि उनकी तबीयत खराब हो गई है। बीपी कल से ही बढा हुआ है। इसलिए मुझे अस्पताल जाना होगा। आप सभी शांतिपूर्वक टाउनहाल तक पैदल मार्च में शामिल होकर वहीं ज्ञापन देंगे।



## शहर में बंद रही शराब की दुकानें

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू की महापंचायत में उमड़ी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने शराब की दुकानों को बंद करा दिया था।

दरअसल टाउनहाल मे जनाक्रोश रैली के दौरान राकेश टिकैत से धक्का-मुक्की होने के बाद आरोप लगा था कि इसमें शामिल कुछ लोगों ने शराब का सेवन किया हुआ था। जिन लोगों ने उनके साथ अभद्रता की वह शराब के नशे में थे। शनिवार को भाकियू की महापंचायत में उमड़ी भीड़ को देखते हुए डीएम उमेश मिश्रा ने शराब की दुकानों को बंद कराने के आदेश दिए थे। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने बताया कि डीएम के आदेश पर बीयर और शराब की दुकाने बंद रखी गई।

## जहां हुआ अपमान वहीं पहुंचकर रखा मौन, गाया राष्ट्रगान

■ जीआईसी मैदान से टाउनहाल के मैदान तक पैदल पहुंचे किसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** जनाक्रोश रैली के दौरान राकेश टिकैत के साथ हुई धक्का-मुक्की और पगड़ी गिरने के मामले में सिसौली के बाजार भी बंद रहे। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार होकर किसान जीआईसी मैदान पहुंचे और भाकियू नेता के साथ हुई अभद्रता पर आक्रोश जताया। इसके बाद भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के ऐलान के बाद किसानों का काफिला टाउनहाल के लिए निकल पड़ा। रास्ते में युवाओं ने संगठन के समर्थन और भाकियू प्रवक्ता के साथ हुई अभद्रता पर भी बढ़ास निकालते हुए आरोपियो के खिलाफ नारेबाजी की। टाउनहाल मैदान में एकत्रित हुए लोगों ने पहले पहुंचकर ही मंच कब्जा लिया था बाद में चौधरी नरेश टिकैत व गौरव टिकैत यहां पहुंचे तो भीड़ उन्हे बाजार सड़क पर ले आई जिसके बाद सड़क के बीच में खड़े होकर ही नरेश टिकैत व अन्य भाकियू नेताओं ने राष्ट्रगान के साथ अपमान का बदला लेने के लिए कहा कि उन्हे किसी मुकदमें व कानूनी कार्यवाही की जरूरत नहीं है। वह शांत तरीके से अपमान का बदला लेना जानते है।

## उमड़ा किसानों का रेला, मैदान पर भण्डारा

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू नेता के साथ हुई अभद्रता के विरोध में जीआईसी मैदान में बुलाई गई पंचायत में सवेरे से ही किसान अपने बर्तन-भांड़े लेकर पहुंचे इसके साथ ही कई अन्य पदाधिकारी भी भोजन लेकर यहां आये।

जीआईसी मैदान पर ही किसानों ने अपनी भट्‌टी चढ़ा दी थी और खाना बनाना शुरू कर दिया था। यहां पर दोपहर के समय आने वाले किसानों और ग्रामीणों के लिए संगठन के द्वारा भण्डार किया गया। दाल चावल खिलाये गये। मैदान पर ही पंगत में बैठकर किसानों ने भोजन किया और आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए मैदान पर ही डटने की बात कही।

## पार्लियामेंट व एसेंबली में भी उठाया जाएगा अपमान का मुद्दा: हरेन्द्र मलिक

■ घिनौना काम करने वालों को चिन्हित करना जरूरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** किसान मजदूर सम्मान बचाव महापंचायत में सपा सांसद हरेन्द्र मलिक ने कहा कि पहलगाम हमले पर सभी भारतवासी एक साथ आतंकवाद के खिलाफ है, लेकिन जनाक्रोश रैली में आतंकियों की निंदा करने के लिए पहुंचे चौधरी राकेश टिकैत के साथ अभद्रता भी किसी निंदा से कम नहीं है। उन्होने कहा कि किसानों व गरीबों-मजदूरों की आवाज उठाने वाले बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत के बाद यह जिम्मेदारी चौधरी नरेश टिकैत व राकेश टिकैत के कंधो पर आई और वह गरीबों व किसानों की आवाज उठा रहे है, लेकिन जो कुछ उनके साथ हुआ उससे सभी लोग दुखी है उन्होने पुलिस प्रशासन पर भी तीखा प्रहार करते हुए कहा कि अक्सर फर्जी मुकदमों के आधार पर लोगों को जेल भेजने वाली पुलिस अभी तक भी ऐसा घिनोना काम करने वालों को चिन्हित नहीं कर पाई है। उन्होने कहा कि इस मामले को वह लोकसभा में उठाएगे और अन्य नेताओं के माध्यम से विधानसभा तक भी इस मुद्दे को पहुंचाएगे।

## टिकैत की नहीं भाईचारे की उछली पगड़ी: अतुल



**मुजफ्फरनगर।** किसान मजदूर सम्मान बचाओ महापंचायत में सरधना से सपा विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि यह पगड़ी सिर्फ राकेश टिकैत की नहीं है, यह पगड़ी किसानों की है। भाईचारे की पगड़ी है और इसको सरेआम उछाला गया है, इसका समर्थन नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम टिकैत की ढाल बनकर खड़े होंगे। उन्होंने कहा कि अपमान करने वाले लकीर खींच लें और अब आर पार के मुकाबले के लिए तैयार रहें।

## आतंकियों का इलाज जरूरी: राजपाल



**मुजफ्फरनगर।** महापंचायत में सरेआम इकरा हसन के बयान का समर्थन करते हुए रालोद विधायक राजपाल बालियान ने भी कहा कि राकेश टिकैत पर हमला करने वाले पक्के आतंकी हैं और आतंकवादी कोई भी हो और पहलगाम में हो या टाउनहाल में उनका इलाज होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आतंकियों ने निर्दोषों का खून बहाया है सरकार को इसके लिए ठोस कार्यवाही करनी चाहिए।

## राकेश टिकैत को पगड़ी बांधकर आंदोलन का ऐलान

■ पंजाब, दिल्ली व पश्चिम यूपी के किसान हुए शामिल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** जीआईसी के ऐतिहासिक मैदान आयोजित महापंचायत में खाप चौधरियो के बीच सपा महासचिव व सांसद हरेन्द्र मलिक, रालोद विधानमंडल दल के नेता विधायक राजपाल बालियान, खतौली विधायक मदन भैया और सरधना से सपा विधायक अतुल प्रधान ने किसानों के सम्मान में राकेश टिकैत को पगड़ी भेंट की। किसानों का हाथ लगवाकर अतुल प्रधान ने राकेश टिकैत को बड़ी पगड़ी बाँधी। उन्होंने इसे किसान और मजदूरों की पगड़ी बताते हुए कहा कि इसकी लाज रखना आप सभी की जिम्मेदारी है। बाद में यहां से सैलाब के रूप में हजारों किसान नरेश टिकैत के नेतृत्व में टाउनहाल मैदान पहुंचे और घटना को लेकर रोष व्यक्त करते हुए प्रदर्शन के बाद एक ज्ञापन सौंपा गया। चेतावनी दी गई कि आरोपियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो इससे भी बड़ा आंदोलन किया जायेगा। यहां मेरठ, बागपत, दिल्ली, सहारनपुर, शामली, नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़ और बिजनौर के किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर पहुंचे जिस कारण शहर में सवेरे से ही यातायात बाधित रहा।

# जनाक्रोश रैली में पगड़ी गिराने वाला सौरभ गिरफ्तार

## जिलाध्यक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** जन आक्रोश रैली में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की हूटिंग और पगडी गिरने के मामले में पुलिस ने आरोपितों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। भाकियू के जिलाध्यक्ष नवीन राठी की तहरीर पर पुलिस ने 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने पगडी गिराने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसका शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। बाकी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी पहचान शुरू कर दी है।

शुक्रवार को टाउन हाल में आयोजित जनाक्रोश रैली के दौरान भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का विरोध हुआ था। रैली में युवाओं ने हूटिंग करते हुए टिकैत को घेर लिया था। इस दौरान धक्का-मुक्की होने के कारण राकेश टिकैत की पगडी गिर गई थी। युवाओं के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राकेश टिकैट को निकाल कर भेज दिया था, लेकिन राकेश टिकैत की पगडी के सम्मान में किसान संगठन लामबंद हो गए थे और पगडी का सम्मान बचाओ पंचायत को शुक्रवार रात को एलान किया गया था। शनिवार को पंचायत शुरू हुई तो पुलिस ने भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी की तहरीर पर 20-25 अज्ञात आरोपितों के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया था।

पुलिस ने आनन-फानन में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान कर ली थी, जिसके पकडने का टास्क खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान को दिया गया।

### बोला आरोपी- भीड़ में हाथ लगने से गिरी पगड़ी

**मुजफ्फरनगर।** खालापार पुलिस ने ताबडतोड दबिश देकर पगड़ी गिराने वाले आरोपित सौरभ वर्मा निवासी दक्षिणी कृष्णापुरी को हिरासत में लेकर नगर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस पूछताछ में सौरभ वर्मा ने बताया, रैली में धक्का मुक्की के दौरान उसका हाथ लगने से राकेश टिकैत की पगडी उतर गई, जिसे बाद में उसने पहना दिया था। उसका कोई कसूर नहीं है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया, किसान नेता राकेश टिकैत से हुई धक्का-मुक्की के मामले में भाकियू जिला अध्यक्ष नवीन राठी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पगडी गिरने के मामले में सौरभ को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसका शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। इसके अलावा सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अन्य आरोपितों की पहचान की जा रही है। उन पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उधर, नगर कोतवाल उमेश रोरिया ने बताया, सौरभ का किसी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है। उसके बडा भाई गौरव वर्मा भाकियू से जुडा हुआ है।

## जिन लोगों ने यह काम किया वे आतंकियों से कम नहीं : इकरा हसन



**मुजफ्फरनगर।** कैराना लोकसभा सीट से सपा सांसद इकरा हसन ने मंच से बेबाक लहजे में कहा कि भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता किसानो और गरीबों का नेतृत्व करने वाले बाबा राकेश टिकैत पर हमला करने वाले भी किसी आतंकवादियों से कम नहीं हैं। कल की घटना बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में देश का हर व्यक्ति खिलाफ है और राष्ट्रहित में एक साथ खडा है, आक्रोश रैली में कोई जाता है तो समर्थन करने जाता है। राकेश टिकैत ने अपने लिए काम नहीं किया बल्कि दूसरों के हक की लड़ाई लड़ी। वह हर जगह सबसे पहले पहुंचते हैं। ऐसे में उनका इस तरह से अपमान जनता और किसान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# ध्यान भटकाने के लिए किया खेल

■ राकेश टिकैत द्वारा बुलाई गई पंचायत पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** बैठक में मौजूद हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पवार ने कहा सभी संगठनों के पदाधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक की, कल हुई जन आक्रोश रैली के लिए सभी का आभार प्रकट करते हैं, कार्यक्रम में राकेश टिकैत के साथ जो हूटिंग हुई उसमें किसी की मंशा ऐसी नहीं थी कि किसी का अपमान किया जाए फिर भी हम खेद प्रकट करते हैं!

विरोध को टिकैत साहब द्वारा प्रायोजित बताने पर नरेंद्र पवार ने कहा कि हम अपने कार्यक्रम में विभिन्न क्यों डालेंगे, लोग तो यह भी कह रहे हैं कि टिकैत बंधुओ ने अपने बयान से ध्यान भटकाने के लिए एक तीर से दो निशाने किये सहानुभूति भी बटोर ली और अपने बयान से ध्यान भी भटका दिया ऐसा लोग कह रहे हैं।





मुजफ्फरनगर : टाउनहाल में पहुंचते ही कुछ युवकों ने किया हंगामा तो भाकियू नेताओं ने रोका।

## डीएम व एसएसपी ने खुद संभाली व्यवस्था

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू की महांपचायत को लेकर पुलिस प्रशासन फूंक फूंककर कदम रखता रहा। जीआईसी मैदान से लेकर टाउनहाल तक पुलिस अधिकारी सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए थे। डीएम उमेश मिश्रा व एसएसपी अभिषेक सिंह ने खुद पैदल घूमकर अधीनस्थ अधिकारियों को सुरक्षा बरतने के निर्देश दिए। टाउनहाल पर एसपी सिटी व एडीएम प्रशासन व एडीएम वित्त एवं राजस्व के साथ सीओ मंडी मौजूद रही।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# रसूलपुर दभेडी के अमन की मौत से मची परिवार में चीख पुकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी निवासी 19 वर्षीय अमन की रहस्यमय तरीके से मौत हो गयी। चर्चा चली कि उसकी मौत जहरीले सर्प के काटने से हुई है तो परिजन उसको झाड़ फूंक करने वालो के यहां पर ले गये तो पता लगा कि अमन की मृत्यु हार्ट अटैक के चलते हो गयी। जिसको लेकर परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में भी शोक व्याप्त हो गया। बुढ़ाना के गांव रसूलपुर दभेडी निवासी फौजी आरिफ का लगभग 19 साल का पुत्र अमनघ् ज्यादातर मेरठ जनपद के गांव नंगला ताशी में ही रहता है। रात में अमन ने दोस्तों



के साथ खाना खाया और अपने पैतृक गांव रसूलपुर दभेडी में आ गया। उसकी मां भी गांव में ही थी। वह अपने घर पर ही सो गया। आज शनिवार की सुबह जब वह नौ बजे तक भी नहीं उठा तो उसे उसकी मां जगाने के लिए आई तो देखा अमन मृत अवस्था में पड़ा है। शरीर में कोई चोट का निशान नहीं तो शोर मच गया कि अमन को किसी जहरीले सर्प ने काट लिया। रोते बिलखते परिजन अमन को लेकर झाड़-फूंक वालों के यहां पहुंचे तो उसने बताया कि अमन की मौत जहरीले सर्प के काटने से नहीं हुई बल्कि अचानक से रात के समय में आए हार्ट अटैक के कारण हुई है। घटना को लेकर गांव में शोक व्याप्त है और परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। शनिवार की देर रात अमन को गांव के ही कब्रिस्तान में सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में नम आंखों से सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

## तहसील खतौली में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**खतौली।** तहसील खतौली में उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्व, पुलिस, विकास आदि विभागों से संबंधित विभिन्न जनशिकायतें प्राप्त हुईं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। उप जिलाधिकारी ने विशेष रूप से महिला अपराधों से संबंधित शिकायतों की प्राथमिकता के आधार पर जांच करने तथा निष्पक्षता सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी खतौली रामाआशीष यादव, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता सहित प्रशासन व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खाटू श्याम के भव्य कीर्तन में झूमे श्रद्धालु

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में शुक्रवार रात्रि को श्री खाटू श्याम जी के दिव्य स्मरण में एक भव्य कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसने समस्त नगर को भक्ति की धारा में सराबोर कर दिया।विशाल कीर्तन समारोह में छप्पन भोग व श्याम रसोई बनी आकर्षण का केंद्र रहा। आयोजन स्थल को भव्य सजावट व सुंदर आलोक व्यवस्था से सजाया गया था। भजन गायकों की सुरमयी प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमते रहे और श्याम नाम के कीर्तन में पूरी रात लीन रहे। बाबा श्याम का गुणगान करते हुए पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। यह आयोजन श्रद्धा, समर्पण और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण बना, जिसमें हर आयु वर्ग के श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बाबा श्याम के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की।नगर में शुक्रवार को एक श्याम लखदाता के नाम से भव्य कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम स्थल को खाटूश्याम बाबा के दरबार के रूप में भव्य रूप से सजाया गया था, जहाँ श्रद्धालु देर रात तक भक्ति भाव में डूबे नज़र आए।

कार्यक्रम की विशेषता बाबा का छप्पन भोग प्रसाद और श्याम रसोई रही, जिसका सभी श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। प्रसिद्ध भजन गायकों ने खाटूश्याम बाबा के सुंदर और मनमो. हक भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु पूरी रात बाबा की भक्ति में झूमते रहे और भावविभोर होकर गुणगान करते रहे। धार्मिक आयोजन की गरिमा उस समय और बढ़ गई जब कार्यक्रम में सीओ रामआशीष, कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा और



इंस्पेक्टर नंदकिशोर शर्मा जैसे वरिष्ठ अधिकारी भी पहुँचे और बाबा का दरबार में शीश नवाया। आयोजकों द्वारा अधिकारियों को पटका पहनाकर ससम्मान स्वागत किया गया। यह धार्मिक कार्यक्रम दीपक गोयल एवं आयुष गोयल के संयोजन में आयोजित किया गया, जिसमें नगरवा. सियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहित बेनीवाल (सदस्य विधान परिषद) तथा कपिल (स्वतंत्र प्रभार मंत्री, कौशल विकास विभाग) विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पूर्व विधायक विक्रम सैनी, एसडीएम मोनालिसा जौहरी, अंकुर सिंघल (राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय व्यापार मंडल), पंकज भटनागर, मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और भी बढ़ा दिया।

# स्कूल बस और ई-रिक्शा की टक्कर में तीन घायल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुढाना मार्ग पर शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब इंग्लिश मीडियम इंटर स्कूल की बस ने एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद स्कूल बस का चालक मौके से फरार हो गया।

हादसे की सूचना मिलने पर स्थानीय मीडिया कर्मी स्कूल में जानकारी लेने पहुँचे, लेकिन स्कूल प्रशासन ने अंदर आने से मना कर दिया और किसी भी प्रकार की जानकारी देने से भी साफ इनकार कर दिया। इससे मीडिया और आमजन में असंतोष की स्थिति पैदा हो गई।

घायल व्यक्तियों राजकुमार पुत्र सुन्नी, कमरूदीन पुत्र कासिम, सीटू पुत्र मांगता निवासी सठेड़ी के परिजनों में भी स्कूल प्रशासन के रवैये को लेकर गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि प्रशासन को जिम्मेदारी लेनी चाहिए, लेकिन वे जवाब देने से बच रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार बस चालक की तलाश जारी है। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि स्कूल प्रशासन और घायलों के बीच समझौता करा दिया गया था।

# सैंकड़ों कार्यकर्ताओं को मुजफ्फरनगर ले गए इसरार

**बुढ़ाना।** बीते दिन मुजफ्फरनगर शहर में आयोजित एक कार्यक्रम मे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के साथ हुए दुर्व्यवहार से दुखी स्थानीय कार्यकर्ता बहुत ही दुखी नजर आए और वे बीते कल शाम ही मुजफ्फरनगर की और कूच करने के मूड में थे मगर जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी आक्रोशित कार्यकर्ताओं को समझाने में सफल रहे और सबको कहा गया कि वे सुबह निकलें तो कार्यकता सुबह ही मुज़फ़्फ़रनगर जाने को तैयार हो गये। सैंकड़ों कार्यकर्ता शनिवार की सुबह भाकियू बुढ़ाना नगर अध्यक्ष मोहम्मद इसरार के नेतृत्व में मुजफ्फरनगर जाने को अपने वाहनों के जरिए नारेबाजी करते गये। कार्यकर्ता खतौली तिराहे पर एकत्रित



हुए।

सब में काफी आक्रोश था। उधर गांव खेड़ी गनी से सैंकड़ों भाकियू कार्यकर्ता अनुज बालियान जिंदाबाद, चौधरी राकेश टिकैत जिंदाबाद, चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत अमर रहे, भाकियू जिंदाबाद के नारे लगाकर गये। मुजफ्फरनगर जाने वालों में मुख्यत अशोक कुमार, आसिफ सलमानी, ब्लाक बुढ़ाना अध्यक्ष सुधीर प्रधान बिटावदा, न्याय पंचायत अध्यक्ष तैमूर अली राणा मंदवाडा, सुहैल, गुलफान, जावेद शमीम सैफी, साहिब अंसारी, अफसरुन, बुढ़ाना नगर पंचायत के सभासद राशिद मंसूरी, विपिन, विकास, यासीन खां, विनय, गुलाम, महताब, साहिल चौधरी, लविश जांगिड, विकेंद्र मलिक, सोना, अब्दुल राजा, रोजुद्दीन अंसारी, हामिद नंगला, बबलू, वाजिद, जमात, अनस सैफी, वाजिद, नासिर त्यागी, शहजाद, अशद सैफी आदि भाकियू कार्यकर्ता थे।

# महिलाओं ने किया सुंदर कांड का पाठ

**शाहपुर।** कस्बे में आज आयोजित भव्य कार्यक्रम मंगला गोरी क्लब के तत्वाधान में भाग्य शर्मा के आवास पर सुंदरकांड पाठ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को कार्यक्रम संयोजक की और से आकर्षक पुरस्कार भेंट किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सभासद रजनी शर्मा, अर्चना शर्मा, अनीता बंसल, प्रज्ञा शर्मा, संगीता नामदेव, प्रिया वर्मा, प्रेरणा मित्तल, उमा गर्ग, शारदा शर्मा, संतोष शर्मा, उषा मित्तल, सविता सिंघल, मुद्रिका वर्मा, केसवी मित्तल, कमलेश त्यागी, संतोष बंसल आदि शामिल रही।



## भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन

**मीरापुर।** भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा बैंड बाजो, डीजे व झांकियों सहित नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई। शोभा यात्रा को प्रारम्भ करने के लिए भगवान गणेश व परशुराम जी की भव्य आरती कस्बे के ब्राहमण समाज के लोगो के द्वारा की गई। शोभा यात्रा में बाल्मिकी, दक्ष प्रजापति, राजा अग्रसेन व रत्न सिंह, चन्द्र शेखर आजाद, बाजीराव पेशवा, शहीद मंगल पांडे, भगत सिंह, झांसी की रानी, विश्वामित्र, नरसिंह भगवान, 11 मुखी हनुमान जी, शिव बारात, वामन अवतार, अयोध्या राम मंदिर, भगवन परशुराम, राम परिवार आदि झांकियो ने नगरवासियों का मन मोह लिया। शोभा यात्रा में नितिन शर्मा, प्रदुमन वैद्य, विकास कौशिक, असीम शर्मा, आजाद शर्मा, विनय शर्मा, प्रतीक शर्मा, दीनदयाल शर्मा, डा. प्रवीण शर्मा, रमन शर्मा, अक्षय शर्मा, मयंक पाराशर, राजेश शर्मा, अभिनंदन शर्मा, सचिन ठाकुर भाजपा मंडल अध्यक्ष, दीपक कृष्णात्रेय, मूलचंद शर्मा, वासुदेव शर्मा, शिवम वत्स, अंकुर पहलवान आदि सक्रिय रहे।

# कुरैशी समाज की मीटिंग में 4 मुद्दे हुए पास

**बुढ़ाना।** बीती शुक्रवार की देर रात बुढ़ाना कस्बे के पीर शाह विलायत मदरसे में बिरादरान ए कुरैश की एक पंचायत उलमा ए इकराम की सरपरस्ती में हुई।

शादी ब्याहों में फिजूलखर्ची के चलते पांच अहम मुद्दों को लेकर बात. चीत हुई और काफी जद्दोजहद के बाद सभी की सहमति से यह तय किया गया कि शादी ब्याह में खड़े होने के बजाए खाना बैठकर खिलाया जाएगा। खाने में सिर्फ मीठा जरदा, बिरयानी, कोरमा और रोटी ही होगी। इसके अलावा अन्य कोई भी व्यंजन नहीं होगा। नाश्ता भी बैठकर ही कराया जाएगा। पहले बाराती और घराती अलग अलग जगहों पर पर्दा डालकर खाना खाते थे लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अब मेहमान और स्थानीय लोग एक साथ ही खाना खाएंगे। इन चारों मुद्दों को तय करने के बाद यह भी तय किया गया कि जो भी व्यक्ति इन चारों मुद्दों को नहीं मानेगा उसके घर के बाहर सभी आलिम धरना देंगे। जिस पर सभी ने हाथ उठाकर इन चारों बातों का खुलकर समर्थन किया और कहा कि इंशाल्लाह जैसे हमारे आलिम कहेंगे हम वैसे ही करेंगे। मीटिंग में बुढ़ाना कस्बे की कूबा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती आस मोहम्मद कासमी, मुफ्ती असरार, मुफ्ती वसीम, मौलाना अनस, कारी राशिद, हाफिज रईस और नवाब इम्तियाज ने कहा कि अगर खाना बैठकर खिलाने में लड़कों की कमी आएगी तो 50 लड़कों की टीम हमारी तरफ से रहेगी और इंशाल्लाह प्रोग्राम मुकम्मल कराकर जायेंगे। शहजाद इंजीनियर ने कहा हमारे परिवार में जो भी शादी होगी सुन्नत के मुताबिक होगी। इसी तरह सबने अपनी-अपनी बात रखी। यहां फल व्यवसाई सलीम कुरैशी, डाक्टर इनाम मेहर, इसरार कुरैशी, सभासद इमरान कुरेशी, पूर्व सभासद राशिद कुरैशी, पूर्व सभासद अहसान कुरैशी, पूर्व सभासद बालू कुरैशी, पहलवान नवाब कुरैशी, हाफिज नईम कुरैशी, सज्जाद कुरैशी, इस्लाम कुरैशी, हाजी अखलाक कुरैशी, अबरार कुरैशी, हाफिज अ"यूब, चौधरी सादी, हाजी नसीम कुरैशी, हाजी नवाब आढ़ती, हाजी नवाब कुरैशी होटल, नाजिम कुरैशी, कासिम कुरैशी, दिलशाद कुरेशी व साजिद कुरैशी समेत सैंकड़ों लोगों की उपस्थिति देखने को मिली।

# चिकित्सक से मारपीट कर मोबाईल लूटा

**चरथावल।** ग्राम रोनी हरजीपुर में चिकित्सक से तीन बाइक सवारों पर मोबाइल लूटने व मारपीट करने का आरोप है। भाग रहे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। जबकि दो बाइक सवार फरार हो गये।पुलिस मारपीट का मामला बता रही है।

थाना तितावी के ग्राम लड़वा निवासी विकास कुमार चिकित्सक का कार्य करता है।प्रतिदिनअपने गांव से आना-जाना करता है। आरोप है कि शनिवार दोपहर को तीन बाइक सवार मरीज बनकर चिकित्सक की दुकान पर पहुंचे और उसका जबरदस्ती मोबाइल लूट लिया और विरोध करने पर चिकित्सक के साथ मारपीट की। चिकित्सक द्वारा शोर मचाने पर आरोपित ग्रामीणों को आता देख भागने लगे। ग्रामीणों ने भाग रहे एक आरोपित को मोबाइल सहित दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस पकड़े गये आरोपित से पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी जसवीर सिंह का कहना है कि मामला लूट का नही है। चिकित्सक व पत्नि में विवाद चल रहा है।दोनों के बीच न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। ससुराल पक्ष की ओर से चिकित्सक के साथ मारपीट की घटना की गयी है। तहरीर मिलने पर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## स्क्रैप फर्म पर लगा एक करोड़ से अधिक का जुर्माना

**मुजफ्फरनगर।** स्टेट जीएसटी टीम ने जानसठ रोड स्थित निराना में संचालित स्क्रेप फर्म पर छापा मारा। इस दौरान टीम को अनियमितताएं मिली। 12 घंटे से अधिक समय चली जांच के बाद फर्म संचालक एक करोड एक लाख 12 हजार रुपये का जुर्माना लगा, जिसे मौके पर जमा कराया गया। स्टेट जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित के निर्देश पर डिप्टी कमिश्नर मनोज शुक्ल के नेतृत्व में टीम ने नीराना स्थित ग्रीनसेंस वेस्ट रिसाइकिलिंग मेनेजमेंट फर्म नाम से संचालित फैक्ट्री में छापेमारी की। टीम ने प्रवेश करते ही वहां मिले कच्चे व पक्के माल को कब्जे में लेकर जांच की गई। कंपनी के निदेशक दिल्ली होने के चलते जांच में देरी हुई, लेकिन बाद में कंपनी के आनरोल कर्मचारियों के निगरानी में जांच शुरू हुई।

# कुरैशी समाज ने मेन मुद्दा किया इग्नोर....

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कुरैशी समाज की मीटिंग में दहेज जैसी कुप्रथा को दर किनार कर कुछ ऐसे मुद्दे पास किए गये जिन पर सलीकेदार लोग तो अमल शुरु से ही करते आ रहे हैं मगर जिनके लिए ये मीटिंग की गयी उनकी मौज रही।

दरअसल कुरैशी समाज में सबसे बड़ी कुप्रथा भारी भरकम दहेज लेना देना है। जिसके चलते अकेले बुढ़ाना के कुरैशी समाज में ही सैंकड़ों लड़कियां ऐसी हैं जो गरीब फैमली से हैं और उनके रिश्ते सिर्फ इसलिए नहीं हो रहे क्योंकि लड़के पक्ष द्वारा मुंह मांगा दहेज वे कहां से लेकर आएं। इन लड़कियों की उम्र भी निकल गयी है। जब भी कुरैशी समाज में कोई शादी ब्याह होता है तो दहेज का दिखावा इस कदर होता है कि गरीब की रूह तक कांप जाती है। इसके लिए मीटिंग में कोई बात तय नहीं हुई। गरीब वर्ग के मुद्दे इस मीटिंग से कोसों दूर ही रहे जबकि आलिमों को इस मुद्दे को भी उठाना चाहिए था लेकिन उन्होंने भी नहीं उठाया।

# जाति जनगणना पर ओबीसी मोर्चा ने प्रधानमंत्री मोदी का किया आभार व्यक्त

**मुजफ्फरनगर।** जिला पिछड़ा मोर्चा के तत्वाधान में एक कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर आयोजित किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष डॉ सुधीर सैनी, पिछडा मोर्चे के जिला अध्यक्ष सुंदरपाल, रामकुमार कश्यप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, विजय वर्मा जिला मंत्री व जिले की पूरी टीम वहां उपस्थित थी, जिला अध्यक्ष डॉ सुधीर सैनी ने वहां सभी कार्यकर्ताओं व जनता के समक्ष प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने 94 साल से लंबित जाति जनगणना पर निर्णय लेकर ओबीसी मोर्चा व अन्य सभी जाति के लोगों को लाभ पहुंचाने हेतु यह ऐतिहासिक कार्य किया इससे पहले की कांग्रेस सरकार व अन्य किसी भी सरकार ने इस तरह का निर्णय लेने की हिम्मत नहीं की, मोदी जी ने हमेशा हर कार्य जनहित में करने का प्रयास किया है इसी उपलक्ष्य में वहां उपस्थित मोर्चे के सभी लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी का आभार व्यक्त किया और उनसे उम्मीद की जल्द ही जनगणना पूरी होने के बाद पिछडा मोर्चे के लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ प्राप्त होगा इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय प्रजापति, रविकांत, हिमांशु सैनी, मांगेराम, देवेंद्र पाल, इंद्र कुमार प्रजापति, योगेश पाल, डॉ राधेश्याम, नरेंद्र प्रजापति, देवेंद्र पाल, विजेंद्र पांचाल, यश, ऋषभ उपस्थित थे।



बुढाना: कुरैशी बिरादरी की बेहतरी को चिंतन करते लोग।

# गन्ना भुगतान न मिलने से किसानों में उबाल

**छपार।** शुगर मिलों पर किसानो के बकाया भुगतान को लेकर एक मीटिंग का आयोजन किया गया।

ग्राम तेजलहेडा में भाकियू किसान सेना के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज के आवास पर पहुंचे भाकियू किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पंकज ग्रेड का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किसानो की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की और कहा कल मुजफ्फरनगर में जो राकेश टिकैत के साथ हुआ वह निंदनीय है। किसानों को सरकार ने टयूबवैल की बिजली फी दी है लेकिन वह नाम मात्र है लाइट दिन में दो या तीन घंटे ही आती है शुगर मिल बंद हो चुके लेकिन किसानों का बकाया भुगतान अभी तक किसानों के खाते में नहीं आया है और सहकारी समिति से जो



खाद बीज किसानों को मिलता है वह भी टाइम से मिलना चाहिए क्योंकि आने वाली फसल तैयार हो रही है किसान का पूरा जीवन अपनी फसल पर लगता है और अगर उसे समय से खाद बीज नहीं मिला तो किसान बर्बाद हो जाएगा जो भाग क्यों किसान सेवा बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी इस मौके पर जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज, राष्ट्रीय महासचिव आमिर हुसैन, फखरे आलम, सुनील रामगोपाल, आबिद, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# गंगा सप्तमी पर मां गंगा को किया नमन, स्वच्छता की ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गंगा सप्तमी अथवा गंगा अवतरण दिवस पर शुकतीर्थ गंगा घाट पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साधु संतो, पुरोहितो व भाजपाइयो ने भाग लिया। जहां मां गंगा की पूजा व अभिषेक कर महाआरती की गयी व भोजन प्रसाद वितरण किया गया साथ ही मां गंगा स्वच्छता की शपथ ली गयी।

महाभारत कालीन तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे शनिवार को गंगा घाट पर गंगा अवतरण दिवस के अवसर पर मां गंगा को दूध दही शहद आदि अर्पित कर पूजा की गयी व गंगा मंदिर मे महाआरती की गयी। जिसके उपरांत युवा भाजपा नेता अत्रिमत राठी ने गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा की मोक्ष दायिनी मां गंगा जीवन दायिनी है करोड़ो जीवधारी मां गंगा के पवित्र आँचल मे वास कर रहे हैँ। सहस्रो



वर्षो से मां गंगा जीवन देने के साथ साथ मोक्ष दायिनी बनी हुई है। तथा भक्तों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर रही है। गंगा की स्वच्छता को लेकर शासन प्रशासन प्रतिबद्ध है। जन सहयोग के द्वारा गंगा को स्वच्छ बनाने का कार्य जारी है। अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला महासचिव दीपक चौधरी एडवोकेट ने कहा कि पहलगाम की घटना को लेकर देश के नागरिक आहत हैँ। सरकार से निवेदन है की धैर्य को त्याग कर शीघ्र बदला लिया जाये और आतंकवादियों तथा उन्हें सहयोग करने व पोषित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर बड़ा संदेश दिया जाये। शरद शर्मा ने कहा की प्रत्येक वर्ष की भांति गंगा सप्तमी के अवसर दसवें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही मां गंगा की स्वच्छता मे निरंतर सहयोग प्रदान करने वालों को सम्मानित किया गया।अखिल भारतीय जाट महासभा के जिलाध्यक्ष चौधरी बृजवीर सिंह,आचार्य अजय कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व मे गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मोनू राणा, धीरेंद्र चौधरी ,जोनू चौधरी,नरेश त्यागी, विकास गुप्ता, राजू, धीरेंद्र सहरावत,हनी सहरावत,प्रद्युम्न, संदीप सैनी,कंव. रपाल, जयपाल, धर्मेंद्र, बिजेंद्र,नवीन,अनिल वर्मा, मुकेश शर्मा,महेश शर्मा, नीरज आर्य, देवेंद्र आर्य,महेश वर्मा बबलू, दीपक लाला, आदेश प्रधान, स्वामी रामभवानंद महाराज आदि मौजूद रहे।

# गौशाला छीनी तो गौरक्षक करेगा आत्महत्या

**ग्राम परासौली सचिव के विरुद्ध डीएम से की शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ग्राम सचिव परासौली राहुल आर्य द्वारा जबरदस्ती गौरक्षक द्वारा मुख्यमंत्री से लाई गयी गौशाला को उससे वापिस लेने के सम्बंध मे गौरक्षक ने डीएम को शिकायत की है।

गांव परासौली के गौरक्षक छोटा सैनी ने बताया कि वो करीब 10 वर्ष से गौ सेवा कर रहा है। उसके द्वारा मुख्यमन्त्री से ग्राम परासौली में एक गौशाला के निर्माण हेतु प्रार्थना की गयी थी। उसके आग्रह पर मुख्यमंत्री ने ग्राम परासौली में एक गौशाला का निर्माण कराया। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उसे माधव गौशाला ट्रस्ट परासौली के रुप मे दी गयी। गौशाला में अब 45 गाय हैं। उसे गौसेवा करते हुये 1 वर्ष हो गया। जिसमे वह व उसके अन्य गौ सेवक गौ शाला में पूरी मेहनत कर गौ सेवा कर रहे हैं।

गौ सेवा में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे इस कारण गौ सेवक द्वारा अपने खर्च से लडको को गौ सेवा के लिये रखा हुआ है। वो हर लड़के को 12 हजार रुपये हर माह दे रहा है किंतू गौशाला बनाते समय ग्राम सचिव परासौली द्वारा काफी घोटाला किया गया। उसके द्वारा गौशाला की बाबत ग्राम सचिव से कुछ बिन्दुओं पर आरटीआई के माध्यम से सूचना मांगी गयी किन्तु ग्राम सचिव द्वारा किसी भी बिन्दु पर कोई सूचना नही दी गयी। जिस कारण ग्राम सचिव परासौली राहुल आर्य उससे रंजिश रखने लगा तथा उस पर अब गौशाला को वापिस लेने का दबाव बना रहा है। ग्राम सचिव कहता है कि गौशाला का हर वर्ष नवनीकरण कराना पडेगा जबकि उसे गौशाला देते समय ऐसी कोई शर्त नहीं लिखी गयी थी। उसका अपना सारा जीवन गौ सेवा में ही लगाने का प्रण है। अगर ग्राम सचिव परासौली द्वारा उससे गौशाला को रंजिशन वापिस लिया गया तो उसके साथ अन्याय होगा क्योकि वह गौशाला को अपना परिवार मानता है। उससे उसका परिवार न छिन जाये इस कारण वह शिकायत कर रहा है। अगर उससे मुख्यमंत्री द्वारा दी गयी गौशाला को ग्राम सचिव द्वारा रंजिशन वापिस लिया गया तो उसका जीवन व्यर्थ हो जायेगा। वह आत्महत्या करने पर विवश होगा। जिसका जिम्मेदार ग्राम सचिव होगा। गौरक्षक ने डीएम से मांग की है कि उक्त कारणों के आधार पर ग्राम सचिव द्वारा गौशाला को बनाने में किये गये घोटाले की जाँच करवाकर उससे गौशाला को वापिस लेने से रोका जाए। इस शिकायत का हल जल्द हो नही तो सचिव अपने मनसूबे में कामयाब होगा और मुझे आत्महत्या करनी पड़ेगी क्योंकि सचिव गौशाला के नवीनीकरण हेतु उसको मानसिक रूप से टार्चर कर रहा है।

**सूचना**

मैने अपना नाम मोमिन (MOMIN)से बदलकर मोमिन त्यागी (MOMIN TYAGI) कर लिया है। भविष्य में मुझे मोमिन त्यागी (MOMIN TYAGI) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

MOMIN TYAGI S/O
SHOKET ALI
R/o H.N.344, VPO
NEYAMU DISTT.
MUZAFFARNAGAR

# सिलेंडर लीक होने से लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** मोहल्ला मुश्तर्क में शुक्रवार को घरेलू सिलेंडर में गैस लीकेज के चलते आग लग गई। इस हादसे में एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई, जबकि घर का काफी सामान जलकर राख हो गया।

मोहल्ला मुश्तर्क निवासी मुन्ना पुत्र शरीफ की पत्नी शीबा परवीन सुबह करीब 11 बजे खाना बनाने के लिए रसोई में गई थीं। जैसे ही उन्होंने लाइटर से चूल्हा जलाने की कोशिश की, सिलेंडर में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि सिलेंडर में गैस लीकेज था, जिसकी जानकारी महिला को नहीं थी। आग ने देखते ही देखते रसोई से लेकर अन्य कमरों तक फैलाव ले लिया। घटना के समय घर में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग की चपेट में आकर घर में रखी चारपाई, संदूक, कपड़े और अन्य सामान जल गए। आग बुझाने के प्रयास में शीबा परवीन भी बुरी तरह झुलस गईं। उन्हें तुरंत इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मुन्ना ने बताया कि आज ही नया सिलेंडर मंगवाया गया था, जिसमें लीकेज थी लेकिन इसका किसी को अंदेशा नहीं था। आग लगने की खबर से पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया और लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए।

## डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मी के साथ अभद्र व्यवहार करने व वर्दी फाड़ने का मुकदमा दर्ज

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बीआईटी चौकी क्षेत्र में डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ एक नशे में धुत व्यक्ति द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना 2 मई 2025 को शाम लगभग 5 बजे की है, जब चौकी प्रभारी बीआईटी उ0नि0 ललित कुमार द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम कासमपुर खोला के पास सड़क निर्माण कार्य कर रहे कर्मचारियों से एक व्यक्ति विवाद और मारपीट कर रहा है।

सूचना मिलते ही चीता मोबाइल पर तैनात हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल सुनील कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे, जहां डायल 112 की पीआरवी 2237 पहले से मौजूद थी। वहां अरविन्द पुत्र सन्तराम निवासी ग्राम कासमपुर खोला, जो शराब के नशे में था, निर्माण कर्मचारियों से झगड़ रहा था। पुलिसकर्मियों द्वारा समझाने पर उसने पुलिस से भी हाथापाई शुरू कर दी। हंगामे के दौरान हेड कांस्टेबल की वर्दी के बटन, नेम प्लेट और यूपी पुलिस का लोगो क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही उनके गले और चेहरे पर चोटें भी आईं। तत्पश्चात पुलिसकर्मियों ने पीआरवी स्टाफ की मदद से आरोपी को काबू में किया और उसे मेडिकल जांच हेतु सीएचसी जानसठ ले जाया गया। अरविन्द द्वारा डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने, शासकीय कार्य में बाधा डालने और वर्दी को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# हाईकोर्ट ने दिया स्थगनादेश, पूर्व चेयरमैनों से नहीं होगी जुर्माने की वसूली

**जानसठ।** नगर पंचायत में हुए विकास कार्यो तथा सामानों की खरीददारी में धांधलेबाजी करने की शिकायत पर लोक आयुक्त ने नगर पंचायत के पूर्व दो चेयरमैन यनेश तंवर व प्रवेंद्र भड़ाना को दोषी मानते हुए जुर्माना किया था। लोक आयुक्त ने जिलाधिकारी को इन दोनों पूर्व चेयरमैनों से जुर्माने की रकम की वसूली करने के आदेश जारी किए थे। अब इस मामले में हाईकोर्ट ने स्थगनादेश दिया है, जिससे जुर्माने की रकम नहीं वसूली जाएगी। कस्बे के पूर्व सभासद नवनीत कांबोज पुत्र शिवकुमार ने दो वर्ष पूर्व लोक आयुक्त के यहां शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन यनेश तंवर और प्रवेंद्र भड़ाना ने विकास कार्यो तथा नगर पंचायत के लिए खरीदे गए सामानों में काफी धांधलेबाजी की है। दो माह पूर्व लोक आयुक्त ने इस मामले में सुनवाई करते हुए दोनों पूर्व चेयरमैनों को दोषी माना है। लोक आयुक्त ने पूर्व चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना से 15 हजार 72 रुपये और पूर्व चेयरमैन यनेश तंवर से 85 हजार 85 रुपये का जुर्माना किया था। लोक आयुक्त ने इन दोनों पूर्व चेयरमैनों से रुपयों की वसूली करने के आदेश जिलाधिकारी को भेजे थे। पूर्व चेयरमैन यनेश तंवर ने बताया कि इस मामले में उन्होंने हाईकोर्ट में वाद दायर किया था। जिस पर हाईकोर्ट ने स्थगनादेश दिया है। स्थगनादेश आने से अब पूर्व चेयरमैनों से जुर्माने की रकम नहीं वसूली जाएगी। स्थगनादेश आने पर दोनों पूर्व चेयरमैनों के समर्थकों में खुशी का माहौल है।

## प्रेमी युगल ने खेत पर खाई कीटनाशक दवा

**खतौली।** खतौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को प्रेम संबंधों को लेकर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। प्रेमी-प्रेमिका ने कथित विवाद के चलते खेत में कीटनाशक दवा खा ली, जिससे दोनों की हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने उन्हें तत्काल खतौली के एक निजी डॉक्टर के पास भर्ती कराया, जहां से उन्हें गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया। प्रेमिका की पहचान मोरना थाना क्षेत्र निवासी एक विवाहित महिला के रूप में हुई है, जिसके तीन बच्चे हैं। वहीं युवक खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव ताजपुर का निवासी बताया गया है और उसका भी एक बच्चा है। जानकारी के अनुसार, युवक का प्रेम संबंध अपने भाई की साली से चल रहा था। शनिवार को प्रेमिका युवक से मिलने उसके गांव पहुंची और उसे खेत में बुलाया। वहीं किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया और उन्होंने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि यह मामला प्रथम ख्रष्टया प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है।

## हादसे में देवर और भाभी हुए घायल

**खतौली।** मेरठ से रिश्तेदारी से लौट रहे देवर-भाभी की बाइक को कैंटर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चलसीना गांव निवासी मनीष सैनी पुत्र बाबू एवं उनकी भाभी नीरा पत्नी सतीश सैनी मेरठ स्थित अपने रिश्तेदारों से मिलकर गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे दौराला के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही दौराला पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को गंभीर हालत में मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में दोनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने कैंटर और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

# गन्ना किसानों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया

**किसानों को गन्ना उत्पादन बढ़ाने को दी गई उपयोगी जानकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर रणधीर कर्नवाल गन्ना पर्यवेक्षक द्वारा न्याय पंचायत सम्भलहेड़ा के ग्राम सिकंदरपुर में न्याय पंचायत स्तरीय कृषक प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गन्ना पर्यवेक्षक रणधीर कर्नवाल ने बताया कि कुल 50 किसानों को प्रशिक्षित करते हुए आधुनिक गन्ना खेती हेतु विभागीय सहायता, चीनी मिल द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न कृषि निवेश, उन्नत बीज, जैव उर्वरक व कीटनाशक, समेकित कीट एवं रोग प्रबंधन, ट्रेंच विधि द्वारा बुआई, सहफसली खेती, ड्रिप सिंचाई, नैनो यूरिया व डीएपी, विभिन्न ख्रषि यंत्रों की एफएमबी में उपलब्धता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्रगतिशील कृषक खुर्शीद अहमद के ट्रेंच विधि द्वारा बोए गए प्रक्षेत्र का भ्रमण कर गन्ना उत्पादन में उन्नत कृषि विधियों के बारे में कृषक द्वारा जानकारी दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सौवीर सिंह, विशेष अतिथि टिकोला चीनी मिल के गन्ना विकास हेड, दिनेश अग्रहरि व अन्य मास्टर ट्रेनर रामवीर सिंह, रविकांत, ओमप्रकाश गन्ना पर्यवेक्षक तथा अन्य फील्ड कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरदार जस्सा सिंह का जन्मदिवस मनाया

**मुजफ्फरनगर।** कलाल समाज सिरमौर सरदार जस्सा सिंह अहलूवालिया का 307 वा जन्म दिवस कलाल महासभा के सह कोषाध्यक्ष रविन्द्र कर्णवाल ऊर्फ सोनू के रामपुरी स्थित आवास पर मनाया गया। कलाल महासभा के उपाध्यक्ष रोहिताश कर्णवाल ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कलाल महासभा के महामंत्री ऋषिराज राही ने कहा कि सरदार जस्सा सिंह अहलूवालिया एक महान योद्धा थे। उनका जन्म 1718 में पंजाब के अहलू गांव में हुआ था। वह एक शक्तिशाली और प्रभावशाली नेता थे जिन्होंने साम्राज्य के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



इस अवसर पर कलाल महासभा मुजफरनगर के संस्थापक विजय कर्णवाल ने कहा कि सरदार जस्सा सिंह ने अहलूवालिया मिसल की स्थापना की, जो सिख साम्राज्य की 12 मिसलों में से एक थी तथा वे वीरता और नेतृत्व क्षमता के लिए जाने जाते है। कार्यक्रम का संचालन मंत्री शैलेन्द्र कर्णवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष नानक चंद वालिया, कोषाध्यक्ष राजेश कर्णवाल, विकास कर्णवाल, प्रदीप वालिया, रमन कपिल, शिवकुमार डोली, ब्रिजेश कर्णवाल, आदित्य कर्णवाल, ऋषभ कर्णवाल, विपुल कर्णवाल, यशराज कर्णवाल, युवराज कर्णवाल, अंकित कर्णवाल, उदय कर्णवाल आदि उपस्थित रहे।

## शादी मे डीजे को बंद कराने का आरोपी गिरफ्तार

**भोपा।** बीते गुरुवार नंगला बुजुर्ग गांव में प्रजापति समाज की पुत्री की शादी समारोह के दौरान बज रहे डीजे को जबरदस्ती बंद करने के प्रयास मे सामान उठाकर फेंकने, मारपीट करने मामले में पुलिस ने गैर सम्प्रदाय के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था शनिवार को पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव नगला बुजुर्ग नया गांव में वेदपाल प्रजापति की बेटी की बारात आई हुई थी इसी दौरान पड़ोस के ही रफी, नसीम, रईस आदि ने दबँगई दिखाते हुए डीजे का सामान उठाकर फेंक दिया था। साथ ही दबँगो पर बारात की चढ़त को रोकने का प्रयास का आरोप भी लगाया गया था। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जांच पड़ताल के बाद गांव का ही सलमान भी घटना मे शामिल पाया गया। शनिवार को आरोपी सलमान को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर जब वह गांव के बाहर राजबाहे के पास खड़ा था। और किसी माध्यम से फरार होने की फिराक मे था। पुलिस ने अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास मे विभिन्न स्थानों पर दबिश दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### करंट लगने से बैल की मौत

**मोरना।** सड़क किनारे खडे बिजली के खम्बे मे दौड़ रहे करंट की चपेट मे आकर बैल की मौत हो गयी। विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए किसान ने मुआवजे की गुहार लगाई है। थाना ककरौली क्षेत्र के गांव खुजेड़ा मे किसान शीशपाल बैल बोगी लेकर खेतों की ओर जा रहा था। जैसे ही वह अपने घेर से निकला, सड़क किनारे खंभे के पास लगे लोहे के चौनल में करंट दौड़ रहा था। चौनल पर बैल का पैर पड़ते ही उसे तेज करंट का झटका लगा, बैल वहीं गिरकर तड़पने लगा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शीशपाल ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। साथ ही उसने विद्युत विभाग से उचित मुआवजा दिलाए जाने की भी अपील की है। पीड़ित किसान का कहना है कि वह पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। ग्रामीणों ने भी बिजली विभाग की लापरवाही पर रोष प्रकट किया है।

### संपूर्ण समाधान दिवस में आई 45 शिकायतें

**बुढ़ाना।** स्थानीय तहसील परिसर में स्थित बुढ़ाना बार एसोसिएशन के सभागार में शनिवार के दिन आयोजित किए गये संपूर्ण समाधान दिवस में बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह और बुढाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव ने संयुक्त रूप से कस्बे और क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर कुल 45 शिकायतें ही आई। जिनमें से कुल 08 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। उधर जिला मुख्यालय पर भाकियू की आकस्मिक पंचायत के कारण जिला मुख्यालय से संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारी नही आ सके। सीओ गजेंद्र पाल सिंह तथा तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव ने ही ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर 45 शिकायत आई। जिनमें से कुल 08 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बुढाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि बाकी बची हुई 37 शिकायतों का समय पर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर दिया जाएगा। सभी शिकायतें संबंधित विभागों को भेज दी गई हैं। इस मौके पर यहां लगभग समत विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की भी मौजूदगी देखने को मिली।

### मां गंगा का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**मीरापुर।** पतित पावनी मां गंगा का जन्मोत्सव गंगा मंदिर खानवाला पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस मौके पर मां गंगा का विशेष श्रंगार कर भव्य आरती उतारी गई। इसके उपरान्त विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। गंगा मंदिर खान वाला प्रबंध समिति की ओर से गत वर्षो की भांति मां गंगा का जन्मोत्सव शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रात:काल मंदिर परिसर में हवन आदि व मां गंगा की पूजा की गई तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त एडीजे नीरज कुमार संगल रहे। सभी पूजा पाठ के कार्य डा. गौरव वत्स ज्योतिषाचार्य ने सम्पन्न कराये। सायंकाल मां के दरबार को भव्य झालरो व फूल मालाओं से सजाकर आरती उतारी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में तेजपाल वर्मा, हरिशंकर शर्मा, सुशील शुक्ल, अरविंद खटीक, घनश्याम दास अग्रवाल, मंगतराम, मोहित लखोटिया, उमेश वर्मा, रवि शर्मा, रोकी गुप्ता, वासुदेव शर्मा व प्रतीक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मंसूरपुर शुगर मिल के पैराई सत्र का समापन

**मंसूरपुर।** शुगर मिल के उपाध्यक्ष सुधीर कुमार तथा गन्ना महा प्रबंधक उत्तम कुमार वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के समस्त गन्ने की पेराई कर 2 मई को शुगर मिल के पैराई सत्र का सामान हो गया। शुगर मिल ने इस वर्ष एक करोड़ 43 लाख क्विंटल गन्ने की पैराई की है जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 6 लाख क्विंटल अधिक है। शुगर मिल ने इस वर्ष 179 दिन पैराई की।

### पलिस ने तस्करो से गांजा पकड़ा

**मीरापुर।** मीरापुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान गांजा तस्करी में संलिप्त चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करो के कब्जे से पुलिस ने 10.294 किलोग्राम गांजा व एक बाईक बरामद की है। थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा द्वारा बताया गया कि मीरापुर पुलिस सम्भलहेडा नहर पटरी पर चौकिंग कर रही थी। उसी दौरान पुलिस को चार युवक आते हुए दिखाई दिये। पुलिस ने आरोपियों को रोक कर उनकी तलाशी ली तो आरोपियों के कब्जे से 10.294 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान नवनीत पुत्रयशपाल सिंह निवासी ग्राम घटायन, थाना जानसठ, अनित पाल पुत्र गिरधारी पाल निवासी डेक्सू चौक के पास, ब्रह्मपुरी रावली महमूद, थाना सिडकुल, हरिद्वार, अजय उर्फ जॉन पुत्र पप्पू निवासी महाराजपुर खुर्द, थाना लक्सर, हरिद्वार (हाल निवासी सिद्धि विनायक कॉलोनी, सिडकुल) और सुबोध पुत्र ब्रहमपाल निवासी शाकुंभरी बिहार कॉलोनी, बेहट रोड, थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर (हाल निवासी ब्रह्मपुरी रावली महमूद, सिडकुल) के रूप में हुई है।

### मैजिक डांस एकैडमी राहगीरों को पिलाएगी ठंडा जल

**मुजफ्फरनगर।** शहर की गांधी कीलोनी में स्थित गांधी वाटिका के सामने मेन रोड पर मैजिक डांस एकेडमी के संस्थापक व डांस कोरियोग्राफर मोहन अरारा और नेशनल सिंगिंग डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के उत्तर प्रदेश प्रभारी मोहन अरारा ने शनिवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि शहीद भगत सिंह एकता मंच रजिस्टर्ड जनपद मुजफ्फरनगर 23वीं निशुल्क जल सेवा का शुभारंभ रविवार 04 मई की सुबह 10 बजे से प्रारंभ करने जा रहा है। रेलवे स्टेशन परिसर मुजफ्फरनगर में लगातार 23 वर्षो से आम जनता के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की जा रही है। जिसके लिए गांधी कीलोनी मैजिक डांस एकेडमी के डांस कोरियोग्राफर मोहन अरोरा की पूरी डांस टीम शहीद भगत सिंह एकता मंच रजिस्टर्ड के सभी अधिकारियों, पदाधिकारी, सदस्यों व सेवादारों का आभार व धन्यवाद व्यक्त करती है कि वे प्यासे को पानी पिलाकर पुण्य कमा रहे हैं। अब पूर्व की भांति मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन के यात्रियों व रेलवे स्टेशन के पूरे स्टाफ में आम जनता को शुद्ध ठंडा शीतल उपलब्ध होगा।

# सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में एस्ट्रोनॉमी डे का आयोजन

**मीरापुर।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल मीरापुर में एस्ट्रोनॉमी डे का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर, बच्चों ने अध्यापको के निर्देशन में मॉडल और प्रदर्शन के माध्यम से खगोल विज्ञान की दुनिया को प्रदर्शित किया। बच्चों ने विभिन्न ग्रहों और तारों के मॉडल बनाए और उनके बारे में जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने खगोल विज्ञान से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और अपने ज्ञान को बढ़ाया। बच्चों ने ग्रहों और तारों को प्रदर्शित किया, जो आकर्षक और ज्ञानवर्धक था। इस आयोजन से बच्चों में खगोल विज्ञान के प्रति रुचि और ज्ञान बढ़ा।

इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य सजी वर्जिश ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना कि।

सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल मीरापुर में ष्मजदूर दिवसष् के अवसर पर बच्चों ने श्रमिकों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष आयोजन किया। इस दौरान बच्चों ने श्रमिकों को उपहार भेंट किए और उनके प्रति आभार व्यक्त किया!इस आयोजन का उद्देश्य श्रमिकों के योगदान को पहचानना और उनके प्रति सम्मान प्रकट करना था। बच्चों ने श्रमिकों के साथ बातचीत की और उनके काम को समझने का प्रयास किया। इस तरह के आयोजनों से बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी और श्रमिकों के प्रति




सम्मान की भावना विकसित होती है। सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल इस तरह के आयोजनों के माध्यम से बच्चों को समाज के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाने का प्रयास कर रहा है।

# जैन मुनि 108 उपाध्याय गुप्तिसागर मुनिराज का हुआ मंगल प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी चौडी गाली स्थित जैन मंदिर में 108 उपाध्याय गुप्तिसागर मुनिराज का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। रास्ते मे लगभग 50 जगह गुरूवर की पाद प्रक्षालन एवं मंगल आरती की गयी। जैन मिलन, सुरेन्द्रनगर, मुनीम कालोनी, चौड़ी गली, मुजफ्फरनगर शहर, वहलना मंदिर की पूरी कमेटी व जैन समाज के लोग चोड़ी गली मंदिर पर खड़ी थी।

उपाध्याय श्री ने फिर भगवान की शांतिधारा करवाई, शांतिधारा के बाद 108 उपाध्याय गुप्तिसागर ने मंगल प्रवचन दिये। प्रवचन से पूर्व डाक्टर जय कुमार जैन ने मंगलाचरण किया। उपाध्याय श्री प्रवचन के, चौड़ी जैन समाज, सुरेन्द्रनगर जैन समाज, मुनीम कालोनी जैन समाज ने गुरुवर से चातुर्मास हेतु श्रीफल अर्पित किया।

इस अवसर पर अशोक जैन सर्राफ, अमित जैन एडवोकेट, नवीन जैन, अभय जैन, रिषभजैन, अशोक कुमार जैन पी.एन.बी वाले, प्रमोद जैन कैमिकल वाले, स्वदेश जैन अलवर वाले, दीपक जैन अलवर वाले, जितेन्द्र जैन टोनी, संजय जैन, साधना जैन, समन जैन, सुषमा जैन, शिल्पी जैन, उमा देवी, सुमन, डिम्पल जैन, रेखा जैन, प्रेमचंद, अनिता जैन आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत गोष्ठी

**बुढ़ाना।** गांव मंदवाडा में शनिवार को गन्ना किसान चौधरी पैकर अली राणा के आवास पर किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कृषक मेला गोष्ठी भी हुई। गोष्ठी में गन्ना संस्थान से आए रामबरन सिंह ने किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में गन्ने की खेती से जुड़े कई अहम पहलुओं पर चर्चा हुई। किसानों को कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करने के तरीके बताए। कीट नियंत्रण के लिए उपयुक्त दवाओं की जानकारी दी गई। गन्ने की बेहतर किस्मों व उनकी बुवाई के बारे में बताया गया। किसानों को नई तकनीकों व उन्नत किस्मों की जानकारी दी गयी। किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि ये गोष्ठी खेती को नई दिशा देने वाली है। जल्द ही गन्ना सर्वे का कार्य भी शुरु होगा। यहां गन्ना कीड़ा वैज्ञानिक डाक्टर एसपी सिंह, बुढाना गन्ना समिति के सुपरवाइजर्स इरफान अली व देवेंद्र कुमार, बजाज शुगर मिल भसाना के गन्ना विभाग से गौरव प्रताप सिंह, युवा प्रगतिशील कृषक तैमूर अली राणा, मोहन शर्मा, निसार, यामीन, रिजवान, इरशाद, संजीव, सत्यपाल व इशफाक आदि कृषक मौजूद रहे।

## चकबन्दी को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे

**मंसूरपुर।** चकबंदी कब्जा परिवर्तन को लेकर गांव पुरबालियान में मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले।जिसमें एक पक्ष के महिला सहित चार व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल में भर्ती कराकर आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। थाना क्षेत्र के गांव पुरबालियान में काफी समय से चकबंदी प्रक्रिया चलती आ रही है। शनिवार शाम को एक ही परिवार के मेहरबान पक्ष तथा याकूब पक्ष के खेतों में कब्जा परिवर्तन का कार्य चल रहा था।डोल बंदी करते समय दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई।जिसके बाद आरोप है कि मेहरबान ने फोन कर घर के सदस्य मौके पर बुला लिए। खेत में जाते ही उन्होंने याकूब पक्ष की महिलाओं सहित लोगों पर लाठी डन्डो से बुरी तरह मारपीट शुरू कर दी।इस मारपीट से याकूब पक्ष की फरजाना, साजिद, याकूब, तस्लीम व मुस्तकीम घायल हो गए।जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया।इस मामले में खबर लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं दी गई थी। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

# किशोरी की नहीं हुई बरामदगी, समाज में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक मुस्लिम बाहुल्य गांव से गायब हुई दूसरे सांप्रदाय की एक किशोरी का 07 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। किशोरी को दूसरे सांप्रदाय के 4 युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए थे। बुढाना पुलिस शनिवार की देर रात तक भी उक्त किशोरी को तलाशने में असफल रही।

उधर पुलिस के घविरु) कश्यप समाज का कोतवाली बुढाना में धरना प्रदर्शन रविवार को होगा ऐसी खबर है। घटना की नामजद रिपोर्ट किशोरी के पिता ने कोतवाली में दर्ज करवाई थी। पुलिस घटना में महिला समेत 3 आरोपियों को जेल भेज चुकी है।



पुलिस की कार्यशैली से नाराज कश्यप समाज के नेताओं ने चेतावनी दी थी कि शनिवार तक पुलिस अगर किशोरी को तलाशने में असफल रही तो रविवार को कोतवाली में प्रदर्शन होगा। इस संबंध में खाप चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप ने बताया कि बुढ़ाना पुलिस किशोरी को तलाशने में असफल रही। इसलिए कोतवाली में 04 मई को प्रदर्शन किया जाएगा। दूसरी ओर इस घटना से नाराज बघरा आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज ने भी आगामी 05 मई तक किशोरी के नही मिलने पर आरोपियों के गांव में ही आगामी 06 मई को हिंदू पंचायत करने की घोषणा कर रखी है।

# श्रीराम कॉलेज में मनाया गया मस्ती महोत्सव

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज, के व्यवसाय एवं प्रबंधन विभाग (बी.बी.ए) में 'मस्ती महोत्सव' गेट टू गैदर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ-साथ शैक्षणिक नाटिका का भी आनंद लिया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री राम कॉलेज के चेयरमैन डॉ एस0 सी0 कुलश्रेष्ठ ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज एकीकृत परिसर के निदेशक डॉ0 एस.एन. चौहान, श्री राम कॉलेज की प्राचार्या डॉ प्रेरणा मित्तल, श्री राम कॉलेज के निदेशक डॉ0 अशोक कुमार, ललित कला विभाग के निदेशक डॉ0 मनोज धीमान, डीन एकेडमिक्स, डॉ0 विनित कुमार शर्मा, मैनेजमेंट ब्लॉक के डीन डॉ सौरभ मित्तल तथा प्रबन्धन संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ पंकज कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बी.बी.ए के प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने समूह नृत्य, युगल नृत्य, एकल नृत्य, हास्य नाटिका, एकल गायन आदि कार्यक्रमों को प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया।

छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम के दौरान चार विभिन्न प्रकार की गेम्स-एक्टीविटिज़ भी करायी जिससे सभी रोमांचित हुए। इस गेम्स-एक्टीविटिज़ को बी.बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र आर्यन और छात्रा वर्णिका ने होस्ट किया। मिस्टर हैंडसम का खिताब बी.बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र साहिल ने और मिस गॉर्जियस का खिताब बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा अंशिका ने जीता।बौद्धिक स्पर्धाओं में विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।इस अवसर पर डीन प्रबंधन डॉ सौरभ मित्तल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य नए और पुराने विद्यार्थियों को एक दूसरे से रूबरू करने के



साथ-साथ संस्थान और विभाग की उपलब्धियों से अवगत कराना होता है। कार्यक्रम के अंत में व्यवसाय एवं प्रबंधन विभाग के अध्यक्ष डॉ0 विवेक कुमार त्यागी ने समस्त अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ0 अतुल वर्मा के निर्देशन में कनक गोयल, शारिक मलिक, प्राची चौधरी व अंश गर्ग ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर व्यवसाय एवं प्रबन्धन विभाग के हिमांशु वर्मा, नीशू वर्मा, पूनम शर्मा, शिवानी शर्मा, सागर शुक्ला, नवीन कुमार, कपिल कुमार, स्वाति तायल, जेबा ताहिर, ममता मित्तल, मोनिका, तन्नु त्यागी, हर्ष कुमार का सहयोग रहा।

# पुष्य नक्षत्र के अवसर पर बच्चों को स्वर्णप्राशन औषधि का सेवन कराया

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मैपल्स अकादमी में पुष्य नक्षत्र के अवसर पर महावीर आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा बच्चों को स्वर्णप्राशन औषधि का सेवन कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देना और उनके शारीरिक और मानसिक विकास में सहायता करना था। मैपल्स अकादमी और महावीर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। हमें विश्वास है कि स्वर्णप्राशन औषधि के सेवन से हमारे छात्रों के स्वास्थ्य और विकास में सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने महावीर आयुर्वेदिक चिकित्सालय की टीम को उनके समर्थन और सहयोग के लिए



धन्यवाद दिया। विद्यालय के प्रबंधन समिति के विपिन सिंघल और सोनम सिंघल ने महावीर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के चिकित्सकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हम भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए तत्पर रहेंगे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कंटेनर ने बारात की गाड़ी में मारी टक्कर, कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव मोहम्मदपुर राई से बराती लेकर कैराना आ रही एर्टिगा गाड़ी को तेज रफ्तार कंटेनर नें टककर मार दी। इस दौरान तीन मासूमों बच्चों सहित आधा दर्जन घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। पूलिस नें कन्टेनर चालक को हिरासत मे ले लिया है।





शनिवार की दोपहर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर राई से बरात कैराना स्थित भारत मैरिज हम में आ रही थी। बरातियों को लेकर एक एर्टिगा कार संख्या यूपी 19 एटी 2556 जैसे ही कार नेशनल हाइवे पर पहुंची तो पीछे से आ रहे तेजरफ्तार कन्टेनर संख्या एचआर 55 वी 8658 नें जबरदस्त टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी भीषण थी की गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। राहगीरों व बरातियों की मदद से घायलों को क्षतिग्रस्त गाड़ी से बाहर निकाला गया। बाद में घटना स्थल पर पहुंची पुलिस नें उपचार हेतु घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया हैं। पुलिस नें कंटेनर चालक को हिरासत मे ले लिया है। बताया जाता है की गांव नगलाराई निवासी हाजी इस्लाम की पुत्री की शादी का कार्यक्रम भारत मैरिज होम मे चल रहा था। बारात आने का इन्तिजार किया जा रहा था। इसी बीच बरातियों की गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। सूचना मिलते ही शादी की खुशियां गम के माहौल में बदल गई। हर कोई घटना स्थल पर दौड़ने लगा। हर कोई अपनों की खैरियत मालूम करता नजर आया। इस हादसे में गुलजार (60) आबिद (36) अदनान (8) निवासीगण गांव पत्थरगढ़ हरियाणा, अफ्फान पुत्र अशफाक (10) निवासी मोहल्ला रेती कस्बा थानाभावन, शायान (11) पुत्र वाजिद व सुफियान (10) निवासीगण ग्राम नगलाराई गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर घायल सुफियान को शामली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित एर्टिगा गाड़ी चालक ने शाहनवाज पुत्र रशीद अहमद निवासी गांव मोहम्मदपुर राई ने कोतवाली पर तहरीर देकर कन्टेनर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। देर शाम समझौते के बाद पुलिस ने कन्टेनर चालक को छोड़ दिया।

# ग्राम प्रधान ने लगाया गांव के दबंग व्यक्ति पर विकास कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली के गांव महावतपुर ग्राम प्रधान मिंटू पुत्र दिलीप कुमार ने मीडिया के सामने गांव के ही एक दबंग व्यक्ति संदीप पर आरोप लगाते हुए बताया कि गांव का यह व्यक्ति दबंग वह आपराधिक प्रवर्ति का है जो गांव में हो रहे विकास कार्य में बाधा उत्पन्न करता रहता है ग्राम प्रधान ने आरोप लगाते हुए बताया की दबंग व्यक्ति संदीप ने पूर्व में भी मेरे द्वारा गांव में कराए विकास कार्य के संबंध में भी मुझे धमकी दी थी ग्राम प्रधान ने आरोप लगाते हुए बताया कि प्रत्एक गांव में आरसी सेंटर सरकार की योजनाओं में था जब उसे बनाने का कार्य शुरू किया गया तो संदीप ने वहां पहुंचकर भी कार्य को रुकवा दिया था जिससे आज भी वह कार्य रुका हुआ पड़ा है दबंग संदीप द्वारा मेरे द्वारा किए गए कार्यों की आरटीआई डालता रहता है और शिकायत करता है और गांव के विकास कार्यों में अपना हस्तक्षेप करता रहता है प्रधान ने बताया रविवार वाले दिन गांव के ही एक युवक पर दबंग संदीप द्वारा अपने घर के सामने मारपीट की गई थी जिसमें पीड़ित के द्वारा बाबरी थाने में तहरीर दी गई थी पुलिस ने दबंग व्यक्ति का शांति भंग में चालान कर जेल भेज दिया है प्रधान ने बताया उक्त व्यक्ति की कई बार शिकायत करने के बाद भी पुलिस द्वारा उस पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है उन्होंने बताया उक्त दबंग व्यक्ति को विपक्ष के क्षेत्र के बड़े नेताओं का संरक्षण प्राप्त है जिस वजह से उस पर कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्राम प्रधान ने आरोप लगाते हुए बताया उक्त व्यक्ति से मुझे अपनी जान का भी खतरा है दबंग व्यक्ति द्वारा पूर्व में भी मुझे कई बार धमकी दी गई है।

# हिस्ट्रीशीटर इनाम उर्फ धुरी मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार

कब्जे से तमंचा, जिंदा कारतूस व बाइक बरामद, नगरपालिका कैराना के वार्ड संख्या-28 से निर्वाचित महिला सभासद का पति है इनाम, पकड़े गए आरोपी पर वार्ड संख्या-11 के सभासद रईस अहमद के घर पर फायरिंग करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** हिस्ट्रीशीटर इनाम उर्फ धुरी को कैराना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस व बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपी पर वार्ड संख्या-11 के सभासद रईस अहमद के घर में घुसकर फायरिंग करने का आरोप है। इनाम धुरी कैराना नगरपा. लिका के वार्ड संख्या-28 से निर्वाचित सभासद विनी चौधरी का पति है। विगत एक अप्रैल को नगरपा. लिका के वार्ड संख्या-11 से निर्वाचित सभासद रईस अहमद निवासी मोहल्ला आलकलां कस्बा कैराना ने कैराना कोतवाली पर मुक. दमा दर्ज कराया था। बताया कि कस्बे के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी इनाम उर्फ धुरी व अन्य ने उसके आवास पर पहुंचकर अवैध असलहे से फायरिंग की थी। वहीं, एसपी शामली ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को मामले की जांच करके आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में शुक्रवार देर शाम करीब साढ़े नौ बजे कोतवाली पुलिस ने सभासद के आवास पर फायरिंग की घटना में वांछित आरोपी इनाम उर्फ धुरी को अलीपुर के जंगल में हुई मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया, जबकि घटना में लिप्त एक अन्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस व बिना नंबर प्लेट की एक बाइक बरामद हुई है। आरोपी इनाम उर्फ धुरी कैराना कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है। वह नगरपालिका के वार्ड संख्या-28 से निर्वाचित सभासद विनी चौधरी का पति है।

## दम्पति को गोली मारने का आरोपी दबोचा

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने दस दिन पूर्व ऊंचागांव में बुजुर्ग दम्पत्ति को गोली मारकर घायल करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस बरामद हुए है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है। विगत 23 अप्रैल को क्षेत्र में ऊंच. ागांव में बाइक चोरी का विरोध करने पर रामपाल व उसकी पत्नी सुदेश पर गांव के ही ऋतिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर फायरिंग कर दी थी, जिसमें दोनों पति-पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। घायल दम्पत्ति को उपचार के लिए पहले पानीपत तथा बाद में चंडीगढ़ भर्ती कराया गया था। रामपाल के भाई सुंदर चौहान ने कोतवाली कैराना पर घटना का मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी शामली ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को घटना में लिप्त आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में शनिवार को वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बुजुर्ग दम्पत्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में नामजद कराए गए आरा. ेपी ऋतिक निवासी ऊंचागांव को जहानपुरा मार्ग पर स्थित बाग के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। वहीं, मामले की विवेचना कर रहे तीतरवाड़ा चौकी प्रभारी एसआई राकेश गौतम ने बताया कि फायरिंग की घटना में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

## महिला सभासद ने वीडियो जारी करके लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगरपालिका परिषद कैराना के वार्ड संख्या-28 से निर्वाचित महिला सभासद विनी चौधरी ने शुक्रवार को एक वीडियों जारी किया था, जिसे उन्होंने स्वयं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर वायरल किया है। आरोप है कि नगर का एक सभासद व एक अन्य व्यक्ति उसके पति इनाम से रंजिश रखते है, जिसके चलते उसके पति के विरुद्ध पूर्व में भी झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया था। उसका पति कस्बे में ही स्थित अपनी मार्किट में गया था। जहां पर कई लोगो ने मिलकर उसके साथ में मारपीट की। महिला सभासद ने पुलिस-प्रशासन पर भी उक्त लोगो का साथ देने के आरोप लगाए है।

# मिल ने की पेराई कार्य बंद करने की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली चीनी मिल ने गन्ने की कमी के चलते रोजाना बंद हो रही मिल के चलते अंतिम नोटिस जारी करते हुए देर रात्रि मिल का पेराई कार्य बंद करने की घोषणा कर दी है। चीनी मिल द्वारा दो मई को शुगर मिल बंद किया जाना था, लेकिन बारिश के कारण एक दिन का समय और बढाया गया है।

शुगर मिल के महाप्रबंधक गन्ना सतीश बालियान ने बताया कि शामली चीनी मिल गन्ने की कमी में रोजाना काफी लंबे समय तक बंद हो रही है। तीसरा व अंतिम बंदी नोटिस भी दो मई में मिल बन्द होने के लिए जारी किया जा चुका है लेकिन सुबह में बारिश होने एवं चीनी मिल के कुछ किसानों के अनुरोध पर एक दिन और बढ़ा दिया गया था। इसलिए शनिवार को चीनी मिल रात में किसी भी समय सारा गन्ना पेराई करके सीजन 2024-25 के लिए अंतिम रूप से बंद कर दी जाएगी। उन्होने बताया कि इस वर्ष शामली शुगर मिल ने शहर में बिना किसी जाम के पूरा सीजन किसानों का गन्ना लिया और शहर में गन्ने के वाहनों का जाम नही लगने दिया गया। अगले सीजन में और बेहतर तरीके से मिल को तकनीकी क्षेत्र में बढाया जाएगा।

# झिंझाना-ऊन मार्ग नवीनीकरण का कार्य ठंडे बस्ते में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे से ऊन मार्ग के नवीनीकरण का कार्य फिर से ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। ठेकेदार द्वारा किए गए गबन से क्षेत्र की आवाम परेशान है। लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार को एक साल तक डिबार किया जाना समस्या का हल नहीं है। कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा सींगरा ने मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री को ट्वीट कर समस्या का समाधान किए जाने की मांग की।



ऊन झिंझाना सड़क निर्माण को लेकर लगभग एक माह तक समा. जिक संस्थानों द्वारा ऊन तहसील में धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरने को कांग्रेस सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के जन प्रतिनिधियों का भी समर्थन मिला। जिला प्रशासन द्वारा एक माह में समाधान कराने के आश्वासन से धरना प्रदर्शन खत्म किया गया था, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात। कांग्रेस के यूवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा सींगरा ने बताया कि झिंझाना ऊन मार्ग की स्थिति काफी दयनीय है। सरकार इस मामले में बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रही है। प्रशासन द्वारा ठेकेदार के खिलाफ की गई कार्यवाही से समस्या खत्म नहीं हुई। मार्ग नवीनीकरण कार्य पुनः बंद हो गया स्थानीय प्रशासन द्वारा उक्त सड़क निर्माण कार्य को किसी अन्य कंपनी के माध्यम से सुरु कराया जाना चाहिए। लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार को एक साल तक डिबार किया जाना समस्या का हल नहीं है। लोक निर्माण विभाग एवं कंस्ट्रक्शन कंपनी के बीच जरुर कुछ तय हुआ होगा जिसकी वजह से बजट बिगड़ गया और कंस्ट्रक्शन कंपनी नवीनीकरण कार्य नहीं करा पाई।प्रशासनिक अधिका. रियों को इसका जवाब देना चाहिए कि नवीनीकरण कार्य में किस कारण अड़चनें पैदा हो रही हैं। कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा सींगरा ने मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री को ट्वीट करते हुए लिखा है कि जनपद शामली में झिंझाना ऊन मार्ग ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा किए गए घोटाले की भेंट चढ़ गया है। उक्त मार्ग में गहरे गहरे गड्ढों से राहगीरों की जान आफत में रहती हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई लोगों की फरियादें










**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** शनिवार को जिले की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तीनों तहसीलों में 122 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मात्र 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। डीएम ने फरयादियों की समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरते जाने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

## ऊन तहसील में आई 46 शिकायतें

**ऊन।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी अरविंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें 46 शिकायतें आई। चार शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग 04 , विद्युत विभाग 12, राजस्व विभाग 15, आपूर्ति विभाग 05,विकास विभाग 02, अधिशासी अधिकारी गढ़ीपुख्ता 01, एलडीएम बैंक 01,जल निगम02,शिकायत सहित कुल 46 शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में आई, जिनमें से चार शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में एसपी रामसेवक गौतम, एसडीएम निधि भारद्वाज सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मोजूद रहे।

## एससी के लोगों को जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**ऊन।** तहसील के गांव भड़ी मुस्तफाबाद के मजरे भड़ी कोरियन में दबंगों द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों को दबंगता दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी।पीडितो ने दबंगो पर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में जिला. धिकारी को शिकायत की है। गांव भड़ी मुस्तफाबाद के मजरे भड़ी कोरियन में दबंगो पर जान से मारने की धमकी तथा जबरन धर्म परिवर्तन करने का आरोप लगाते हुए जिला. धिकारी अरविंद कुमार को शिकायत की है ग्रामीणों का आरोप है कि गांव निवासी अफजल, रहमान, हारून ,गुलजार, सोभान आदि लोग घरों पर आकर प्रार्थियों के साथ गाली गलौज व जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं तथा जान से मारने की धमकी दे रहे हैं उन्होंने दबंगो पर जबरन धर्म परिवर्तन कराने के लिए मजबूर करने का भी आरोप लगा है आरोपी रहमान पर गैंगस्टर गौ तस्कर ,स्मैक, हथियार तस्करी के मुकदमे दर्ज हैं जिससे पीड़ित भयभीत है इस संबंध में पीडितो ने जिला अधिकारी से परिवार की जान माल की सुरक्षा करने तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत करने वालों में सुनीता देवी ,सरला देवी, बबिता, रजवंती, दलवीर, धर्मा आदि शामिल रहे।

## सहकारी गन्ना समिति में भ्रष्टाचार की शिकायत

**ऊन।** संपूर्ण समाधान दिवस में गांव नाई नगला जाटान में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर बोई गई गेहूं की फसल का प्रकरण तथा सहकारी गन्ना विकास समिति ऊन में व्याप्त भ्रष्टाचार का मामला जिला अधिकारी के सामने उठाया गया मामला तेजपाल गुर्जर ने उठाया उन्होंने जिलाधिकारी को गांव नाइ नगला जाटान में करीब 500 बीघा भूमि पर अवैध कबजा कर बोई गई गेहूं की फसल के मामले में उप जिला अधिकारी द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है जबकि 22 कब्जाधारियो को नोटिस जारी कर 11 अप्रैल तक अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए गए थे लेकिन 3मई हो गई अभी तक उप जिला अधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है ।इसके अलावा गन्ना समिति में सिंचाई हेतु आए पाइपों के मामला, शादी अनुदान के नाम पर भेजे गए गन्ना भुगतान तथा डीजल की खरीद में घोटाले के आरोप को भी जिलाधिकारी अरविंद चौहान के समक्ष उठाया गया जिस पर अरविंद चौहान ने समिति के मामलों की जांच जिला गन्ना अधिकारी को करने तथा सरकारी भूमि पर फसल के प्रकरण में उप जिलाधिकारी निधि भारद्वाज को कार्रवाई के आदेश दिए है । अब देखना है कि कार्रवाई हो पाती है या नहीं।

## ऊन तहसील में सिविल कोर्ट स्थापना की मांग

**ऊन।** ऊन तहसील में अधिवक्ता लंबे समय से सिविल कोर्ट की मांग कर रहे हैं इस संबंध में अधिवक्ताओं ने मुख्यमन्त्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान को सोपा गया। तहसील बने 10 वर्ष बीत गए लेकिन अभी तक सिविल कोर्ट की स्थापना नहीं हो पाई है तहसील में करीब 102 गांव व तीन नगर पंचायतें शामिल है क्षेत्र के लोगों को न्याय पाने के लिए अब भी 25किमी दूर कैराना जाना पड़ता है अधिवक्ता सिविल कोर्ट की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं अधिवक्ताओं का कहना है कि कुछ माह पूर्व इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा तहसील स्तर पर सिविल कोर्ट की स्थापना करने के निर्देश दिए जा चुके हैं लेकिन फिर भी सिविल कोर्ट की स्थापना नहीं हो पा रही है इस संबंध में अधिवक्ताओ ने जिला अधिकारी अरविंद कुमार चौहान को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सोपा जिसमें शीघ्र ही तहसील में सिविल कोर्ट की स्थापना करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में बार संघ के अध्यक्ष सचिन मलिक, सचिव अनुज वशिष्ठ ,सम्राट सिंह, सतीश,जसवीर सौदाई, रवि सिरोही,तसव्वर अली, अमित सरोहा,अजेंद्र, यसवीर,शादाब, जुनैद सुरेंद्र,जोगेन्द्र, अबरार अहमद आदि शामिल रहे।

## सीडीओ ने सुनी जनसमस्याएं, 29 में से चार निस्तारित

**कैराना।** सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित 29 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र चार का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। शनिवार को तहसील मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने की। इस दौरान भूमि से अवैध कब्जा हटवाने, विपक्षियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तार कराने,गांवों में पेयजल आपूर्ति हेतु किए जा रहे कनेक्शन कार्य को पूर्ण कराए जाने, सार्वजनिक रास्तों से अवैध कब्जा हटवाने,नए राशन कार्ड बनवाने आदि से सम्बंधित 29 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए,जिनमें से चार का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष प्रार्थना-पत्रों को शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। सीडीओ ने अधीनस्थ अधिका. रियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। इस दौरान एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव,तहसीलदार अर्जुन चौहान, अपर चिकित्साधिकारी जाहिद त्यागी समेत विभिन्न विभागों के अधिक. ारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके अलावा शामली कलक्ट्रेट में एडीएम संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उनके समक्ष 47 शिकायती पत्र प्राप्त हुई, जिनमें से 4 शिकायत का निस्तारण किया गया।


**कार्यालय उपजिलाधिकारी तहसील ऊन, जनपद- शामली**

संख्या- 873/र0का0-2025

दिनांक- 03.05.2025

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09.05.2025 को प्रात: 11:00 बजे ग्राम खोडसमा तहसील ऊन स्थित राज्य सरकार भूमि की नीलामी सशर्त कृषि कार्य हेतु नीलाम के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमे ग्राम खोडसमा के ख.नं 781/1.9050, 784/2.8590, 802/6.5340, 799/2.6860, 801/7.3080, 786/ 6.8040, 775म/14.9300, 22/ 5.9370 व 824/21.1580 हे0 हेतु आवंटन/ नीलाम तहसील ऊन स्थित सभाकक्ष में किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति नियत समय एवं दिनांक पर शिविर में उपस्थित होकर नीलामी की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं। नीलामी सशर्त कृषि कार्य हेतु 01 वर्ष के लिए की जाएगी ।

**उपजिलाधिकारी**

**ऊन।**


## एक नजर

### हनी मिशन के तहत बेरोजगारों को हनी बॉक्स होंगे वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जुगल किशोर, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी शामली ने जानक. ारी देते हुए बताया कि उद्प्रद्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जिला ग्रामोद्योग कार्यालय शामली के माध्यम से उत्पाद विकास मानकीकरण एंव गुणवत्ता विनिश्चय योजना द्धहनी मिशनत्र अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 20 नि:शुल्क हनीबाक्स शहद उत्पाद कार्य में रुचि रखने माले बेरोजगार, व शहद उत्पादन कार्य में प्रशिक्षित व्यक्तियों को 05 दिवसीय गुणवत्तापरक प्रशिक्षण कराते हुए प्रत्एक व्यक्ति अनुसूचित वर्ग के ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थी को 05-05 हनीबाक्स वितरित किए जाएगे। लाभ प्राप्त करने के लिए आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक प्रमाण, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मोबाईल नम्बर, फोटो सहित पूर्ण विवरण ऑनलाईन वेबसाईट नचाअपइ।हवअ।पद पर भरकर हार्ड कॉपी दिनांक 14 मई 2025 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, शौर्य गार्डन, गली न.-01, निकट डा. तेज सिंह, रेलपार, शामली में किसी भी कार्यदिवस में जमा कर सकते है। आवेदनकर्ता का चयन मुख्यालय से गठित समिति द्वारा किया जाएगा। नोट-मशीन प्राप्त करने सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में या दिए जा रहे मो. नं.- 7408410819 पर सम्पर्क कर आवेदन किया जा सकता है।

### जीवन प्रमाण पत्र जमा कराने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सहायक कोषाधिकारी शामली द्वारा जनपद कोषागार शामली से पेंशन आहरित करने वाले पेंशनर/पारिवारिक पेंशनरों तथा उनके परिवार के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि जिन पेंशनर ६ पारिवारिक ने अपना जीवन प्रमाण-पत्र कोषागार में जमा नहीं कराया है वे अपना जीवन प्रमाण-पत्र जमा करा दे। पेंशनर /पारिवारिक की मृत्यु की दशा में परिवार के सदस्यों के द्वारा मृत्यु प्रमाण-पत्र कोषागार में आवश्यक जमा करा दे, जिससे आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

### पानी को लेकर दो पक्षों में मारपीट, महिला सहित सात का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गढ़ीपुख्ता थाना क्षेत्र के ग्राम बूंटा में शनिवार को पानी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह मामूली कहासुनी जल्द ही उग्र रूप ले बैठी और देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे। इस दौरान गांव में अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर से लोग घायल हो गए। झगड़े की सूचना मिलते ही गढ़ीपुख्ता पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। इसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों से महिला समेत सात लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। शौकीन, फुरकान, सलमा, सितारा, इमरान, नरगिस, सुक्की सहित अन्य सभी आरोपी ग्राम बूंटा थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली के निवासी हैं।

### नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल एवं अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने शहर के छोटे-बड़े नालों की सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया है ताकि बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या का सामना न करना पडे। सफाई इंस्पेक्टर आदेश सैनी ने बताया कि नगर पालिका टीम नालों की सफाई कार्यो में जुटी हुई है, ताकि बरसात के दौरान नाला ओवरफ्लो न हो। जेसीबी मशीन की मदद से शहर का मुख्य नाला की सफाई कार्य किया जा रहा हे। जिस कार्य में रोजाना 15 से 20 सफाई कर्मियों की सफाई कार्य में डड्ूटी लगाई गई है। शनिवार को निरीक्षण के दौरान ग्राम मैंडेट के पीछे बहता नाला जो गांव करमू खेड़ी में जाकर बह रहा है। कई दिनों से नाला सफाई कार्य किया जा रहा है। यह नाला गाद, मिट्टी और मालबो से पट जाता है। आगामी माह में मानसून आने वाला है। बारिश होने पर छोटे बड़े नालों में पानी का दबाव ज्यादा रहता है। शहर का मुख्य नाला होने से गाद और मालबो से अटा होने पर नाला ओवरफ्लो होने का खतरा बना रहता है। इसे देखते हुए नाले में जेसीबी मशीन द्वारा नाला सफाई कार्य कराया जा रहा है।

### मच्छर जनित रोगों से बचाव का फॉगिंग कराए जाने की मांग

**कैराना।** शनिवार को नगरपालिका परिषद कैराना के वार्ड संख्या-15 से निर्वाचित सभासद शगुन मित्तल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर सीडीओ को प्रार्थना-पत्र दिया है। बताया कि उनके वार्ड में मच्छरों के आतंक से आमजन त्रस्त है। मोहल्लेवासी मच्छरजनित रोगों से ग्रस्त होकर निरंतर बीमार पड़ रहे है। सभासद ने जनहित के मद्देनजर वार्ड में मच्छरों के प्रभाव पर अंकुश लगाए जाने हेतु फॉगिंग कराए जाने की मांग की है।

# कौशल विकास मंत्री कपिल देव ने कराया भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** उत्तर प्रदेश सरकार के कौशल विकास मंत्री ने शाकंभरी देवी मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिस में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित कई मंत्रियों ने भाग लिया।

शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कपिल देव अग्रवाल कौशल विकास स्वतंत्र प्रभार मंत्री ने शाकुंभरी देवी मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित श्रद्धालुओं ने भंडारे में भाग लिया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल मां शाकंभरी देवी के दरबार में पहुंचे और उन्होंने मां के चरणों में नमन करते हुए अपने देश की शांति और खुशहाली के लिए मन्नत मांगी।भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल कपिल देव



अग्रवाल कौशल विकास स्वतंत्र प्रभार मंत्री के द्वारा दिए गये भंडारे में भाग लेने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्री और एमएलसी विधायक पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के जसवंत सैनी राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, कुंवर बृजेश सिंह राज्य मंत्री पी डब्लू डी, पूर्व एमपी राघव लखनपाल शर्मा, सदर विधायक राजीव गुब्बर, विधायक मुकेश चौधरी, विधायक देवेंद्र निम, चौधरी किरत सिंह विधायक, अशोक कटारिया एमएलसी, मांगेराम चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह सैनी, जिला कोषाध्यक्ष अनिल सिंघल, अवनीश कुमार त्यागी एमएलसी, डीसीडीएफ के चेयरमैन सोनेन्द्र राणा, पूर्व विधायक नरेश सैनी, चौधरी विश्वास ब्लॉक प्रमुख, रामू चौधरी जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता, साहब सिंह पुंडीर भाजपा नेता, संजीव कुमार कर्णवाल उर्फ बॉबी, प्रधान प्रदीप गुप्ता लतीफपुर भूड़ , मिर्जा फजलुर्रहमान, आनंद राणा, देवेंद्र राणा, मुकेश चौहान, विजय सैनी, वशिष्ठ गुप्ता सुभाष सैनी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस दौरान प्रशासन की ओर से एडीएम ई रचना त्रिवेदी, एसडीएम मानवेंद्र सिंह, सीओ मुनीष चंद, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मिर्जापुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# कैम्प में हज के सम्बन्ध में दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बा बेहट की शाही जामा मस्जिद मेंहज पर जाने वाले लोगो के लिए ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिस में हज के लिए जाने वाले लोगों को हज के संबंध में ट्रेनिंग दी गई।

कैंप का आयोजन शाही जामा मस्जिद कमेटी व इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी ने किया, जिसमें बेहट और आसपास के इलाकों से हज पर जाने वाले लोगो ने शिरकत की। हज की ट्रेनिंग दारुल उलूम देवबंद के मशहूर उस्ताद-ए-हदीस व नाजिम ए ताल. ीमात मौलाना हुसैन अहमद ने कराई। उन्होंने इस्लाम के पांच अरकान में से हज को अहम रुकन बताते हुए कहा कि हज करने से इंसान के तमाम पिछले गुनाह माफ हो जाते हैं और ये फर्ज उन लोगों पर है जो इस सफर की गुंजाईश रखते हों। उन्होंने मालदार अफराद को हज की तरगीब देते हुए



कहा कि ये अल्लाह का इनआम है, जिसे हलाल माल से अदा करना चाहिए। मौलाना ने हाजियों को हज के तमाम अरकान, एहराम की नियत, तवाफ, सई, वुकूफ-ए-अराफा, मिना और मुझदलिफा जैसे अहम मराहिल की तफसील से ट्रेनिंग दी, जिससे हाजियों को अमली तौर पर हज की समझ हो सके और वो हर अरकान को सुन्नत तरीके से अदा कर सकें। इस मौके पर दारुल उलूम देव. बंद से कारी अब्दुल्लाह कलीम, कारी मुमताज और मदरसा अशरफुल उलूम गंगोह से मुफ्ती अहसान भी तशरीफ लाए। कैम्प में उलमा-ए-किराम की मौजूदगी ने प्रोग्राम को इल्मी और रूहानी रौशनी से भर दिया।

# अखिलेश पर मुकदमे की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नेशनल भीम आर्मी चीफ लोकेश कटारिया ने समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं उसके कार्यकताओं पर सगींन धाराओं में मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की। कलक्ट्रेट स्थित एक प्वाइंट पर ,

पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री कटारिया ने कहा कि देश में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का लगातार अपमान किया रहा है। उन्होंने कहा कि भी भाजपा तो कभी समाजवादी पार्टी के नेता बाबा साहब का अपमान करने से नहीं कतराते। उन्होंने कहा कि देशभर में दलित युवाओं को जान से मारने एवं कभी छोटी बहनों के साथ बलात्कार करके हत्या कर दी जाती है तो कभी बारात रोक दी जाती है।

# हत्या व लूट मामले में कराई रकम बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** एक माह पहले नगर के चिलकाना तिराहे पर चार बदमाशों ने माइक्रो फाइनेंस कर्मी से 592000 हजार रुपए एवं कुछ जरूरी कागजात लूट के बाद हत्या करने वाले बदमाशों को पुलिस पहले ही मुठभेड़ में गिरफ्तार कर उनसे 150000 रुपए कुछ कागजात बरामद कर जेल भेज चुकी है। लुट की बाकी रकम बरामद करने के लिए पुलिस ने एक अभियुक्त को न्यायालय से रिमांड पर लेकर लुट के शेष चार लाख बयालीस हजार बरामद किए।

बीते अप्रैल माह की आठ तारीख की शाम चिलकाना तिराहे पर माइक्रो फाइनेंस कर्मी आशीष एवं उसके भाई अभिषेक से बाइक सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने रुपयों से भरा बैंक लुट आशीष को सर में गोली मार



फरार हो गए थे।जिसमें उसकी मृत्यु हो गई थी । जिसके बाद मृतक के भाई अभिषेक की ओर से बदमाशों के खिलाफ थाना सरसावा में अभियोग पंजीकृत कराया गया था।थाना प्रभारी निरक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में थाना की पुलिस टीमों ने लुट के एक सप्ताह में ही चारों बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर उनसे लूट के 150000 लाख रुपए एवं दस्तावेज आधार, पैन, डेबिट, क्रेडिट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस,बैंक पास बुक बरामद कर चुकी थी।

थाना प्रभारी निरक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि उक्त मामले में पुलिस ने न्यायालय से पीसीआर लेकर लुट के शेष रुपए बरामद करने को अभियुक्त आकाश उर्फ गोल्डी पुत्र राजपाल निवासी मोहन कालोनी अशोक विहार थाना सरसावा का पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर अभियुक्त की निशानदेही पर बॉन्स पुलिया से बिड़वी रोड ग्राम अलीपुरा के समीप गन्ने के एक खेत में चार लाख बयालीस हजार रुपए बरामद किए गए।

# हिन्दू संगठनों ने फूंका आतंकवाद का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** जम्मू कश्मीर के पहलगाव में हुई आतंकी घटना के विरोध में हिंदूवादी संगठनों ने आतंकवाद का पुतला फूंक रोष जाहिर किया।

शनिवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, गौ रक्षा दल के कार्यकर्ता बाला जी धाम के निकट धौलाहेड़ी पठेड मार्ग पर एकत्र हुए। जहां से वह पाकिस्तान का पुतला लेकर पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद, मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पठेड के महंत जगन्नाथ दास चौंक बस स्टैंड पर पहुंचे और पाकिस्तान का पुतला फूंकते हुए मानव श्रृंखला बनाकर पाकिस्तान को उसकी भाषा में ही समझाने की बात कही।

इस दौरान हरीश चेयरमैन, निशांक जैन, आयुष रोहिला व सौरभ



आर्य ने कहा भारत सरकार को पाकिस्तान से एक बार में ही हिसाब चुकता कर लेना चाहिए। क्योंकि पाकिस्तान हमेशा से ही ऐसी हरकते करता आया है अब हिसाब करने का वक्त आ गया है। इस अवसर पर वासू शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय सैनी, सौरभ आर्य, डा.शिवम् चौधरी, अंकित कुमार, रवि कुमार, प्रशांत कुमार, योगेन्द्र शर्मा, पंकज धीमान, प्रमोद कुमार, अजय चौधरी, प्रताप सैनी, राजेन्द्र कुमार, अभय सिंह, टिंकू कुमार, विलास, मोहित शर्मा, जॉनी सैनी, गुलशन, विनीत सैनी, अंकित आदि मौजूद रहे।

# जॉयदीप हैड बॉय व तानिया हैड गर्ल चुने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में हाउस शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के हेड बॉय जॉयदीप और हेड गर्ल तानिया चुना गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या शालू चौधरी, हाउस इंचार्ज, हेड बॉय और हेड गर्ल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। अनुराग, प्रियांशु मिल कर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। समारोह के दौरान चारों हाउस के कप्तानों और उप कप्तानों की घोषणा की गई। प्रधानाचार्या ने सभी कप्तान और उप कप्तान को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सच्चा नेतृत्व केवल आगे बढ़ने में नहीं, बल्कि दूसरों को साथ लेकर चलने में है। विद्यालय के हेड बॉय जॉयदीप और हेड गर्ल तानिया रही। हाउस टीमों में एम्बिशन हाउस के कप्तान अंगराज और उप



कप्तान मानवी, करेज हाउस की कप्तान सलोनी और उप कप्तान अंशुल, पीस हाउस के कप्तान हर्षित और उप कप्तान अक्षी, तथा यूनिटी हाउस के कप्तान अंशुल और उप कप्तान अविका रहे। इन सभी कप्तान और उप कप्तान ने विद्यालय की गरिमा और अनुशासन को बनाए रखने की शपथ ली और अपने कर्तव्यों का निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया।

सभी कप्तान और उप कप्तान को उनके दायित्व के प्रतीक स्वरूप बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया गया।

हाउस कैप्टनों द्वारा हाउस फ्लैग की गर्वपूर्ण प्रस्तुति की गई। जिससे वातावरण गौरवपूर्ण और उत्साहपूर्ण बन गया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पुलिस की पैदल गश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।**थाना फतेहपुर में प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार अपनी समयबद्ध पैदल गश्त और जनसुनवाई के माध्यम से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। प्रतिदिन सुबह पुलिस बल के साथ नियमित गश्त कर वे क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इस दौरान वे ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझते हैं। उनकी यह सक्रियता अपराधियों में खौफ और आमजन में विश्वास पैदा कर रही है।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार द्वारा आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीण अपनी शिकायतें लेकर पहुंचते हैं, जिनका त्वरित निस्तारण किया जाता है। छोटी-मोटी समस्याओं से लेकर गंभीर मामलों तक, वे हर मुद्दे पर गंभीरता से कार्रवाई करते हैं। उनकी इस पहल ने ग्रामीणों को पुलिस प्रशासन के करीब लाया है। नशा तस्करों और अन्य अपराधियों के खिलाफ उनकी सख्त कार्रवाई ने क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया है। कई अभियुक्तों की गिरफ्तारी उनकी रणनीति और समय पर कार्रवाई का परिणाम है। मानवता के प्रति उनका समर्पण भी उल्लेखनीय है। जरूरतमंदों की मदद और सामा. जिक कार्यों में सहयोग ने उन्हें ग्रामीणों के बीच लोकप्रिय बना दिया है। उनकी समयबद्ध गश्त और जनसुनवाई की नीति ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि पुलिस और जनता के बीच की दूरी को भी कम किया है। ग्रामीण अब सुरक्षित महसूस करते हैं और पुलिस पर उनका भरोसा बढ़ा है। धर्मेंद्र कुमार की यह कार्यशैली पुलिस प्रशासन के लिए एक आदर्श उदाहरण है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

# किसान नेता को जान की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर गुर्जर ने अज्ञात बदमाशों द्वारा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। उन्होंने अपनी सुरक्षा की मांग करते हुए कहा कि कुछ असामाजिक तत्व उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं।

पुलिस को दी तहरीर में धर्मवीर गुर्जर ने बताया कि गुरुवार दोपहर लगभग 3:30 बजे वह नकुड़ से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में गांव के पास अचानक तीन युवक काली पल्सर बाइक पर बिना नंबर प्लेट के आए और उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर रोकने की कोशिश की। तीनों युवक नकाब पहने हुए थे और उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी।उन्होंने कहा कि यह घटना



पूर्ण रूप से पूर्व नियोजित लग रही है। बदमाशों ने जिस प्रकार उनका पीछा किया और धमकी दी, उससे यह स्पष्ट है कि वे उनकी जान के पीछे हैं। किसान नेता ने बताया कि वह लंबे समय से किसानों के हक के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जिससे कुछ लोगों को आपत्ति है।धर्मवीर गुर्जर ने पुलिस से अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने व उन्हें उचित सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और शीघ्र ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्र हित में है एक देश एक चुनाव: मंजू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा प्रस्तावित एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम के विषय में नगर के ग्रीन फील्ड एकेडमी में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रक्षा नामदेव के नेतृत्व में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदीनगर से भारतीय जनता पार्टी विधायक मंजू सिवाच ने अपने संबोधन में एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि भारत में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था



जिसकी रिपोर्ट को 2024 में जारी किया गया है और इस रिपोर्ट में एक साथ लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करने के दृष्टिकोण को लागू करने के लिए एक व्यापक रूप रेखा दी गई है इसकी सिफारिश को 18 सितंबर 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकार किया गया जो चुनाव सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है इसका उद्देश्य चुनाव में किए जाने वाले प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करना तथा चुनावी खर्चे को कम करना और लगातार चुनाव के कारण कामकाज में होने वाले व्यवधानों को कम करना है।

उन्होंने बताया कि यह विचार कोई नया विचार नहीं है पूर्व में भी 1951 से 1967 तक एक साथ चुनाव की परंपरा रही है यह कार्यक्रम देश के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आएगा पैसे की बर्बादी रुकेगी और वही पैसा विकास कार्यों लगेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमुद पुंडीर ने की इस अवसर पर गीता चटर्जी एडवोकेट, अनीता शर्मा, राधे श्याम शर्मा, मंजू शर्मा, बलेश मंडल अध्यक्ष, बबीता जिला उपाध्यक्ष, गीता राणा, मनीषी, अंजू त्यागी, अंजू कपिल, मंजू, सोनिया, सहित जिले भर से बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र जुल्फकार को गलत हरकतों के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**जुलफान पुत्र रशीद निवासी ग्राम पैरागपुर मुस्त. थाना कोतवाली देहात, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र मोहित को गलत हरकतों के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**सुरेश पुत्र रामस्वरूप निवासी कस्बा व थाना चिलकाना, सहारनपुर, मौहल्ला जाकिर हुसैन, चिलकाना, जनपद सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र जमीर अब्बास व पुत्रवधु श्रीमती गुलिस्ता को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**सददू पुत्र अब्बास निवासी मिर्जापुर पोल, थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

वैध दजतावेजो में मेरा नाम मौ. मुजाहिद महबूब शेख की जगह मुजाहिद महबूब निजामी दर्ज है। मुझे भविष्य में मुजाहिद महबूब निजामी के नाम से जाना जाए।

**मुजाहिद महबूब निजामी पुत्र महबूब निजामी, मौ. अफगानान, नकुड़ सहारनपुर**

**कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।**

पत्रांक 337/स.वि.प्रा. / जोन-10/2025 दिनांक 03 अप्रैल, 2025

**सार्वजनिक सूचना**

श्रीमती सविता रानी पत्नी श्री सत्यपाल सिंह, निवासी 26-जे. जे.पुरम कालोनी, सहारनपुर द्वारा ग्राम मौहम्मदपुर माफी बैरून के खसरा नं0 114, सहारनपुर में भूखण्ड क्षेत्रफल 102.42 वर्गमी. में व्यवसायिक (बेकरी एवं कन्फेक्शनरी) हेतु ऑनलाईन मानचित्र संख्या SDA/BP/2024-25/0364 स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। सहारनपुर महायोजना-2031 में प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग 'आवासीय' के अन्तर्गत आता है। आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स के प्राविधानों के अनुसार आवासीय भू-उपयोग में 'व्यवसायिक (बेकरी एवं कन्फेक्शनरी)' क्रिया 12 मीटर चौडे मार्ग पर अनुमन्य है। प्रश्नगत स्थल पर उक्त निर्माण को स्वीकृति दिये जाने से पूर्व जोनिंग रेगुलेशन्स के प्राविधानों के अनुसार दो समाचार पत्रों के माध्यम से जनसामान्य से एक माह के अन्दर आपत्ति / सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान है।

एतद्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत स्थल पर उक्त शमन मानचित्र को स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति / सुझाव हो, तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि के एक माह के अन्दर उपाध्यक्ष, सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर के कार्यालय में उपलब्ध कराये जा सकते है।

**उपाध्यक्ष सहारनपुर विकास प्राधिकरण सहारनपुर।**

# जूनियर छात्रों ने फेयरवेल पार्टी दी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल इंजी. नियरिंग एंड साइंसेज विभाग में जूनियर छात्रों ने सीनियर छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी "द गोल्डन स्टार" का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत कुलसचि. चव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह, रिसर्च एंड एसबीईएस प्रो. डॉ राजीव दत्ता ने मां सरस्वती व बाबू विजेंद्र कुमार की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। तत्पश्चात छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना की गई। कुलपति ने अपने शुभकामना सन्देश में कार्यक्रम के आयोजकों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने कार्यक्रम के आयोजकों एवं सभी छात्रों को अनेक शुभकामनाएं दी और छात्रों का उत्साहवर्धन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में अतिथियों द्वारा फेयरवेल विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमे बी. एस.सी तृतीय वर्ष से मिस्टर फेयरवेल आर्यन रावल व मिस फेयरवेल प्राची रही। वहीं एम.एस.सी तृतीय वर्ष से मिस्टर फेयरवेल प्रवेश पाल व मिस फेयरवेल मुस्कान रहमानी रही। कार्यक्रम का आयोजन पारुल सैनी एवं अनम चौधरी के नेतृत्व में व एमएससी एवं बीएससी के छात्रों द्वारा सफतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के अंत में विभागीय अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार ने कुलपति व कुलसचिव का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में डॉ. ऋषभ चित्रांशी, डॉ. अनिल पांडेय, डॉ. गरिमा वर्मा, सरिता शर्मा, अंकुर चौहान, सोनाली राव, अक्षित कुमार और राजकुमार सिंह मौजूद रहा।

# कुश्ती खिलाड़ी चयनित

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के तत्वाधान में आयोजित होने वाली 15 वर्ष एवं 23 वर्ष से कम आयु वर्ग की उत्तर प्रदेश राज्य कुश्ती प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु जिले के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया।

भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम के कुश्ती हाल में आयोजित चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। खिलाड़ियों का चयन जिला कुश्ती संघ सहारनपुर के नेतृत्व में जिला कुश्ती प्रशिक्षक आदेश कुमार एवं जिला कुश्ती संघ सहारनपुर के सह सचिव प्रदीप कर्णवाल द्वारा किया गया। खिलाड़ियों का चयन दो आयु वर्गो 15 वर्ष से कम और 23 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालकों का फ्री स्टाइल एवं ग्रीको रोमन स्टाइल के लिए किया गया, जबकि बालिकाओं का चयन एक ही स्टाइल के लिए होता है। 15 वर्ष से कम आयु वर्ग मे 2 बालिकाओं सहित 17 खिलाड़ियों का चयन किया गया जबकि 23 वर्ष से कम आयुवर्ग मे 2 बालिकाओं सहित 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में 15 वर्ष से कम आयु वर्ग में आर्यन मलियाना 38 किग्रा, शिवम् 41 किग्र, अनमोल कुमार 44 किग्रा, अनुज कुमार 48 किग्रा, नमन गुप्ता 52 किग्रा, आजम मालिक, उद्यम सिंह। बालक ग्रीको रोमन में संस्कार, युवराज पंवार, अनमोल कुमार, नितिन मौर्य, चिराग, लक्ष्य बसंत, अभय राठी, उद्यम सिंह का चयन किया गया। बालिका वर्ग में मुस्कान, मनस्वी राठी। बालक फ्री स्टाइल में सुशील कुमार, साहिल, शादान, मोहम्मद आयान आदि का चयन किया गया।

# आतंकी घटना के विरोध में प्रदर्शन

**गंगोह।** तहसील नकुड आर्य प्रतिनिधि सभा की एक बैठक आर्य समाज लखनौती में आयोजित हुई जिसमें संगठन मजबूती सहित अन्य विचार विमर्श हुआ और पहलगाम आतंकी घटना पर आक्रोश प्रदर्शन किया गया।

आयोजित बैठक में तहसील संगठन मजबूती, आर्य समाजों की सक्रियता, वेद प्रचार, मासिक बैठक, गुरुकुल सोराना आर्य वीर दल प्रशिक्षण शिविर, पौधा गुरुकुल देहरादून रजत जयंती समारोह सहयोग आदि पर सुझाव प्रस्तुत किए गए और सभी पर गहन विचार विमर्श हुआ। तत्पश्चात कश्मीर पहलगाम की आतंकी घटना के विरोध में प्रदर्शन करते हुए 28 शहीद पर्यटकों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला सभा



वरिष्ठ उपाध्यक्ष नाथीराम आर्य व संचालन जिला आर्यवीर दल महामंत्री जगपाल आर्य ने किया। बैठक में नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष मुल्कीराज आर्य, वीरसिंह, पूर्व तहसील प्रधान व आर्य समाज अम्बेहटा मंत्री मा. प्रेमसिंह आर्य, पूर्व तहसील मंत्री व आर्य समाज जाजवा प्रधान अशोक आर्य, आर्य समाज लखनौती प्रधान पुरुषोत्तम आर्य, सुरेंद्र आर्य, नीरज आर्य, नीरज भारती, हर्षित रोहिला, रोहित आर्य, रजत आर्य, विभु आर्य, नितिन आर्य, राजेश आर्य, अमरीक सिंह, नवीनपाल, चंदन वर्मा, सोनू कुमार, सीनू कुमार, भंडारी आदि मौजूद रहे।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की लगाई गुहार

**देवबन्द।** मकान के सामने वाहन खड़ा करने का विरोध करने पर गाली गलौच व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से कार्यवाई किये जाने की गुहार लगाई हैं।

कोतवाली क्षेत्र के साखन कलां गांव निवासी सौरभ ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण को लिखे पत्र में कहा हैं कि पडोसी व्यक्ति ने उसके मकान के सामने अपना वाहन खड़ा किए हुए हैं। जिस कारण से आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त व्यक्ति ने गाली गलौज करनी शुरु कर दी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित ने एसएसपी से जांच कराकर कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की हैं।

# समाज को ऐसे कार्यक्रमों से मिलती है नई दिशा:कुलपति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज देवबंद में आयोजित राष्ट्र निर्माण में शिक्षक का योगदान विषय पर आयोजित सम्मान समारोह में मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी सहारनपुर की कुलपति प्रोफेसर विमला वाई ने मंडल के डिग्री एवं इण्टर कॉलेज के प्रबंधको, प्राचार्य, प्रधानाचार्य एवं समाजसेवियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया।

वक्फ दारुल उलूम रोड स्थित इस्लामिया डिग्री कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी सहारनपुर की कुलपति विमला वाई ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमो से समाज को नई दिशा मिलती है इसलिए ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होने चाहिए। उन्होने कहा कि यूनिवर्सिटी से सबद्ध सभी कॉलेज तरक्की के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कॉलेज के चेयरमैन डा. अजीम-उल-हक ने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों को ऊंचाई पर ले जाने की सीढ़ी है हमें शिक्षो का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान कॉलेज के पास आऊट विद्यार्थियों जो कि सरकारी एवं दूसरें संस्थानों में सेवा दे रहे हैं उन्हें भी सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में प्रोफेसर तनवीर चिश्ती, डा. डीके जैन, सेठ कुलदीप, पूर्व विधायक मौलाना जमील कासमी, अशोक गुप्ता, सय्यद वजाहत शाह, इम्तिनान सिद्दीकी,अरुण सिंघल आदि कॉलेज के शिक्षक व छात्र-छात्राएं शामिल रहें।

### राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में होगी विज्ञान की कक्षाएं प्रारंभ

देवबंद। मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. विमला वाई ने देवबंद स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पहुंचकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अतुल शर्मा से विभिन्न विषयों पर जानकारी लेने के साथ ही कहा कि इसी सत्र से महाविद्यालय में विज्ञान की कक्षाएं शुरू कराई जाएगी। जिसके लिए शीघ्र ही महाविद्यालय में विज्ञान के प्राध्यापकों की नियुक्ति की जाएगी।



# पाकिस्तानी संगठन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के नेता का धमकी देने वाला वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आतंकवाद को संरक्षण दे रहा पड़ोसी देश पाकिस्तानी संगठन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के नेता का गीदड़ भभकी देने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह पाकिस्तानी फौज के साथ हिंदुस्तान में घुसकर दारुल उलूम देवबंद में चाय नाश्ता करने की बात कह रहा है। इस वीडियो ने दारुल उलूम देवबंद को एक बार फिर हिंदू संगठनों के निशाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। बजरंग दल ने दारुल उलूम के तार पाकिस्तानी आतंकवाद से जुड़े होने की बात कहते हुए सरकार से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम पाकिस्तान के नेता मौलाना राशिद महमूद सुम.रो का करीब 21 सेकंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह वीडियो पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की है। इसमें राशिद महमूद सुमरो पाकिस्तान के किसी इलाके में भीड़ को सम्बोधित कर रहा है। वह उकसाते हुए कह रहा है कि अगर पाकिस्तान के लिए जान देनी पड़ी तो फिर ऐसा करेंगे पाकिस्तान की फौज के शाना बशाना सिर्फ सरहदों की चौकीदारी नहीं करेंगे बल्कि हिंदुस्तान में घुसकर दारुल उलूम देवबंद में चाय नाश्ता करेंगे। सरहद पार से आई इस वीडियो ने दारुल उलूम देवबंद को एक बार फिर हिंदू संगठनों के निशाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। वायरल वीडियो पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजरंग दल नेता विकास त्यागी ने कहा कि इस वीडियो ने स्पष्ट कर दिया है कि दारुल उलूम देवबंद के तार पाकिस्तान आतंकवाद से जुड़े हुए हैं। क्या वजह है कि वह खुल्लम-खुल्ला हिंदुस्तान में घुसकर दारुल उलूम देवबंद में चाय नाश्ता करने की बात कर रहा है। विकास त्यागी ने भारत सरकार दारुल उलूम देवबंद की जांच कराते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उधर, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी नितिन गुप्ता ने कहा कि देश में जब जब भी आतंकी हमले हुए हैं उसके तार दारुल उलूम देवबंद से अवश्य जुड़े हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भी देवबंद कनेक्शन इस वीडियो से उजागर हो रहा है। उन्होंने सरकार से उच्च स्तरीय जांच कराते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# चुनाव बार बार होने से देश का विकास होता है बाधित: बंसल

**देवबन्द।** विश्व के सबसे बड़े लो.कतांत्रिक देश भारत की चुनाव प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने बार बार चुनाव होने को देश के विकास के लिए बाधक बताते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव को समय की आवश्यकता बताया।

लोकनिर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह द्वारा मेपल्स एकेडमी प्रांगण में आयोजित भव्य कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि बार बार चुनाव होना देश के विकास में ब्रेकर के समान हैं। अगर हम चाहते है कि देश तेजी से आगे बढ़े तो इसके लिए एक साथ चुनाव होना जरूरी है। कहा कि वर्ष 1995 से लेकर 2025 तक कोई भी साल ऐसा नहीं गुजरा जिसमें देश के किसी ने किसी हिस्से में चुनाव न हुआ हो। एक वोटर पर लगभग 1400 रुपये खर्च होता है। यदि बार बार चुनाव न होकर केवल एक बार चुनाव हो तो इससे खर्च बचेगा और बचने वाले पैसे को विकास की राह में खर्च किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बार बार चुनाव होने के चलते वोटरों में भी उदासीनता बढ़ी है। देखा गया है कि लगभग 40 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते। एक चुनाव होने का फायदा यह होगा कि वोटर भी पूरे उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा। जिससे लोकतंत्र मजबूत होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे योग गुरु पद्मश्री डा. भारत भूषण ने भी एक राष्ट्र एक चुनाव के फायदे गिनाते हुए इसे देश के लिए आवश्यक बताया। लेखक एवं पत्रकार अशोक श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान उनके द्वारा लिखित पुस्तक मोदी वर्सेज खान मार्केट गैंग का विमोचन भी हुआ। प्रधानाचार्या डा. चित्रा जोशी ने कार्यक्रम का संचालन किया। अंत में राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनिवाल, प्रदेश महामंत्री अश्वनी त्यागी, एमएलसी अशोक कटारिया, गंगोह विधायक किरत सिंह, रामपुर विधायक देवेंद्र निम, नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी, सहारनपुर शहर विधायक राजीव गुंबर, जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम, मेयर डा. अजय कुमार, नकुड़ चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता, शिवराज सिंह रोड, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, सभासद मनोज सिंघल, गन्ना समिति चेयरमैन उपेंद्र चौधरी, जामिया तिब्बिया देवबंद के प्रबंधक डा. अनवर सईद आदि मौजूद रहे रहे।





**देवबन्द।** मेपल्स एकेडमी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल

## केबल डालने के कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**देवबन्द।** दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित 33केवी विद्युत उपकेंद्र पर अंडरग्राउंड केबल डालने का कार्य होने के चलते दारुल उलूम समेत आधे शहर की आपूर्ति सुबह से शाम तक बाधित रहेगी। विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रविवार (आज) दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित 33केवी उपकेंद्र पर अंडरग्राउंड केबल डालने का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते 11केवी टाउन फीडर 4 और 5 की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। इस कारण मोहल्ला खानकाह, दारुल उलूम वक्फ, मोहल्ला किला, बेरुन कोटला, पठानपुरा, भायला रोड, सराय मालियान, माविया कॉलोनी समेत दर्जनों कॉलोनियों को आपूर्ति नहीं मिलेगी। इसके साथ ही इस्लामी शिक्षा के केंद्र दारुल उलूम की आपूर्ति भी उक्त समयाविधि तक बंद रहेगी। एक्सईएन ने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने का आह्वान किया है।

## समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

**मेरठ।** तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त मेरठ मंडल हृषिकेश भास्कर यशोद ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समयसीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 41 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया शेष के शीघ्र निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद ने कहा कि आमजन की शिकायतों का संबंधित अधिकारी प्राथमिकता पर लेते हुये त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें।

### लैवेटरी केयर के बादशाह और बॉलीवुड के किंग ने मिलाया हाथ

**मेरठ।** बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान का अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में हार्पिक स्वागत करके अपनी शानदार विरासत की यात्रा को आगे ले जाने की गर्व के साथ घोषणा करता है। यह बेमिसाल पार्टनरशिप हार्पिक की बेहतरीन सफाई की शानदार विरासत और शाहरुख खान के सम्मोहिक व्यक्तिवस, साझा मूल्यों और भारतीय परिवारों के बीच उनकी लोकप्रियता को एक साथ लाती है। मार्केटिंग डायरेक्टर हाइजीन, रेकिट-साउथ एशिया गौतम ऋषि ने कहा, हमें हार्पिक परिवार में शाहरुख खान का स्वागत करते हुए काफी खुशी और गर्व महसूस हो रहा है।

# संपूर्ण समाधान दिवस किया आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संपूर्ण समाधान दिवस में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 33 लोगों ने अलग-अलग विभागों से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शनिवार को खंड विकास कार्यालय सभागार में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 33 लोगों ने अपनी अपनी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखी। जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उपजिलाधिकारी युवराज सिंह ने अन्य शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पाराशन, कोतवाल धर्मेंद्र सोनकर, तहसीलदार अमित कुमार, खण्ड विकास अधिकारी असलम प्रवेज, पालिका अधिशासी अधिकारी डा. धिरेंद्र कुमार राय आदि तहसील स्तरीय सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## आज द्रौपदी घाट मंदिर पर लगेगा मेला


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** महाभारतकालीन ऐतिहासिक द्रौपदी घाट मंदिर पर रविवार को विशाल मेला आयोजित किया जाएगा। वैशाख माह की सप्तमी को लगने वाले मेले की समस्त तैयारियां पूर्ण हो गई है और श्रद्धालु पहुंचना प्रारंभ हो गया है। रविवार को मां द्रौपदी घाट मंदिर पर लगने वाले मेले के लिए महिला श्रद्धालुओं का मंदिर व जैन मंदिरों पर पहुंचना प्रारंभ हो गया है। मंदिर महंत बेगवती ने बताया कि माता द्रौपदी इसी स्थान पर स्नान करने के उपरांत भगवान शिव की पूजा अर्चना करने मंदिर जाती थी। इसलिए इस घाट का नाम द्रौपदी घाट पड़ गया। प्रत्येक वर्ष वैशाख मास की सप्तमी के दिन द्रोपदी मंदिर पर मेला आयोजित होता है। इसके लिए पहले दिन हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालु हस्तिनापुर पहुंच जाती हैं और द्रौपदी मंदिर के प्रांगण में बने सरोवर में स्नान कर मंदिर में पूजा अर्चना करती है और अपने पति की दीर्घायु व परिवार में सुख समृद्धि के लिए बरगद के वृक्ष की पूजा अर्चना कर वृक्ष पर कलावा बांधती है। मेले के लिए मंदिर परिसर व जैन मंदिरों पर दुकानें सज गई है और दूर दराज से महिला श्रद्धालुओं का पहुंचना भी प्रारंभ हो गया है। वहीं मुख्य मार्ग की ओर से मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए मार्ग का कार्य निर्माणाधीन है। इसलिए पुलिस इस मार्ग पर केवल पैदल यात्रियों के लिए रखेगी।

# दिल्ली से आ रही बस और ट्रक की भिड़ंत में 30 सवारी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार की सुबह बागपत फ्लाई ओवर के पास एक बस और ट्रक में भिड़ंत हो गई जिसमें करीब 30 सवारी घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस और राहगीर ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। सूत्रों के अनुसार डबल डेकर बस जिसका नंबर यूके 07पी ऐ 7599 दिल्ली से आ रही थी जैसे ही वह बागपत बाईपास फ्लाईओवर के ऊपर पहुंची तो सामने खड़े ट्रक में भिड़ंत हो गई। बस की टक्कर होते ही उसमें बैठी सवारियों की चीख पुकार मच गई तभी सूचना पाकर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने सभी को बाहर निक.ाला और पास के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमें सुमन, राहुल, जितेंद्र, हरिओम और भी अन्य सवारी घायल हो गई उधर ट्रक चालक सलमान मेरठ निवासी जो बुरी तरह घायल हो गया। सभी को सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया जहां सभी की हालत चिंताजनक बनी हुई है।




## डीएम ने 10 मई को क्रांति दिवस को मनाये जाने के संबंध में की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में 10 मई को शहीद दिवस (क्रांति दिवस) के रूप में मनाये जाने के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में डीएम ने कहा कि क्रांति दिवस भव्य रूप से मनाया जायेगा। उन्होंने प्रभात फेरी के मार्ग में पड़ने वाली सड़को की मरम्मत तथा मूर्तियो की साफ-सफाई के निर्देश दिये गये। अवगत कराया गया कि प्रभात फेरी गांधी आश्रम गढ रोड से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक बुढाना गेट होते हुये शहीद स्मारक पर संपन्न होगी। शहीद स्मारक पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। क्रांति दिवस के अवसर पर औघड़नाथ मंदिर में अमर शहीदो को पुष्प अर्पित कर नमन किया जायेगा। उन्होंने निर्देशित किया कि इस अवसर पर विभिन्न स्कूलो के बच्चो की सहभागिता सुनिश्चित करते हुये दौड़ का आयोजन किया जायेगा। चौधरी चरण सिंह विवि में विभिन्न देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा। क्रांति दिवस पर दिनभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमो में राष्ट्रीय गीत होंगे।

# तहसील तिराहे पर युवक पर गोलियां बरसाने वालों पर लगी गैंगस्टर

### साढ़े चार महीने पहले तहसील तिराहे पर सरेशाम युवक पर बरसाई थी गोलियां

**जानलेवा हमले में जेल में बंद तीनों आरोपी गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** साढ़े चार महीने पहले तहसील तिराहे पर युवक पर सरेशाम गोली बरसाने वाले तीन आरोपियों पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। हालांकि अभी तीनों आरोपी जेल में बंद हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से उन्हें जमानत मिलने का रास्ता भी बंद दिखाई दे रहा है। उधर, कुछ दिन पूर्व आईपीएल सट्टा गिरोह के खिलाफ भी पुलिस गैंगस्टर एक्ट लगाने की तैयारी कर रही है।

**यह था मामला...**

पिछले साल 15 दिसंबर की शाम को तहसील तिराहे पर तीन युवकों ने रंजिशन एवं वर्चस्व की लड़ाई में यश भाटी पर पिस्टल से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई थीं। जिसमें तीन गोली यश को लगी थी। हालांकि उसकी जान तो बच गई, लेकिन उसकी हालत अभी तक ठीक नहीं है और उसका इलाज चल रहा है। घटना के दौरान बाजार में अफरा-तफरी मच गई थी। पुलिस ने मुकदमें में नामजद हैप्पी भाटी पुत्र सुरेंद्र भाटी, अनमोल भाटी पुत्र सेठपाल निवासीगण ग्राम सैफपुर कर्मचंदपुर व सोनू उर्फ डायमंड पुत्र विक्रम निवासी ग्राम निडावली थाना हस्तिनापुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस के साथ आरोपियों की हुई मुठभेड़ में हैप्पी भाटी गोली लगने से घायल हो गया था। उसके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद हुए थे।




**डीएम के अनुमोदन पर लगी गैंगस्टर**

इंस्पेक्टर मवाना विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त तीनों आरोपी गैंग बनाकर हथियारों के बल पर जनता को डराने धमकाने का काम करते रहे हैं। उनका गैंग जनपद स्तर पर सक्रिय है। इसलिए उनका गैंग चार्ट बनाकर डीएम को भेजा गया था। डीएम के अनुमोदन के बाद कार्रवाई करते हुए घटना में नामजद तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया है।

**सट्टा गिरोह पर भी होगी गैंगस्टर की कार्रवाई!**

पिछले सप्ताह नगर में आईपीएल का सट्टा चलाने वाले गिरोह पर भी पुलिस गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर सकती है। पुलिस ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर मवाना ने सट्टा गिरोह चलाने वाले छह आरोपियों को गिरतार कर लिया था, जबकि सात आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि सट्टे के काले कारोबार पर पूरी अंकुश लगाने के लिए गैंगस्टर की कार्रवाई जानी आवश्यक है।

## आईपीएल सट्टे पर फिर मवाना पुलिस का वार, सात सटोरिये गिरफ्तार

**मवाना।** पुलिस ने एक बार फिर से आईपीएल सट्टा पर कड़ा प्रहार किया है। इंस्पेक्टर मवाना ने आईपीएल सट्टा चलाने वाले सात सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से एक टीवी व कई मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनसे सट्टा संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शुक्रवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला हीरालाल में मखदूमपुर अड्डे के पास नाइयों वाली गली में एक मकान में आईपीएल का सट्टा संचालित किया जा रहा है। पुलिस ने बताए गए मकान में छापा मारकर सात लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उस मकान से एक टीवी व छह मोबाइल बरामद किए। इंस्पेक्टर मवाना ने बताया कि नवेज पुत्र मोहम्मद रफी, शमशाद पुत्र मोहम्मद नासिर, जुनेद पुत्र मोहम्मद यूसुफ, शहजाद पुत्र आजाद, शादाब पुत्र इशाक, एहतेशाम पुत्र निजामुद्दीन, सलमान पुत्र राशिद को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके पर आईपीएल का सट्टा संचालित होना पाया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर सभी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दरअसल, पिछले सप्ताह पुलिस ने ऐसे ही एक गिरोह का भंडाफोड़ कर छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से लेपटॉप, टेबलॉयड, बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बरामद किए थे। अभी तक उस मामले में सात आरोपी फरार हैं।

## ग्रह कलेश के चलते वृद्ध पिता ने खाया जहर, हालत गंभीर

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में जमीनी विवाद के चलते पिता ने अपने पुत्रों से दुखी होकर जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। मामले की जानकारी मिलने पर गांव के पूर्व प्रधान अश्वत्थामा व परिजन वृद्ध सुरेशचंद को थाने ले गए। पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरेशचंद के छोटे पुत्र पिंकू की बहू आशा ने डेढ़ महीने पूर्व जमीनी विवाद को लेकर सुरेशचंद के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले को लेकर सुरेशचंद मानसिक रूप से तनाव में चल रहा था।

**सूचना**

मैंने अपना नाम GULNAZ PARVEEN MUNTAJIR HASAN से बदल कर GULNAZ PARVEEN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

GULNAZ PARVEEN
D\O MUNTAJIR HASAN
GAAV ALIPURA SAHARANPU

**सूचना**

मैंने अपना नाम ABDULA MUNTAJIR HASAN से बदलकर ABDULA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

ABDULA
S\O MUNTAJIR HASAN
AMBALA ROAD GAAV
ALIPURA SAHARANPUR

**सूचना**

मैंने अपना नाम MUNTAZIR HASAN MOHAMMAD HASAN से बदल कर MUNTAJIR HASAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

MUNTAJIR HASAN S\O
MOHAMMAD HASAN
AMBALA ROAD GAAV
ALIPURA SAHARANPUR

# पंजाब के साथ भिड़ेंगी लखनऊ

**पंजाब की टीम में अय्यर, नेहाल और शंशाक सिंह की बदौलत बल्लेबाजी मजबूत है**




**धर्मशाला, वार्ता।** प्लेऑफ की दहलीज पर खड़ी पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जांयट्स (एलएसजी) रविवार को हिमालय की सुरम्य वादियों से घिरे धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में अपने अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ेगी।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर चार विकेट की जीत से उत्साहित पंजाब इस मुकाबले में लय और फॉर्म के साथ मजबूती से उतरेगा। पंजाब की जान उसकी विस्फोटक सलामी जोड़ी प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य में है, जिन्होंने इस सीजन में मिलकर करीब 700 रन बनाए हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब की टीम में अय्यर, नेहल वढेरा, शशांक सिंह और कीपर जोश इंगलिस बल्लेबाजी की गहराई को मजबूत बनाते है जबकि गें. दबाजी के मोर्चे पर अर्शदीप सिंह और मार्को जेनसन ने लगातार शुरुआती झटके दिए हैं, जबकि बीच के ओवरों में युजवेंद्र चहल की चतुराई से परिपूर्ण गें. दबाजी ने गेंदबाजी आक्रमण को धार प्रदान की है। सीएसके के खिलाफ उनके चार विकेट ने मुकाबले को एकतरफा कर दिया था। ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई, हरप्रीत बरार और सूर्यांश शेडगे ने पंजाब के पक्ष को और मजबूत किया। इसके विपरीत, ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ की टीम फॉर्म और दबाव दोनों से जूझ रही है, अपने पिछले चार मैचों में से तीन हारने के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर है। मुंबई इंडियंस के हाथों 54 रनों की हार ने उन्हें कगार पर ला खड़ा किया है। रविवार का मैच प्रभावी रूप से उनकी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए जीतना जरूरी है। लखनऊ की बल्लेबाजी में सामंजस्य की कमी है, एडेन मार्करम और मिशेल मार्श स्थिर शुरुआत देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। निकोलस पूरन की नंबर तीन पर शानदार बल्लेबाजी की भरपाई पंत की खराब फॉर्म ने कर दी है, जबकि डेविड मिलर और अब्दुल समद अब मजबूत फिनिशर की भूमिका का सही तरीके से निर्वहन नहीं कर सके हैं। लखनऊ की गेंदबाजी भी औसत रही है। मयंक यादव, लप्रस यादव और आवेश खान ने महत्वपूर्ण ओवरों में रन लुटाए हैं वहीं लेग स्पिनर रवि बिश्नोई उनके सबसे भरोसेमंद हथियार बने हुए हैं। मार्करम और दिग्वेश सिंह राठी भी भरोसे में खरा उतरने के लिए संघर्ष करते दिखायी दे रहे हैं। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसियेशन के खूबसूरत स्टेडियम में शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार रही है। यहां पिछले छह मैचों में से पांच में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीत दर्ज की है, इसलिए टॉस खेल का रुख तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

पंजाब ने इस सीजन की शुरुआत में लखनऊ को उनके घर में आठ विकेट से हराया था, हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में पंजाब लखनऊ से मामूली बढ़त में है। शानदार

# शमी की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय




**● मौजूदा आईपीएल सीजन में शमी की हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए सबसे बड़ी चिंता का कारण रहेगी**

**मुंबई, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने शुरु होने वाले हाई-प्रोफाइल दौरे से पहले अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फॉर्म भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुयी है।

घुटने की चोट के कारण 2023 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहने वाले शमी ने आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में वापसी की थी। भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि मौजूदा आईपीएल सीजन में 34 वर्षीय शमी का हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए चिंता का विषय बना देगा। चोपड़ा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि वह अपनी प्रतिभा के अनुसार प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष करते दिख रहें हैं। सही कहूं तो दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। यह एक बड़ा सवाल है। वह पिछले हफ्ते या पिछले महीने चोट से वापस आए हैं। उन्होने पिछले साल घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया था और अब मई आ चुका है। इस बीच उन्होने एक आईसीसी इवेंट (चैंपियंस ट्रॉफी) खेला है। पूर्व खिलाड़ी ने आशंका जताते हुए कहा कि उन्होंने बहुत सारे मैच खेले हैं। अगर वह अभी भी अच्छा नहीं खेल रहे हैं और इसका कुछ संबंध चोट से है। हम सभी मान रहे हैं कि ऐसा ही है, तो आगे क्या होगा, इस बारे में एक गंभीर प्रश्नचिन्ह है। मौजूदा आईपीएल सीज़न में अपने नौ मैचों में, शमी ने केवल छह विकेट लिए हैं, जिनका औसत 56-16 और इकॉनमी रेट 11-23 रहा है। शमी की खराब फॉर्म का भारत पर असर को लेकर चोपड़ा ने कहा कि हम सभी इस बात पर जोर दे रहे थे कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह अकेले थे, शमी नहीं थे, और अगर शमी होते तो चीजें कितनी अलग होतीं। लेकिन सवाल यह है कि क्या इंग्लैंड में शमी होंगे और किस तरह के शमी होंगे। भारतीय टीम में इंग्लैंड टेस्ट के दौरान वापसी की उम्मीद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरुआत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पीठ में चोट लग गई थी और वे भारत की चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाए थे, लेकिन उसके बाद से वे आईपीएल में वापसी कर चुके हैं। तेज गेंदबाज को 2024 के लिए आईसीसी मेन्स क्रिकेटर ऑफ द ईयर और मेन्स टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। उन्होने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समापन किया था, जिसमें उन्होंने 32 विकेट चटकाए थे। बुमराह ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए अपने सात मैचों में 11 विकेट लिए हैं। सिराज की मौजूदगी से भी भारत को मजबूती मिलेगी, जो इस सीजन में आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में है।

## खेल विशेष

### भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया से मिली एक और हार

**पर्थ, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने चौथे मैच में जोरदार संघर्ष किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गई। पर्थ हॉकी स्टेडियम में भारत के लिए नवनीत कौर (35') और लालरेमसियामी (59') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने ग्रेस स्टीवर्ट (2'), जेड स्मिथ (36') और ग्रेटा हेस (42') के गोल की बदौलत करीबी मुकाबले में जीत हासिल की। पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने पहला गोल करके 1-0 की बढ़त हासिल की। सफलता दूसरे मिनट में ही मिल गई, जब ग्रेस स्टीवर्ट ने गोल किया। भारत ने क्वार्टर के बाकी बचे समय में स्कोर बराबर करने की पूरी कोशिश की, लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सका। दूसरे क्वार्टर में भारत ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर का सफलतापूर्वक बचाव किया और इस अवधि के अंत में एक और खतरे का सामना किया, जिससे हाफटाइम तक अंतर एक गोल तक सीमित रहा।

भारत ने तीसरे क्वार्टर में वापसी की, जब नवनीत ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। हालांकि यह राहत कुछ समय के लिए ही रही, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने तुरंत ही जवाब दिया और 36वें मिनट में जेड स्मिथ के फील्ड गोल ने उन्हें बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने दो और पेनल्टी कॉर्नर जीते, इससे पहले ग्रेटा हेस के 42वें मिनट के गोल ने उनकी बढ़त को फिर से बढ़ा दिया। भारत ने अंतिम क्वार्टर में अंतर कम किया, जब लालरेम्सियामी ने खेल के अंत में गोल किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय आक्रमण को रोककर जीत हासिल की।

### ब्राजील के पूर्व मिडफील्डर डुडू ने क्रूजेरो छोड़ा

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय मिडफील्डर डुडू ने क्रूजेरो से नाता तोड़ लिया है। वह अपने मूल क्लब में मुफ्त ट्रांसफर पर शामिल होने के महज चार महीने बाद ही इससे अलग हो गए हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर प्रकाशित एक संक्षिप्त बयान में क्रूजेरो ने कहा कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा, हालांकि उन्होने कोई और जानकारी नहीं दी।

बयान में कहा गया है कि क्रूजेरो सूचित करता है कि उसने खिलाड़ी के साथ अपने अनुबंध संबंधी समझौते को तत्काल समाप्त करने के लिए एक समझौता किया है। दिसंबर के अंत में पाल्मेरास से बेलो होरिज़ोंटे क्लब में लौटने के बाद डुडू ने क्रूजेरो के लिए सभी प्रति योगिताओं में सिर्फ 17 मैच खेले और दो गोल किए। स्थानीय मीडिया ने कहा कि यह फैसला प्लेमेकर और क्रूजेरो के मैनेजर जॉन स्टीवंस के बीच संबंधों में आई दरार के बाद लिया गया। ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए तीन बार खेलने वाले डुडू ने 2009 में क्रूजेरो के साथ पेशेवर शुरुआत की थी और दो साल बाद डायनेमो कीव चले गए थे।

# सुभाशीष बोस, सौम्या गुगुलोथ ने भारत के शीर्ष फुटबॉल सम्मान से नवाज गए

**■ वर्ष 2024-25 के एआईएफएफ सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी के रूप में नामित**

**भुवनेश्वर, वार्ता।** सुभाशीष बोस और सौम्या गुगुलोथ को एआईएफएफ पुरस्कार दिवस के अवसर पर वर्ष 2024-25 के एआईएफएफ सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया। पुरस्कार समारोह कलिंगा सुपर कप 2025 के फाइनल की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को ओडिशा की राजधानी में आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे के साथ ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और ओडिशा फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष टंकधर त्रिपाठी मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने कहा कि एआईएफएफ पुरस्कारों के इस महान अवसर पर यहां उपस्थित होना सम्मान की बात है। मुझे याद है कि 2002 में जब प्रिय रंजन दासमुंशी एआईएफएफ के अध्यक्ष थे, तब हमने कलिंग फुटबॉल कप को पुनर्जीवित किया था, जिसे स्वर्गीय बीजू पटनायक ने शुरू किया था। कल्याण के साथ मेरी चर्चा के दौरान, हम इस बात पर सहमत हुए कि हम इस बारे में कुछ करेंगे, और मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि कलिंगा सुपर कप के साथ जो किया गया है, वह न केवल ओडिशा राज्य के लिए, बल्कि फुटबॉल के खेल के लिए भी एक बड़ी सेवा है। चौबे ने कहा कि मैं कलिंगा सुपर कप 2025 को बहुत ही सफल तरीके से आयोजित करने के लिए ओडिशा सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। ओडिशा एक ऐसा राज्य है, जिसके पास सबसे अच्छा फुटबॉल बुनियादी ढांचा है और हमेशा विभिन्न तरीकों से खेल को बढ़ावा देता है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि ओडिशा में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है। पिछले साल हमने नई दिल्ली में पुरस्कार समारोह आयोजित किया था, लेकिन इस साल हम कह सकते हैं कि यह बहुत बड़ा और बेहतर है, और हमें उम्मीद है कि आप सभी के समर्थन से हम आने वाले वर्षों में इसे और भी बड़ा बना सकेंगे। बोस और गुगुलोथ के अलावा, अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार विजेता खालिद जमील (सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच), सुजाता कर (सर्वश्रेष्ठ महिला कोच), विशाल कैथ (सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलक. ीपर), एलंगबाम पंथोई चानू (सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर), ब्रिसन फर्नांडीस (होनहार पुरुष खिलाड़ी), तोइजाम थोइबिसाना चानू (होनहार महिला खिलाड़ी), वेंकटेश आर (सर्वश्रेष्ठ पुरुष रेफरी), टेकचम रंजीता देवी (सर्वश्रेष्ठ महिला रेफरी), वैरामुथु पी (सर्वश्रेष्ठ पुरुष सहायक रेफरी), और रिओहलंग धर (सर्वश्रेष्ठ महिला सहायक रेफरी) थे। सुभाषिश बोस संदेश झिंगन (2021), सैयद रहीम नबी के बाद एआईएफएफ पुरुष खिलाड़ी ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने वाले केवल सातवें डिफेंडर बने हैं। सौम्या गुगुलोथ एआईएफएफ महिला प्लेयर ऑफ़ द ईयर अवार्ड जीतने वाली तेलंगाना की पहली खिलाड़ी बनीं। मोहन बागान सुपर जायंटस के लिए स्टिक के बीच ऐतिहासिक और रिकॉर्ड तोड़ने वाले अभियान के बाद विशाल कैथ को सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर चुना गया।

# ब्रिटेन के जोश ने दर्ज की पहली ग्रैंड स्लैम ट्रैक जीत




**फ्लोरिडा, वार्ता।** ब्रिटेन के जोश केर ने मियामी में पहले ग्रैंड स्लैम ट्रैक सत्र की दूसरी प्रतियोगिता के रूप में पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में जीत दर्ज की। विश्व चैंपियन ने शुक्रवार को श्रृंखला की अपनी पहली जीत के लिए दौड़ लगाई। पेरिस 2024 ओलंपिक में रजत जीतने वाले केर ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता यारेड नुगुसे और ओलंपिक चैंपियन कोल होकर से आगे रहने के लिए तीन मिनट 34-51 सेकंड का समय लिया। पुरुषों की छोटी दूरी के दावेदार शनिवार को 800 मीटर से अधिक की दौड़ भी लगाएंगे, ताकि इसके लिए स्लैम विजेता का निर्धारण किया जा सके और उन्हे एक लाख डॉलर की राशि प्राप्त हो। दो बार के ओलंपिक 100 मीटर पदक विजेता फ्रेड केर्ली ने मियामी में भाग नहीं लिया। उन्हें शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रैंड स्लैम ट्रैक जिसकी संकल्पना चार बार के ओलंपिक चैंपियन माइकल जॉनसन ने तैयार की थी। उसका उद्घाटन समारोह पिछले महीने जमैका के किंग्स्टन में हुआ था, लेकिन तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान नेशनल स्टेडियम में बहुत सी खाली सीटें थीं।

# कैस्पर रुड मैड्रिड ओपन के फाइनल में



**■ नॉर्वे के कैस्पर रूड ने 6-4, 7-5 से जीत दर्ज की**

**मैड्रिड, वार्ता।** पसलियों की चोट से जूझने के बावजूद नॉर्वे के कैस्पर रूड ने फांसिस्को सेरुंडोलो पर 6-4, 7-5 से जीत के साथ रविवार के मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी को शुरुआती सेट में तीन गेम में उपचार की आवश्यकता थी, लेकिन फिर भी वह 18 ब्रेक पॉइंट में से 15 को बचाने में सफल रहे। रूड ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यकीन नहीं था कि मैं मैच खत्म कर पाऊंगा। वार्म-अप के दौरान, कोर्ट पर जाने से ठीक पहले मुझे अपनी पसलियों में कुछ महसूस हुआ। मैंने लगभग हर शॉट में इसे महसूस किया, खासकर सर्व में। सौभाग्य से, मुझे इसका कुछ त्वरित उपचार मिल गया। आप बहुत कुछ नहीं कर सकते, आपके पास फिजियो के साथ केवल तीन मिनट हैं। इसलिए मैं अब जाकर इसे और देखूंगा। क्ले पर रूड का यह 18वां फाइनल होगा, नोवाक एकमात्र सक्रिय खिलाड़ी हैं जो क्ले पर सबसे अधिक बार फाइनल तक पहुंचे हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने रेड डर्ट पर 11 खिताब जीते हैं और उनकी सबसे हालिया सफलता मई 2024 में जिनेवा ओपन में आई है। ड्रेपर ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा कि कैस्पर दो बार रोलैंड फाइनलिस्ट रहे हैं।

# मुंबई फाल्कन्स ने श्रेयस को बनाया आइकॉन प्लेयर




**संयमित व्यवहार और खेल की गहरी समझ अय्यर को आइकॉन प्लेयर के रूप में आदर्श विकल्प बनाती है**

**मुंबई, वार्ता।** सोबो मुंबई फाल्कन्स ने 2025 सीज़न के लिए श्रेयस अय्यर को अपना आइकॉन प्लेयर बनाया है। इस घोषणा के साथ, फ्रैंचाइज़ी को एक शीर्ष-स्तरीय लीडर मिल गया है।

?सोबो मुंबई फाल्कन्स के मालिक अमीत एच गढोके ने कहा कि श्रेयस अय्यर को सोबो मुंबई फाल्कन्स परिवार में शामिल करने पर हमें बहुत खुशी है। उनके संयमित व्यवहार और खेल की गहरी समझ उन्हें हमारे आइकॉन प्लेयर के रूप में आदर्श विकल्प बनाती है। यह नियुक्ति एक ऐसी टीम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो न केवल प्रतिभाशाली है बल्कि टी20 मुंबई लीग के शीर्ष पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए भी तैयार है। उन्होने कहा कि अपने शानदार करियर और भारतीय क्रिकेट में बेजोड़ योगदान के लिए मशहूर श्रेयस अय्यर सिर्फ़ सोबो मुंबई फाल्कन्स में शामिल नहीं हो रहे हैं, बल्कि वे टीम के लिए एक निर्णायक ताकत के रूप में कदम रख रहे हैं।

यह नियुक्ति उत्कृष्टता के प्रति एक साहसिक प्रतिबद्धता का संकेत देती है। सोबो मुंबई फाल्कन्स के ब्रांड एंबेसडर कपिल देव ने कहा कि श्रेयस अय्यर खेल के सच्चे लीजेंड हैं और टीम में उनका शामिल होना अपने आप में एक बयान है। मुझे पूरा विश्वास है कि उनकी मौजूदगी टीम के हर खिलाड़ी को प्रेरित करेगी और लीग के दौरान अमूल्य मार्गदर्शन प्रदान करेगी। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। फ्रैंचाइज़ी में शामिल होने पर श्रेयस अय्यर ने कहा कि यह टीम मुंबई क्रिकेट की प्रेरणा और महत्वाकांक्षा का प्रतीक है और मैं इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद करने के लिए यहां हूं। यह सिर्फ़ व्यक्तिगत सफलता से कहीं बढ़कर है।

# लेगिया ने पोगोन को हराकर पोलिश कप जीता

**वारसॉ, वार्ता।** लेगिया वारसॉ ने शुक्रवार को यहां नेशनल स्टेडियम में पोगोन स्ज़ेसिन को 4-3 से हरा कर पोलिश कप पर कब्जा कर लिया। लेगिया ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और 13वें मिनट में रयोया मोरीशिता ने दायीं ओर से दो विरोधियों को पीछे छोड़ते हुए लुक्विनहास को एक सटीक पास दिया, जिसने गेंद को नज़दीक से नेट में टैप करके अपनी टीम को आगे कर दिया। कोच गोंकालो फियो के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने इसके बाद भी हमले करना जारी रखा। 25वें मिनट में, उनके पास अपनी बढ़त को दोगुना करने का एक शानदार मौका था, जब गोलक. ीपर वैलेंटिन कोजोकारू द्वारा राडोवन पैनकोव को फाउल करने के बाद रेफरी ने पेनल्टी स्पॉट की ओर इशारा किया। हालांकि, 29 वर्षीय गोलकीपर ने मार्क गुआल के पेनल्टी प्रयास को बचाकर खुद को बचाया। पोगोन ने 32वें मिनट में रफाल कुर्जावा के शॉट से जवाब दिया, जो लंबी दूरी से क्रॉसबार पर लगा। ब्रेक से चार मिनट पहले, रॉबर्ट कोलेंडोविक्ज़ की टीम ने कामिल ग्रोसिकी के एक शानदार क्रॉस के बाद बराबरी कर ली, जिससे डेनिजेल लोनकर ने एक बेहतरीन हेडर से गोल कर दिया, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। लेगिया के लिए दूसरे हाफ की शुरुआत बेहतरीन तरीके से हुई। 46वें मिनट में, पावेल वस्ज़ोलेक के शॉट को रोक दिया गया, लेकिन मोरिशिता ने रिबाउंड पाया और कोजोकारू को पीछे छोड़ते हुए लेगिया को बढ़त दिला दी। 64वें मिनट में, फियो की टीम ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। मोरिशिता के एक शानदार थ्रू पास के बाद, इल्या शकुरिन ने कोजोकारू को पीछे छोड़ते हुए खाली नेट में गोल किया और लेगिया को दो गोल की बढ़त दिला दी। पोगोन ने तीन मिनट बाद ही एफथिमिस कोउलोरिस के जरिये अपना दूसरा गोल करने के लिए अथक संघर्ष किया, जिसका शॉट रुबेन विनाग्रे से टकराकर बाएं लवग से एक कम पास के बाद नेट में चला गया। 85वें मिनट में, विनाग्रे ने सुधार किया और पोस्ट में एक सटीक शॉट लगाया और स्कोर 4-2 कर दिया।

# 2026 विश्व कप तक नेमार को अपने साथ रखना चाहता है सैंटोस



**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** सैंटोस के अध्यक्ष मार्सेलो टेक्सेरा ने शुक्रवार को कहा कि क्लब चोट की चिंता को दरकिनार कर नेमार के अनुबंध को अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप तक बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। नेमार यूरोप में एक दशक से अधिक समय और सऊदी अरब में रहने के बाद जनवरी में छह महीने के अनुबंध पर अपने बचपन के क्लब सैंटोस में शामिल हो गए थे। टेक्सेरा ने कहा कि हमें एक तकनीकी तरीका तलाशना होगा ताकि हम नेमार की चोट की रिकवरी और मैदान पर उनकी मौजूदगी की निगरानी को इस तरह बदल सकें कि उनके अनुबंध को नवीनीकृत करने और अगले साल होने वाले विश्व कप तक बने रहने की संभावना बढ़ जाए। पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट के बाद वापसी करने के बाद से नेमार पैर की मांसपेशियों की समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वे एक साल से अधिक समय तक मैदान से बाहर रहे। 33 वर्षीय ने सैंटोस के साथ अपने हालिया कार्यकाल में केवल नौ मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने तीन गोल किए हैं और तीन असिस्ट दिए हैं। टेक्सेरा ने कहा कि जब हम नेमार को वापस लाए, तो हमें पता था कि उसे बहुत गंभीर चोट लगी है। यह जानते हुए, हमने अपने सभी स्टाफ को नेमार के लिए उपलब्ध कराया और प्रयास किया वह पूरी तरह से ठीक हो सके। वह यहाँ खुश है। यह उसका घर है। सैंटोस वर्तमान में 20 टीमों की ब्राज़ीलियाई सीरी ए स्टैंड़िग में छह मैचों में चार अंकों के साथ 19वें स्थान पर है।

# ड्रग टेस्ट में फेल होने की सजा काट रहा हूं: रबाडा



केपटाउन,, वार्ता। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने कहा कि वह ड्रग टेस्ट में विफल होने के कारण अनंतिम निलंबन की सजा काट रहे हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने की शुरुआत में गुजरात टाइटंस के लिये खेल रहे 29 वर्षीय रबाडा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) बीच में छोड़ कर घर लौटे थे ताकि महत्वपूर्ण व्यक्तिगत मामले से निपट सकें लेकिन अब उन्होंने पुष्टि की है कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने एक प्रतिबंधित दवा का सेवन किया। रबाडा ने हालांकि दवा या अपने प्रतिबंध की अवधि का खुलासा नहीं किया। रबाडा को लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलना है, जहां दक्षिण अफीका 11-15 जून तक ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। दक्षिण अफीका के लिए 241 मैच खेल चुके रबाडा ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर्स एसोसिएशन द्वारा जारी एक बयान में कहा कि मैं उन सभी से बहुत खेद व्यक्त करता हूं, जिन्हें मैंने निराश किया है। मैं क्रिकेट खेलने के विशेषाधिकार को कभी भी हल्के में नहीं लूंगा। यह विशेषाधिकार मुझसे कहीं बड़ा है। यह मेरी व्यक्तिगत आकांक्षाओं से परे है। उन्होने कहा ह मैं एक अनंतिम निलंबन की सजा काट रहा हूं और मैं उस खेल में वापसी करने के लिए उत्सुक हूं जिसे खेलना मुझे पसंद है।ह रबाडा अच्छी फॉर्म में थे और अक्टूबर में 300 विकेट लेने वाले छठे दक्षिण अफीकी क्रिकेटर बने।वह 11,817 गेंदें खेलकर इस मील के पत्थर तक पहुँचने वाले सबसे तेज़ गेंदबाज़ थे।

# पक्षियों के लिए छतों पर रखें दाना पानी: डा.अजय

## चिलचिलाती धूप व लगातार बढ़ती गर्मी में मेयर ने की नगर निगम के पक्षियों के लिए दाना पानी अभियान की शुरुआत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चिलचिलाती धूप और लगातार बढ़ती गर्मी में नगर निगम ने एक नयी पहल करते हुए पक्षियों को दाना-पानी और आसरा उपलब्ध कराने का अभियान शुरु किया। अभियान की शुरुआत 'पर्यावरण संरक्षण और हम' कार्यक्रम के तहत महापौर डॉ. अजय कुमार ने गांधी पार्क में पेड़ों पर घोंसले लटकाकर व पार्क परिसर में बर्ड फीडर रखकर की।

अभियान की शुरुआत महापौर डॉ. अजय कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। महापौर ने लोगों से प्रति. बंधित पॉलीथिन का उपयोग न करने तथा जल संरक्षण एवं पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संतुलन बनाये रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह आध्यात्मिक दृष्टि से ही नहीं पर्यारण संरक्षण के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निगम का यह अभियान एक सप्ताह तक चलेगा। इस दौरान निगम शहर के मुख्य पार्को, कलक्ट्रेट, कचहरी व अन्य सरकारी कार्यालय परिसरों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए घोंसले लगाने तथा दाना पानी आदि का प्रबंध करेगा और लोगों को भी प्रेरित करेगा।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने बच्चों से पर्यावरण विज्ञान में क्या पढ़ाया जाता है, पेड़ों से हमें क्या लाभ है, वृक्ष हमें क्या-क्या देते हैं आदि प्रश्न पूछे। बच्चों ने बडे़ उत्साह से प्रश्नों के उत्तर दिए। महापौर ने सभी बच्चों को एवं उनके शिक्षक को पुरस्कृत किया और घोंसले प्रदान करते हुए उन्हें अपने घर तथा आसपास लगाने के लिए प्रेरित किया। उपसभापति मुकेश गक्खड, पार्षद राजेंद्र कोहली, साहित्यकार डा.वीरेंद्र आजम ने भी विचार रखे।

अपर नगर आयुक्त मृत्युंजय, नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीण शाह, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह, सहायक लेखाधिकारी राजीव कुशवाह, वरिष्ठ लेखा परीक्षक अजमैन, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरि प्रकाश कसाना, एई जल राजेंद्र व ललित, पर्यावरण इंजी. नियर दीपक विशाल व जेई समर गौतम ने भी महापौर का स्वागत किया। संचालन डॉ. वीरेन्द्र आजम ने किया।

# विधायक आशु के प्रयासों से नाला निर्माण स्वीकृत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के देहात विधानसभा से विधायक आशु मलिक के प्रयासों से मानकमऊ में बडी नहर से म्हाडी तक आरसीसी नाला स्वीकृत हो गया है। यह निर्माण 96 लाख रुपये की लागत से होगा।

मानकमऊ क्षेत्र के लोगों ने विधायक आशु मलिक को बताया था कि फोर लाइन का कार्य विकास प्राधिकरण द्वारां शुरू कराया गया था लेकिन इसमें नाला नहीं था। जिस कारण जलभराव की अनेक कॉलोनियो की गम्भीर समस्या बनी थी। विधायक आशु मलिक ने आवास एवं शहरी नियोजन प्रमुख सचिव को पत्र लिखा। जिसमें कहा गया कि मानकमऊ में बडी नहर से म्हाडी तक सडक चौडीकरण कार्य प्रगति पर है, लेकिन इस सडक के आसपास कालोनी के लोगों के यहां जलभराव की समस्या है। सडक चौडीकरण कार्य जलभराव के कारण अल्प अवधि में ही क्षतिग्रस्त हो जायेगी। जिससे शासकीय धन का दुरूपयोग होगा। इसलिये जलनिकासी के लिये एक सीसी नाला निर्माण जरूरी है। विधायक ने बताया कि प्रमुख सचिव को भेजे गये पत्र के बाद सीसी नाला निर्माण स्वीकृत हो गया है।

# मृतकों की याद में दो मिनट का मौन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पंजाबी एकता समिति ने पहलगाम की घटना के विरोध में अपना स्थापना दिवस कार्यक्रम रद्द करते हुए पहलगाम के मृतकों की याद में दो मिनट का मौन रखा। साथ ही एक राष्ट्र एक चुनाव का भी समर्थन किया।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार मे आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओ ने कश्मीर के पहलगांव की घटना की वजह से फिलहाल स्थापना दिवस के होने वाले कार्यक्रमों को फिलहाल रद्द किया एवं कश्मीर के आतंकियों द्वारा किये गये कृत्य की कड़े शब्दों मे निंदा की। मीटिंग के दौरान एक राष्ट्र एक चुनाव नीति पर भी वार्ता हुई जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। इसके बाद पहलगाम के आतंकी हमले के मृतको की याद मे 2 मिनट का सार्वजनिक मौन रख के सभा का समापन किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष एम पी सिंह चावला, महामंत्री राजीव फूटेला, संरक्षक एस सी सपड़ा, सलाहकार हरजीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवनीत अरोड़ा, मुख्य संयोजक विवेक चावला, युवा संयोजक सन्नी परुथी, बब्बू, भानू, संयुक्त मंत्री अनिल गिल्होत्रा, डा दीपक ठक्कर, गुरजीत मल्होत्रा, अनिल धारिया, बलजीत सिंह, मुकेश तलवार, वरुण चावला, अजय ठकराल, अरविंदर पाल चावला, विनोद आदि ने भी विचार रखे।

## पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमले का आरोप

**नकुड़।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शुक्रताल में सोमवार रात एक पुलिसकर्मी ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर सनसनी फैला दी।

आरोप है कि गांव का ही विश्वास उत्तर प्रदेश पुलिस में जनपद बुलन्दशहर में तैनात है, तथा वह इन दिनों गांव में छुट्टी पर गांव आया हुआ था। पीड़ित अमन पुत्र गजेन्द्र सिंह ने बताया कि वह गेहूं कटाई के बाद घर पर सो रहा था। रात में विश्वास उसके घर की दीवार कूदकर अंदर आया, तथा सोते हुए अमन पर चाकू से वार कर दिया। वार सीने पर किया गया था, लेकिन अमन ने हाथ से बचाव किया, जिससे उसका हाथ बुरी तरह से कट गया। मच्छरदानी भी चाकू से फट गई और खून में सन गई। पीड़ित अमन के मुताबिक हमलावर ने कहा तू चार साल पहले बच गया।

# भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री बंसल का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**छुटमलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का शनिवार को छुटमलपुर के फतेहपुर चौक पर जोरदार स्वागत किया गया।

मंडल अध्यक्ष अमित सेन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उन्हें पटका और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। यह स्वागत तब हुआ जब बंसल मां शाकुंभरी देवी के दर्शन के लिए जा रहे थे। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य अश्वनी त्यागी, मोहित बेनीवाल, अशोक कटारिया, राज्य मंत्री कुंवर बृजेश, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह सैनी और पूर्व विधायक नरेश सिंह सैनी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। स्वागत करने वालों में भाजपा नगर प्रभारी मंजू शर्मा, वरिष्ठ नेता प्रवेश कंबोज, यशपाल प्रजापति, प्रधान राजकुमार, मास्टर ओम प्रकाश सैनी, डॉ. देवेंद्र सिंह सैनी, विशाल बंसल, अंकित वर्मा, तनवीर अंसारी, गौरव वर्मा, हेमंत सैनी, अनुज राणा, विजय राणा, प्रतीत उपाध्याय, सभासद ममता शर्मा, प्रियंका कंबोज, अंकुर सैनी, सोनू धीमान, मांगेराम शर्मा, राजेंद्र सेन, अनुज जैन, बबीता धीमान, कमला देवी, रेनू सैनी, उर्मिला सैनी और अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यकर्ताओं का उत्साह और एकजुटता इस स्वागत समारोह की खासियत रही। बंसल ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

## सांसद इकरा ने जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** कैराना सांसद इकरा हसन ने कहा कि क्षेत्र के विकास कराना व क्षेत्र के मुद्दे को सदन में उठाकर उचित समाधान कराना है

क्षेत्र के ग्राम भाबसी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मास्टर राजकुमार शर्मा के निवास पर कैराना सांसद चौधरी इकरा हसन का भव्य स्वागत स्वागत किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए केराना सांसद इकरा हसन नें कहा कि भाबसी गांव से प्रत्याशी होने के बावजूद भी गांव के लौगो नें मुझे अपने आशिर्वाद से नवाजा में जिंदगी भर आपकी ऋणी रहूंगी। इकरा हसन नें कहा कि आपके गांव का बेटा मेरे सामने प्रत्याशी था जिस कारण हम गांव में कोई प्रोग्राम नहीं करा सके।गांव में कोई प्रोग्राम ना होने के बाद भी गांव वासियों नें अपना भरपूर समर्थन दिया।

# ध्यान से करें सोशल मीडिया का उपयोग: चौहान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को विभिन्न योजनाओं के साथ ही सोशल मीडिया के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का उद्देश्य देश की हर बेटी को उनकी सुरक्षा व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है क्योंकि जागरुकता के अभाव मे अनेक व्यक्ति उत्पीड़न का शिकार बन जाते है। कोतवाली सदर बाजार प्रभारी रोजन्त त्यागी ने कहा कि छात्राएं अपने अधिकारो व सुरक्षा के प्रति सजग रहे तथा अपने साथ होने वाले किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार पर हेल्प लाइन या नजदीकी थाने पर सूचना अवश्य दें। प्रधानाचार्य सुधीर जोशी ने सोशल मीडिया के लाभ व हानि बताया। बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज ने छात्राओं के साथ एआई व सोशल मीडिया के बारे में विस्तार से चर्चा की। महिला उपनि. रीक्षक अंजू ने हैल्पलाइन नंबर की जानकारी दी।जिला मिशन समन्वयक नेहा शर्मा, संरक्षण अधिकारी एकता शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता रीना, महिला कल्याण विभाग के वन स्टाप सेंटर कीशैलजा शर्मा व रविता मैथानी ने अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## हथियार समेत दबोचा

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस ने लुट की घटना में वांछित चल रहे एक आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया गया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कोतवाली बेहट के गांव कादरपुर में गत वर्ष 2 दिसंबर 2024 को बदमाशों ने नरेश पुत्र विजय पाल के घर में घुसकर नगदी तथा आभूषण लूट ले गए थे। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करवाया गया था पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर बदमाशी की धड़पकड़ में लग गई थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे ने बताया कि उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गांव कादरपुर में लूट की घटना में शामिल एक व्यक्ति गांव नौगावा के पास कही जाने के लिए खड़ा हुआ है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस की गाड़ी को देख वहां खड़ा एक व्यक्ति वहां से भागने लगा तो पुलिस ने उसे दबोच लिया।

# रेप मामले में पूर्व एमएलसी महमूद समेत चार को सजा

**महमूद को 12 तथा जावेद, अलीशान व अफजाल को 5-5 वर्ष कैद**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के पूर्व एमएलसी महमूद अली और हाजी इकबाल के बेटों को रेप मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई है।

बता दे कि महिला थाने पर पीडिता ने 21 जून 2022 को पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल, उसके भाई पूर्व एमएलसी हाजी महमूद, बहनोई दिलशाद व हाजी इकबाल के तीन बेटों जावेद, अलीशान व अफजाल के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। ट्रायल के दौरान आरोपियों द्वारा वादिया को पक्षद्रोही घोषित करने का भरसक प्रयास किया। जिसमें पुलिस द्वारा कोर्ट में सघन पैरवी की गई। न्यायालय एडीजे 12 विशेष एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा कठोर कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने पूर्व एमएलसी महमूद अली को रेप के मामले में दोषी मानते हुए 12 वर्ष और 5 लाख जुर्माने की सजा सुनाई। वही पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल के बेटों आलीशान, जावेद और अफजल को कोर्ट ने दोषी मानते हुए 5 वर्ष की सजा और 2 लाख जुर्माने की सजा सुनाई।

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार के अन्तर्गत जनपद के नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रत्येक माह को एक कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जाता है।

## स्कूल चलो अभियान रैली निकाली



**सहारनपुर।** स्कूल चलो अभियान अभियान के अंतर्गत रैली मे प्राथमिक विद्यालय पुल खुमरान मुंशीयान और पटेल मिल नगर क्षेत्र में संयुक्त रूप से रैली निकाली गई।

जिसका शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सोमवीर सिंह जिला समन्वयक कृपाल मलिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। स्कूल चलो अभियान की रैली प्राथमिक विद्यालय पटेल मिल से उद्घोष के साथ बेहत रोड की बस्तियों में समस्त बच्चो को विद्यालय में नामांकन के लिए प्रेरित किया गया। रैली में पार्षद ज्योति अग्रवाल द्वारा बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूल में कराये जाने का आहवान किया। रैली में डॉ गोपाल शर्मा ए आर पी, चारू महेश्वरी ए आर पी, राकेश शर्मा, श्रीमती राबिया, अमर दीप भटनागर, निगहत सुल्तान, रिशु वर्मा, सीमा परवीन, तबस्सुम, शिल्पा आर्य, रामेश्वर प्रसाद, मयंक शर्मा मौजूद रहे।

# नगर में बिना लाइसेंस पाले जा रहे पालतू कुत्ते जब्त




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने बिना लाइसेंस के पाले जा रहे पांच पालतू कुत्ते (श्वान) को आज जब्त कर लिया और एक श्वान द्वारा गंदगी फैलाये जाने पर उसके स्वामी पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा निगम अधिकारियों ने जनता रोड व बेहट रोड की दो पशु डेरियो से गंदगी फैलाने पर दस हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया।

शहर के प्रद्युमन नगर स्थित एक घर में नगर निगम से लाइसेंस बनवाये बिना विदेशी ब्रीड के पांच श्वान अवैध रुप से पाले जा रहे थे। इसकी शिकायत आईजीआरएस पर की गयी थी। नगरायुक्त के निर्देश पर श्वान पालक को जुर्माना जमा करने और अपने घर से तीन श्वान हटाने के निर्देश दिए गए। चूंकि दो सौ गज के आवास में केवल दो श्वान पालने की ही अनुमति है। श्वान पालक द्वारा जुर्माना न देने पर उक्त पांचों श्वान को नगर निगम द्वारा जब्त कर लिया गया।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा श्वान पालकों से लगातार अपील की जा रही थी कि लोग अपने पालतू श्वान का रजिस्ट्रेशन नगर निगम में अवश्य करा ले। इसके अलावा जनसुनवाई में आयी एक शिकायत पर कार्रवाई करते हकीकत नगर में गंदगी फैलाने वाले एक श्वान पालक पर भी एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा ने बताया कि नगर निगम बगैर लाइसेंस के श्वान पालने वालों के विरुद्ध अभियान चलायेगा और कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि विदेशी ब्रीड के श्वान का रजिस्ट्रेशन पांच सौ रुपये प्रतिवर्ष है। उन्होंने बताया कि बगैर लाइसेंस के श्वान पालने वालों पर पांच हजार रुपये प्रति श्वान जुर्माना तथा अवैध डॉग ब्रीडिंग सैंटर पर 20 हजार रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होने बताया कि नगर निगम में श्वान के लाइसेंस बनवाने के लिए पांच सौ रुपये लाइसेंस फीस, श्वान मालिक का आधार कार्ड तथा श्वान का एंटी रेबीज वैक्सिनेशन सर्टिफिकेट नगर निगम सहारनपुर के पशु कल्याण विभाग में जमा करना होगा।

उधर आज जनता रोड व बेहट रोड स्थित दो पशु डेयरियों द्वारा गोबर से गन्दगी फैलाने पर दस हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। निगम अधिकारियों ने डेयरी संचालकों को कड़ाई के साथ निर्देश दिए कि नाले-नालियों व खुले में गोबर न डालें अन्यथा भारी जुर्माना वसूलने के साथ साथ पशु भी जब्त किये जायेंगे और एफआईआर दर्ज कराकर कार्रवाई की जायेगी।

## दो लोग गिरफ्तार

**गंगोह।** कोतवाली पुलिस ने नशे का कारोबार करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के पास से 310 ग्राम स्मैक, एक बाइक, दो मोबाइल रूपये 920 की नकदी बरामद हुई है।

एसएसपी के निर्देश पर पुलिस लगातार अपराधियों की कमर तोड़ने का काम कर रही है। कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित के नेतृत्व मे एसआई नीरज कुमार की टीम ने शनिवार को फिर चौकिंग के दौरान विद्यार्थी तिराहे बाइपास रोड से दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी नदीम पुत्र शमीम निवासी मौहल्ला नवाब दरवाजा कैराना व सरवर उर्फ भूरा पुत्र इरशाद उर्फ सादा निवासी ग्राम घाटमपुर थाना नकुड़ हाल निवासी आलखुर्द कैराना बताए गए हैं। आरोपियों के पास से 310 ग्राम स्मैक, एक बाइक, दो मोबाइल रूपये 920 की नकदी बरामद हुई है।

# बच्चों को बताये यातायात नियम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** गांव बेगमपुर के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया।

जिलाअधिकारी मनीष बंसल द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत बढ़ती दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए समस्त विद्यालयों में बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को जिलाअधिकारी के आदेशों का अनुपालन करते हुए तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के गांव बेगमपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य लहरी सिंह द्वारा बच्चों को यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया गया। जिसमे सड़क पार करने के नियम, लाल हरी बत्ती और जेबरा क्रॉसिंग का प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करना, चलते वाहनों से हाथ पैर बाहर ना निकलना, सीट बेल्ट व आई एस आई मार्का के हेलमेट का प्रयोग करना, ट्रैफिक लाइटों का पालन व ओवर स्पीड से बचना, हाईवे पर बाई साइड चलना इत्यादि नियमों के प्रति विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।इस अवसर पर सहायक अध्यापक विवेक कुमार, अध्यापिका उर्वशी,यश,पलक, अवनी मोर्या आदि उपस्थित रहे।

## दो तस्कर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी करते दो को पकड़ा,आरोपियों के पास से 600 ग्राम स्मैक बरामद कार्रवाई करते हुए भेजा जेल दो तस्कर मौके से फरार।

शनिवार को अंबेहटा चौकी प्रभारी आजाद सिंह ने चौकी क्षेत्र में गशत करते गांव चढ़ाव रोड से नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले दो तस्करों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है थाना प्रभारी अविनाश गौतम ने बताया कि पुलिस ने दो नशा तस्करों गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 600 ग्राम स्मैक बरामद की हैं जिसकी की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 60 लाख रुपए है। पकड़ गए तस्करों की पहचान महरुन पुत्र जाहिद निवासी ग्राम घाटमपुर थाना नकुड, शौकिन पुत्र अलीशेर निवासी ग्राम घाटमपुर थाना नकुड के रूप में हुई है इनके दो साथी शहारुख और शोएब पुलिस को आता देख मौके से फरार हो गए हैं।

# एडीएमई ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी (प्रशाशन) की अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन का आयोजन किया गया अपर जिलाधिकारी के समकक्ष फरियादियों ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी शिकायते रखी। इस दौरान कुल 42 शिकायत दर्ज की गई जिनमें से मात्र 2 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। अपर जिलाधिकारी ने अधीनस्थ अधिकारियों के निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के लिए मौके पर जाकर निस्तारण की।लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) अर्चना द्विवेदी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस मे पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनी। फरियादियों ने उनके समक्ष फरियादियों अलग अलग विभागो से संबंधित शिकायते रखी। सम्पूर्ण समाधान कुल 42 शिकायते दर्ज हुई जिन में से मात्र दो शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। अधिकतर शिकायत राजस्व ,बिजली एवं पुलिस संबंधित रही। अपर जिलाधिकारी अर्चना द्विवेदी ने दर्ज हुई शिकायतों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को सौंपकर उनका शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में लाप. रवाही किसी भी दशा में सहन नहीं की जाएगी। सभी शिकायतों का मौके पर जाकर सत्यापन करते हुए निस्तारण करे । लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस मौके पर एसडीएम मानवेंद्र सिंह, सीओ मुनीश चंद्र ,तहसीलदार पुष्पांकर देव , नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह , मुकुल कुमार सागर बीडीओ योगेन्द्र सिंह, सीडीपीओ संयोगिता यादव, पुष्पा रानी, आपूर्ति निरीक्षक सूर्य प्रकाश पाठक, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह सहित सर्किल के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।



गुरुग्राम। भारी बारिश के बाद जलमग्न सड़क से गुजरते वाहन।

## कृषि शोध का लाभ किसान को मिलना चाहिए: शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि शोध का लाभ खेतों में किसानों तक पहुंचना चाहिए जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ जीवनयापन में सुधार हो सके। चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में बागवानी संबंधी कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि शोध का मुख्य केंद्र कृषि उत्पादकता बढ़ाना होना चाहिए। उन्होंने इलायची, केसर, सुपारी और काली मिर्च इत्यादि की विशेष किस्म की फसलों की पैदावार के संबंध में और विशेष शोध तथा प्रयास करने पर बल दिया। यह समीक्षा बैठक शुक्रवार देर शाम आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जैसे-जैसे सामाजिक-आर्थिक समृद्धि और बढ़ेगी तो बागवानी उत्पादों-फल-सब्जियों की उपभोक्ता मांग में भी वृद्धि होगी।

## गुटेरेस जल्द ही सुधार प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे: दुजारिक

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस कुछ ही सप्ताह में सदस्य देशों के समक्ष संगठन के सुधार के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गुटेरेस ने मार्च में यूएन-80 पहल की शुरुआत की घोषणा की, जिसमें व्ययों को अनुकूलित करने के लिए इसके संचालन का ऑडिट शामिल है। ये सुधार अमेरिका की ओर से संयुक्त राष्ट्र बजट योगदान में कटौती और मानवीय परियोजनाओं के वित्तपोषण पर ट्रम्प प्रशासन के रुख के बीच किए जा रहे हैं। दुजारिक ने एक ब्रीफिंग में कहा कि महासचिव अगले कुछ सप्ताहों में सदस्य देशों को रिपोर्ट करेंगे, क्योंकि हमें इन महत्वाकांक्षी सुधारों के लिए उनकी भागीदारी की आवश्यकता होगी, उनकी सहमति की आवश्यकता होगी और उनकी प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी।

# ऑस्ट्रेलिया चुनाव में लेबर पार्टी जीती

### फिर पीएम बनेंगे अल्बनीज, 21 साल में दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले नेता, विपक्षी पार्टी ने हार मानी

**कैनबरा, वार्ता**

**आस्ट्रेलिया** में लेबर पार्टी दोबारा चुनाव गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक अब तक 55 प्रतिशत वोटों की गिनती हो चुकी है। लेबर पार्टी को 89 सीटों पर जीत हासिल हुई है, वहीं विपक्षी लिबरल-नेशनल गठबंधन 36 सीटों पर जीती है। चुनाव जीतने के लिए 76 सीटों की जरूरत होती है।

लेबर पार्टी की जीत से तय हो गया है कि एंथनी अल्बनीज एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। 21 साल में यह पहली बार होगा जब कोई नेता दोबारा पीएम बनेगा। इससे पहले 2004 में लिबरल पार्टी के जान हावर्ड लगातार दूसरी बार चुनाव जीते थे। वहीं, विपक्षी लिबरल-नेशनल गठबंधन ने हार मान ली है। विपक्षी नेता पीटर डटन ने चुनाव में हार स्वीकार करते हुए कहा कि हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं। आस्ट्रेलिया में 3 साल पर होते हैं चुनाव आस्ट्रेलिया में 3 साल पर चुनाव होते हैं। देश में 28 मार्च 2025 को संसद भंग कर दी गई थी, जिसके बाद सरकार केयरटेकर मोड में चली गई थी। इसके बाद 22 से 30 अप्रैल तक पोस्टल वोटिंग की गई। पिछली बार 2022 में हुए चुनाव में लेबर पार्टी को 77 और लिबरल-नेशनल गठबंधन को 58 सीटें मिली थीं। इस बार मुख्य मुकाबला प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी और विपक्षी नेता पीटर डटन के लिबरल-नेशनल गठबंधन के बीच था। अल्बनीज की जीत के बाद सिडनी में जश्न मनाते लेबर पार्टी के समर्थक। आस्ट्रेलिया में भारत की तरह ही दो सदन हैं। ऊपरी सदन को सीनेट और निचले सदन को हाउस आफ रिप्रजेंटेटिव्स कहा जाता है। निचले सदन में बहुमत पाने वाली पार्टी या गठबंधन का नेता ही प्रधानमंत्री बनता है। इसकी 150 सीटों के लिए आज वोटिंग हो रही है। इसका रिजल्ट 3 मई की रात या फिर 4 मई की सुबह तक आएगा।

■ विपक्षी नेता पीटर डटन ने चुनाव में हार स्वीकार करते हुए कहा: हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं



निचले सदन के साथ ही ऊपर सदन की 76 में से 40 सीटों के लिए भी आज वोटिंग हुई। इस सदन में चुने गए सदस्यों का कार्यकाल 6 साल होता है। हर 3 साल में आधे सदस्य बदल जाते हैं। आस्ट्रेलिया में 18 साल या इससे ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों को अनिवार्य रूप से वोट देना होता है और अगर गैर जरूरी कारण से वो ऐसा नहीं करते हैं तो उन पर 20 आस्ट्रेलियाई डालर का जुर्माना लगाया जा सकता है। यहां प्रधानमंत्री बनने के लिए उम्र तय नहीं है। दूसरे शब्दों में कहें तो 18 साल या ज्यादा उम्र के जो लोग वोटिंग कर सकते हैं, वो चुनाव भी लड़ सकते हैं और प्रधानमंत्री भी बन सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन में हेलिकॉप्टर दुर्घटना, एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

**नानजिंग।** चीन के पूर्वी प्रांत जियांग्सू के सूजौ शहर में शुक्रवार को एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो के अनुसार, एक रॉबिन्सन आर44 आईआई हेलिकॉप्टर उड़ान से लौटते समय शाम करीब पांच बजे लगभग 10 मीटर की ऊंचाई से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में जमीन पर मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जियांग्सू प्रांतीय नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के नेतृत्व में दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है।

### पेरू में नौसेना का जहाज नदी तट से टकराया, दो की मौत

**लीमा।** पेरू के लॉरेटो क्षेत्र में अमेज़न नदी पर शुक्रवार तड़के एक नौसेना का जहाज नदी के तट से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति लापता है। नौसेना ने बताया कि उसका जहाज बीएपी उकायाली अमेजन बेसिन में नेपो नदी के मुहाने के पास ऊर्जा कंपनी पेरेन्को की ओर से संचालित मनाती प्लेटफ़ॉर्म से टकराया। खोज और बचाव अभियान जारी है। नौसेना ने बताया कि उकायाली के साथ काफिले में यात्रा कर रहे आस-पास के जहाजों की मदद से चालक दल के 30 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि जहाज लोरेटो क्षेत्र की राजधानी इक्विटोस से रवाना हुआ था और कोलंबिया के प्यूर्टो लेगुइज़ामो के रास्ते पर था।

### तुर्की में हिरासत में लिए गए 418 लोगों में से 374 रिहा

**इस्तांबुल।** तुर्की के शहर इस्तांबुल में एक मई को हुई अवैध रैलियों में शामिल 418 लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिनमें से 374 को अदालत के आदेश पर रिहा कर दिया गया है। शहर के पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा कि इस्तांबुल में गुरुवार को अवैध रैलियों के कारण सड़क और राजमार्ग बंद रहे, 15 से अधिक मेट्रो स्टेशन और सार्वजनिक परिवहन बंद कर दिए गए। हिरासत में लिए गए 418 लोगों में से 374 को बयान के बाद रिहा कर दिया गया है। इस्तांबुल के कादिकॉय और कार्ताल जिलों में एक मई को ट्रेड यूनियनों ने सरकार की ओर से अनुमोदित रैलियां कीं, जिनमें करीब 65 हजार लोग शामिल हुए और शांति से तितर-बितर हो गए। वहीं, विपक्षी समूह शहर के केंद्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षा के लिए 52 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात थे। इस्तांबुल के पुराने इलाके में तकसीम चौक पर प्रदर्शनों पर कई सालों से प्रतिबंध लगा हुआ है।

## भारत से तनाव के बीच सीमा पार तैयारियां तेज

# पाक ने अब्दाली मिसाइल का किया परीक्षण

**इस्लामाबाद, वार्ता**

**भारत** के साथ बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तान ने शनिवार को अब्दाली मिसाइल का परीक्षण किया। अब्दाली हथियार प्रणाली, 450 किलोमीटर की रेंज वाली सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। पाकिस्तान की ओर से यह परीक्षण ऐसे समय किया गया है, जब जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है।

यह परीक्षण पाकिस्तान सशस्त्र बलों के सिंधु अभ्यास का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य किसी भी हमले के मद्देनजर परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना था। 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार सेना की आधिकारिक मीडिया-विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस प्रक्षेपण का उद्देश्य सैनिकों की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना और मिसाइल की उन्नत नेविगेशन प्रणाली और उन्नत गतिशीलता सुविधाओं सहित प्रमुख तकनीकी मापदंडों को मान्य करना था। इसमें कहा गया है कि यह प्रक्षेपण 'एक्स इंडस' का हिस्सा है और इसे सेना सामरिक बल कमान (एएफएससी) के कमांडर, सामरिक योजना



■ 450 किलोमीटर की रेंज वाली सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है अब्दाली

प्रभाग और एएफएससी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ पाकिस्तान के सामरिक संगठनों के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने भी देखा। आईएसपीआर के बयान के अनुसार राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा और सेना प्रमुखों ने इसमें भाग लेने वाले सैनिकों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी। बयान में कहा गया कि उन्होंने विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोध सुनिश्चित करने और किसी भी आक्रमण के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने के लिए पाकिस्तान के सामरिक बलों की परिचालन तैयारियों और तकनीकी दक्षता पर पूरा भरोसा जताया। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय सेना को जवाबी कार्रवाई करने की पूरी छूट दिए जाने के बाद पाकिस्तान बेहद घबराया हुआ है। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले की निगरानी पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी के आकाओं ने की थी। पाकिस्तान लगातार सैन्य गोलीबारी करने के अलावा, उसने अरब सागर में अपने नौसैनिक अभ्यासों को तेज कर दिया है, और अधिक मिसाइल परीक्षण किए हैं और किसी भी हमले की स्थिति में भारत के खिलाफ 'परमाणु जवाबी कार्रवाई' की लगातार चेतावनी दी है, जिससे वह सख्त रुख बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।

### पाक ने नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलीबारी जारी रखी

**जम्मू।** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन जारी रखा। रक्षा प्रवक्ता ने शनिवार सुबह कहा कि शुक्रवार देर रात को पाकिस्तानी सेना ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, उरी और अखनूर इलाकों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी गोलीबारी का मुंह तोड़ जवाब दिया। इससे पहले दो मई को पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया था। प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी के नौशेरा और जम्मू के अखनूर में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। गत 30 अप्रैल को भी पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के अलावा कश्मीर संभाग के बारामुल्ला और कुपवाड़ा जिलों के साथ-साथ जम्मू और सांबा जिलों के परगवाल और रामगढ़ सेक्टरों में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार छोटे हथियारों से गोलीबारी की। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ गया है। पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की गोलीमार कर हत्या कर दी थी।

## इजरायली हमलों में मारे गए 30 फलस्तीनी

**गाजा।** गाजा पट्टी में विस्थापित लोगों के घरों और तंबुओं को निशाना बनाकर आज किए गए इजरायली हमलों में कम से कम 30 फलस्तीनी मारे गए। गाजा में नागरिक सुरक्षा मामलों के प्रवक्ता महमूद बसल ने यहां बताया कि पूर्वी गाजा शहर के शुजाय्या के निकट घट्टास परिवार के घर पर हवाई हमले में 10 लोग मारे गए है। उधर समीपवर्ती दाराज में नागरिकों पर ड्रोन हमले में चार अन्य लोग मारे गए। गाजा शहर के ही ज़ीतून में दो और लोगों के मारे जाने की भी खबर है। दक्षिणी शहर खान यूनिस में एक रिहायशी घर पर हमले में 11 लोग मारे गए।

नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स के पास एक तंबू पर हुए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई ,जबकि तीन अन्य घायल हो गए। एक अन्य हमले में पास के तंबू में एक और व्यक्ति की मौत की खबर है। इस बीच खान यूनिस में ही अबू हजरस परिवार के घर पर ड्रोन हमले में एक गर्भवती महिला की मौत की भी खबर है। हालांकि इजरायली सेना ने अभी तक इन हमलों के बारे में कोई

■ लोगों के घरों और तंबुओं को निशाना बनाकर बरसाए गए बम

टिप्पणी नहीं की है। इस बीच राफा में कुवैत स्पेशलाइज्ड हॉस्पिटल ने आज यहां एक प्रेस बयान जारी कर दवा, चिकित्सा आपूर्ति और भोजन की भारी कमी के बीच स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के पूर्णतौर पर ध्वस्त होने की की चेतावनी दी। अस्पताल ने कहा सीमा पार लगातार बंद रहने और मानवीय सहायता वितरण में व्यवधान के कारण स्थिति और खराब हो गई है। बयान के मुताबिक 75 प्रतिशत से अधिक आवश्यक दवाएं अनुपलब्ध हैं, जिससे मरीजों का इलाज करने की सुविधा की क्षमता में बाधा आ रही है। मौजूदा चिकित्सा सामग्री भंडार सप्ताह से अधिक नहीं चल सकता है। गौरतलब है कि हमास के साथ जनवरी में हुए युद्धविराम समझौते के पहले चरण की समाप्ति के बाद 2 मार्च को इजरायल ने गाजा में माल और आपूर्ति का प्रवेश रोक दिया।

# इजरायल ने किए सीरिया में हवाई हमले

### कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां भी देखी गई, ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत

**दमिश्क, वार्ता**

**इजरायल** ने हवाई हमले तेज करते हुए सीरिया की राजधानी दमिश्क के साथ-साथ देश के मध्य और पश्चिमी प्रांतों में युद्धक विमानों के हमले किए और कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां देखी गईं।

सीरियाई मीडिया और एक निगरानी समूह के अनुसार शुक्रवार को इजरायल ने पूरे सीरिया में हवाई हमले किए और कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां भी देखी गई। सीरियाई अखबार अल-वतन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल की सेना द्वारा दमिश्क में कल दोपहर कनाकर शहर में किए गए ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानीकर्ता सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स की रिपोर्ट के अनुसार, हरस्टा के पूर्वी उपनगर के आसपास के क्षेत्र को निशाना बनाकर कम से कम 10



■ एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को घटनास्थल पर भेजा गया है

हवाई हमले किए गए, जिसमें हरस्टा सैन्य अस्पताल के पास एक सैन्य चौकी भी शामिल है। सीरिया के सरकारी प्रसारक अल-इखबरिया ने बताया कि हवाई हमलों से काफी नुकसान हुआ है, लेकिन कल शाम तक किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है, और एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को घटनास्थल पर भेजा गया है। दक्षिणी सीरिया में, इजरायली हवाई हमलों ने दारा प्रांत के मोथबीन और इजरा के शहरों के बाहरी इलाकों को निशाना बनाया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मध्य सीरिया में, कल रात को हामा प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाके में शाहता गांव के बाहरी इलाकों को निशाना बनाकर इजरायली हवाई हमले किए गए, जिसमें चार लोग घायल हो गए। कथित तौर पर इजरायली टोही विमान भी सीरिया के दक्षिणी और मध्य भागों, जिसमें दारा, होम्स और हामा के ऊपर मंडराते रहे, जो एक समन्वित अभियान का हिस्सा प्रतीत होता है। इजरायल के राष्ट्रीय प्रसारक कान ने बताया कि इजरायली सरकार ने सीरिया में अतिरिक्त ठिकानों को निशाना बनाने की मंजूरी दी है, जिसमें नए सीरियाई अधिकारियों से संबद्ध सैन्य प्रतिष्ठान और स्थल शामिल हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने कथित तौर पर सेना को नए लक्ष्यों को निशाना बनाने को अधिकृत किया है।

# अंगोला के साथ रक्षा साझेदारी होगी मजबूत

### अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए भारत देगा 20 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली, वार्ता**

**भारत** और अफ्रीकी संघ (एयू) के अध्यक्ष अंगोला के साथ रक्षा साझीदारी के तहत व्यापक सैन्य आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण, खनन एवं हीरों को तराशने के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के आज निर्णय लिए।

भारत ने अंगोला की सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर का ऋण देने की भी घोषणा की है। जबकि अंगोला ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के भारत के रुख का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत की यात्रा पर आए अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंसो के साथ आज यहां हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये फैसले लिए गए। बैठक में कृषि, संस्कृति, आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में अंगोला की सदस्यता के



■ 38 वर्षों के बाद, अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है

दस्तावेज सहित चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल थे। मोदी ने बैठक के बाद प्रेस को दिए गए वक्तव्य में राष्ट्रपति लौरेंसो और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है। 38 वर्षों के बाद, अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। राष्ट्रपति लौरेंसो की इस यात्रा से, न केवल भारत-अंगोला संबंधों को नई दिशा और गति मिल रही है, बल्कि भारत और अफ्रीका साझीदारी को भी बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष, भारत और अंगोला अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। लेकिन हमारे संबंध, उससे भी बहुत पुराने हैं, बहुत गहरे हैं। जब अंगोला स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहा था, तो भारत भी पूरी प्रतिबद्धता और मैत्री भावना के साथ खड़ा था। भारत एवं अंगोला के बीच रक्षा संबंधों में नये आयामों का खुलासा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, अंगोला के तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपनी ऊर्जा साझीदारी को व्यापक बनाने का निर्णय लिया है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर की रक्षा ऋण को स्वीकृति दी गई है। रक्षा प्लेटफॉर्म्स के अनुरक्षण और ओवरहॉल और आपूर्ति पर भी बात हुई है। अंगोला की सशस्त्र सेनाओं की ट्रेनिंग में सहयोग करने में हमें खुशी होगी। मोदी ने कहा कि अपनी विकास साझीदारी को आगे बढ़ाते हुए, हम डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण में अंगोला के साथ अपनी क्षमताएं साझा करेंगे।

# परिवार से सुलह करना चाहूंगा: प्रिंस हैरी

### इंटरव्यू में कहा: अब और नहीं लड़ना, पता नहीं मेरे पिता के पास कितना समय बचा है

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रिंस हैरी ने कहा है कि वह रायल फैमिली के साथ सुलह करना चाहते हैं, लेकिन उनके पिता किंग चार्ल्स उनसे बात नहीं कर रहे हैं। हैरी ने यह बयान उस दिन दिया जब वे ब्रिटिश सरकार के खिलाफ पुलिस सुरक्षा को लेकर चल रहा मुकदमा हार गए। एक इंटरव्यू में हैरी ने कहा कि 'मैं अपने परिवार के साथ सुलह करना चाहूंगा। अब और लड़ाई का कोई मतलब नहीं है। जिंदगी कीमती है। मुझे नहीं पता कि मेरे पिता के पास कितना समय बचा है। वह मुझसे इस सुरक्षा विवाद के कारण बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन सुलह करना अच्छा होगा।

हैरी ने कहा कि मैं नहीं सोचता कि मैं कभी अपने परिवार को ब्रिटेन वापस ला पाऊंगा, क्योंकि मुझे लगता है कि वहां मेरे परिवार के लिए सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मेरे और परिवार के कुछ सदस्यों के बीच काफी मतभेद रहे हैं, लेकिन अब मैंने उन्हें माफ कर दिया है। दरअसल, हैरी ने 2020 में अपनी रायल डयूटीज से इस्तीफा दे दिया था और अपनी अमेरिकी पत्नी



■ वह मुझसे इस सुरक्षा विवाद के कारण बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन सुलह करना अच्छा होगा

मेगन और दो बच्चों के साथ अमेरिका के कैलिफोर्निया चले गए। तब से उन्होंने और मेघन ने टीवी डाक्यूमेंट्री, अमेरिकी टाक शो होस्ट ओप्रा विन्फ्रे के साथ एक इंटरव्यू और हैरी की बेस्ट-सेलिंग आटोबायोग्राफी 'स्पेयर' में रायल फैमिली की कड़ी आलोचना की थी। प्रिंस हैरी अमेरिका जाने के बाद अपनी सुरक्षा में किए गए बदलावों को पलटवाना चाहते थे। शुक्रवार को कोर्ट के फैसले के बाद प्रिंस हैरी ने कहा कि इस वक्त मैं ऐसी कोई दुनिया नहीं देखता जिसमें मैं अपनी पत्नी और बच्चों को यूके वापस लाऊं। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लगा जैसे धोखा मिला हो। कोर्ट में मिली हार को उन्होंने श्पुरानी सोची-समझी साजिशश बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी सुरक्षा में कटौती का फैसले के पीछे शाही परिवार का हाथ है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनकी सुरक्षा को लेकर हुआ विवाद हमेशा से सबसे बड़ी रुकावट रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने राजा चार्ल्स से इस विवाद में दखल देने को कहा था, तो प्रिंस हैरी ने जवाब दिया कि मैंने उनसे हस्तक्षेप करने को नहीं कहा, मैंने उनसे सिर्फ यह कहा कि वे एक तरफ हट जाएं और एक्सपर्ट्स को उनका काम करने दें। फैसले पर उन्होंने कहा कि मैं टूट गया हूं। लेकिन मैं इस हार से उतना नहीं जितना टूटा हूं, जितना उन लोगों की वजह से टूटा हूं, जो ये फैसला लेकर सोचते हैं कि यह ठीक है। क्या यह उनकी जीत है? मुझे यकीन है कि कुछ लोग हैं, जो मुझे नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, वही इसे अपनी बड़ी जीत मान रहे होंगे।

## मुरुगन ने प्रदान किए राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार

**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने शनिवार को 12 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। डॉ. मुरुगन ने मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के दौरान आठवें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को 10वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक रेडियो देश के सभी कोनों में नागरिकों तक पहुंचने का एक साधन है। उन्होंने कहा कि देश भर के सामुदायिक रेडियो किसी न किसी कल्याणकारी उद्देश्य में लगे हुए हैं और भारतीय परंपरा तथा संस्कृति को बढ़ावा देने सहित अच्छे उद्देश्यों का सहयोग कर रहे हैं।

# चिली में भूकंप के तेज झटके सुनामी की चेतावनी जारी

**सैंटियागो।**

**चिली** के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में शुक्रवार को तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर शक्तिशाली भूकंप की तीव्रता 7.5 मापी गई। जिसके बाद अधिकारियों ने मैगलन क्षेत्र में सुनामी की चेतावनी जारी की है।

चिली विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि शक्तिशाली भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 8:58 बजे महसूस किया गया, जिसका केंद्र देश के सबसे दक्षिणी शहर प्यूर्टो विलियम्स से 218 किमी दक्षिण में जमीनी सतह से 10 किमी की गहराई पर स्थित था और आसपास के इलाकों में भी महसूस किया गया। चिली की राष्ट्रीय आपदा निवारण एवं प्रतिक्रिया सेवा (सेनाप्रेड) ने कहा कि क्षति का आकलन किया जा रहा है, जबकि चिली नौसेना की हाइड्रोग्राफिक एवं महासागरीय सेवा (एसएचओए) ने सुनामी की चेतावनी जारी की है, जिसमें मैगलन और चिली अंटार्कटिक क्षेत्र के तटीय निवासियों से सुरक्षित क्षेत्रों में चले जाने और समुद्र तट पर जाने से बचने का आग्रह किया गया है। गौरतलब है कि चिली प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर के किनारे स्थित है और यह दुनिया के सबसे अधिक भूकंप आने वाले देशों में से एक है। यहां कुछ अंतराल के बाद अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं।

■ यहां कुछ अंतराल के बाद अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं

# Met Gala 2025 के लिए कियारा ने चुना भारतीय डिजाइनर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने मेट गाला डेब्यू के लिए भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता को चुना है। भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित और समकालीन सितारों में से एक, कियारा आडवाणी, 2025 मेट गाला में अपने बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस खास मौके पर वह मशहूर भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता की विशेष रूप से तैयार की गई पोशाक पहने नजर आएंगी। इस साल मेट गाला की थीम सुपरफाइन: टेलरिंग ब्लैक स्टाइल है, जो ब्लैक आइडेंटिटी की सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक गहराई को समर्पित है। इस मौके पर कियारा की उपस्थिति भारतीय कारीगरी और वैश्विक फैशन के संगम का प्रतीक बनेगी। गौरव गुप्ता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त है। उनके डिज़ाइन कान्स से लेकर ऑस्कर तक के रेड कार्पेट पर छा चुके हैं। कियारा के साथ यह सहयोग स्वाभाविक है। उनकी खूबसूरती और गौरव के आर्किटेक्चरल स्टाइल का मेल एक ऐसा लुक पेश करेगा जो सुर्खियां बटोरने वाला है। इस डेब्यू के साथ, कियारा आडवाणी उन भारतीय आइकनों की कतार में शामिल हो रही हैं जिन्होंने मेट गाला जैसे प्रतिष्ठित मंच पर देश का प्रतिनिधित्व किया है और एक विशिष्ट भारतीय आवाज़ को फैशन की इस वैश्विक विरासत में शामिल किया है। फैशन के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने वाला है और सभी की निगाहें अब कियारा पर है।

**इस साल मेट गाला की थीम सुपरफाइन: टेलरिंग ब्लैक स्टाइल है, जो ब्लैक आइडेंटिटी की सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक गहराई को समर्पित है। इस मौके पर कियारा की उपस्थिति भारतीय कारीगरी और वैश्विक फैशन के संगम का प्रतीक बनेगी। कियारा डिजाइनर के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान जाने वाले गौरव गुप्ता को चुना है।**

## गुरु रंधावा और निमृत कौर की फिल्म शौंकी सरदार का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** ग्लोबल म्यूजिक आइकन गुरु रंधावा और बिग बॉस फेम अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया की फिल्म शौंकी सरदार का ट्रेलर रिलीज हो गया है। बहुप्रतीक्षित फिल्म वॉरियर बाय ब्लड, ब्रदर्स बाय हार्ट: शौंकी सरदार का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर को मो. हाली में रिलीज किया गया। इस मौके पर गुरु रंधावा के साथ फिल्म के कलाकार बब्बू मान, सुनीता ढिल्लों, निमृत कौर अहलूवालिया, हशनीन चौहान और धीरज कुमार भी मौजूद थे। अभिनेता हरसिमरन और एली मंगट ने भी इस मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ट्रेलर पंजाब की जीवंत पृष्ठभूमि में बसी एक दमदार कहानी की झलक दिखाता है। हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ-साथ फिल्म में भाईचारे और पारिवारिक रिश्तों की गहराई को बखूबी दर्शाया गया है।

# दिमाग में शाहरुख था जब डॉन की लिखी थी पटकथा: फरहान

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार फरहान अख्तर का कहना है कि उन्होंने शाहरुख खान को ध्यान में रखते हुए फिल्म डॉन लिखी थी और वे खुद मूल फिल्म के बहुत बड़े प्रशंसक थे। फरहान अख्तर विश्व श्रृव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में गौरव कपूर द्वारा संचालित द क्राफ्ट ऑफ डायरेक्शन नामक मास्टरक्लास में आकर्षण का केन्द्र रहे और उन्होंने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। इस सत्र ने एक कहानीकार के रूप में फरहान अख्तर के व्यक्तिगत अनुभवों की एक अंतरंग झलक पेश की, जिसमें सिनेमा के विकास, निर्देशन की चुनौतियों और फिल्म निर्माण में प्रामाणिकता की आवश्यकता का जिक्र हुआ। फरहान ने बातचीत की शुरुआत करते हुए, वेव्स को एक बहुत ही सशक्त आयोजन बताते हुए कहा कि उनकी सृजनात्मक जड़ों को देखकर यह प्रतिबिंबित होता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें गायन और अभिनय से लेकर निर्देशन तक के अपने बहुमुखी करियर का कोई विशेष पहलू पसंद है, तो उन्होंने इसकी तुलना पसंदीदा बच्चे को चुनने से की, यह स्वीकार करते हुए कि एक शांत पसंद हो सकती है, हर भूमिका का अपना आनंद होता है। फरहान ने डॉन के बारे में बताया कि ट्रेन में सफर के दौरान मूल स्कोर सुनते समय उन्हें यह विचार कैसे आया। चुनौती फिल्म को फिर से बनाना नहीं था, बल्कि फिर से इसकी कल्पना करना था। मैं डॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं को क्या नया अर्थ दे सकता था? यही असली परीक्षा थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने शाहरुख खान को ध्यान में रखते हुए फिल्म लिखी थी, उन्होंने कहा कि वे खुद मूल फिल्म के बहुत बड़े प्रशंसक थे।



**फरहान अख्तर विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में गौरव कपूर द्वारा संचालित द क्राफ्ट ऑफ डायरेक्शन नामक मास्टरक्लास में आकर्षण का केन्द्र रहे और उन्होंने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।**

# फिल्म निर्माताओं के लिए वरदान होगा एआई: हिरानी



**मुंबई।** फिल्मकार राजकुमार हिरानी ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) फिल्म निर्माताओं के लिए रचनात्मकता और स्टोरीटेलिंग के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में शुक्रवार को आयोजित विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में दुनिया भर में दिलों को छूने वाली कहानियां पर पैनल चर्चा की गई। इस चर्चा में नेशनल जियोग्राफ़िक सोसाइटी में मुख्य स्टोरीटेलिंग अधिकारी कैटलिन यार्नल, द वॉल्ट डिज़्नी कंपनी में ईवीपी और कॉर्पोरेट विकास प्रमुख जस्टिन वारब्रुक, अमेजॉन प्राइम वीडियो में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केली डे, बीबीसी स्टूडियो एशिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक फिल हार्डमैन, भारत के सबसे प्रसिद्ध फिल्म निर्देशकों में से एक राजकुमार हिरानी, और मॉडरेटर के रूप में बेस्टसेलिग लेखक और राजनयिक अमीश त्रिपाठी शामिल रहे। इस सत्र में वैश्विक मीडिया, मनोरंजन और साहित्यिक परिदृश्यों से दूरदर्शी प्रमुखों और मास्टर स्टोरीटेलर को कहानी कहने क्षमता का पता लगाने के लिए एक साथ लाया गया। स्ट्रीमिग प्लेटफ़ॉर्म और प्रसारण दिग्गजों से लेकर सिनेमा और साहित्य तक, पैनलिस्टों ने इस बारे में अंतर्दृष्टि साझा की कि कैसे आकर्षक कथाएं सीमाओं को पार कर सकती हैं, संस्कृतियों को आकार दे सकती हैं।

# भाविका ने गुम है किसी के प्यार में से किया कमबैक



**मुंबई।** अभिनेत्री भाविका शर्मा ने स्टार प्लस के शो गुम है किसी के प्यार में कमबैक किया है। शो गुम है किसी के प्यार में अपनी दमदार कहानी, इमोशनल मोमेंट्स और यादगार किरदारों की वजह से लोगों का दिल लगातार जीत रहा है। प्यार, कुर्बानी और जज्बे की इस कहानी से दर्शक हर दिन जुड़ते जा रहे हैं। जैसे-जैसे कहानी ने नया मोड़ लिया है, शो में एक जाना-पहचाना चेहरा फिर से लौट आया है। भाविका शर्मा, जो सावी का किरदार निभा रही थी, अब एक बार फिर दर्शकों के बीच वापस आ गई हैं। अपने कमबैक को लेकर भाविका शर्मा ने एक इमोशनल नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने शो और अपने किरदार सावी के साथ अपने जुड़ाव को बखूबी बयां किया। भाविका ने कहा, गुम है किसी के प्यार में में वापसी सिर्फ एक शो पर लौटना नहीं है, बल्कि उस किरदार से दोबारा जुड़ना है जो अब मेरे अंदर का हिस्सा बन चुका है। सावी की यात्रा हमेशा हिम्मत, नाजुकियत और प्यार से भरी रही है और मुझे एक बार फिर उसके सफर का हिस्सा बनने का सम्मान मिला है।

# पूजा ने लंदन में स्क्रीनिंग का लिया आनंद

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने वरुण धवन और मृणाल ठाकुर के साथ लंदन में रेट्रो की स्क्रीनिंग का आनंद लिया है। पूजा हेगड़े और सूर्या की फिल्म रेट्रो ने एक मई को सिनेमाघरों में दस्तक दी। हालांकि निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज इस मौके पर लोकेश कनागराज के साथ मौजूद रहे, लेकिन पूजा मुख्य स्क्रीनिंग में शामिल नहीं हो सकी। इसके बावजूद, उन्होंने ग्लासगो, लंदन में फिल्म की एक खास स्क्रीनिंग में हिस्सा लिया, जहां उनके साथ उनकी अगली फिल्म हाय जवानी तो इश्क होना है के सह-कलाकार वरुण धवन और मृणाल ठाकुर भी मौजूद थे। पूजा हेगड़े फिल्म रेट्रो में सूर्या के अपोजिट लीड रोल में नजर आ रही हैं। वह रुक्मणि का किरदार निभा रही हैं, जो एक डॉक्टर और उपचारक हैं और हर तरह की हिंसा के खिलाफ हैं। हाल ही में पूजा ने सोशल मीडिया पर इस किरदार के पर्दे के पीछे की झलकियां साझा की और एक भावुक पोस्ट लिखा। उन्होंने रुक्मणि को सबसे पवित्र आत्मा, मासूम लेकिन बुद्धिमान बताया और कहा कि काश हम सब रुक्कु जैसे बन सकें। रुक्कु बनना मेरी जिदगी का सबसे मज़ेदार अनुभव रहा। रेट्रो के साथ पूजा हेगड़े ने अपने करियर में एक और दमदार फिल्म जोड़ ली है, और ऐसा लगता है कि वह रुकने के मूड में नही हैं। फिलहाल पूजा यूके में हैं, जहां वह अपनी अगली बॉलीवुड फिल्म हाय जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग कर रही हैं, जिसमें उनके साथ वरुण धवन हैं। यह एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी है, जिसका निर्देशन डेविड धवन कर रहे हैं और जल्द ही इसके रिलीज होने की उम्मीद है।



# वेव्स में 250 करोड़ से ज्यादा का हुआ कारोबार

**मुंबई।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने बताया कि विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) बाजार 2025 में अब तक 250 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हो चुका है, जो एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की शुरुआत है। वेव्स समिट की महत्वाकांक्षी पहल, वेव्स बाजार, मीडिया और मनोरंजन उद्योग में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरी है। विभिन्न देशों के रचनाकारों को निवेशकों और खरीददारों से जोड़कर उनके बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई यह पहल भारत को कॉन्टेंट के व्यावसाईकरण के लिए एक रणनी. तिक केंद्र बनाने के लिए तैयार है। जाजू ने मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित वेव्स में कहा कि वेव्स बाजार 2025 में अब तक 250 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हो चुका है, जो एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की शुरुआत है। वेव्स बाजार अपने पहले सत्र में दक्षिण कोरिया, जापान, अमेरिका, जर्मनी, रूस, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड सहित 22 से अधिक देशों के अग्रणी पेशेवरों को एक साथ लाया, जिसमें 95 वैश्विक खरीदारों और 224 विक्रेताओं ने भाग लिया। प्रमुख खरीदारों में नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, मेटा, डिजनी स्टार, जी एंटरटेनमेंट, बनिजय एशिया, वार्नर ब्रदर्स, डिस्कवरी, सोनी लिव, वाईआरएफ, धर्मा, जियो स्टूडियो, रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल और रैशलेक मीडिया शामिल थे।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D
BHMS, BAMS
BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor

## पहली बार देखा कोई सरकार फिल्म उद्योग में इतनी रुचि ले रही: आमिर खान

**मुंबई।** फिल्म निर्माता आमिर खान ने कहा है कि उन्होंने पहली बार देखा है कि कोई सरकार फिल्म उद्योग में इतनी रुचि ले रही है। आमिर खान ने शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में आयोजित स्टूडियोज ऑफ द फ्यूचर: पुटिग इंडिया ऑन वर्ल्ड स्टूडियो मैप नामक पैनल चर्चा में शिर. कत की। फिल्म समीक्षक मयंक शेखर द्वारा संचालित इस सत्र में फिल्म उद्योग के कई दिग्गज शामिल हुए। इनमें निर्माता रितेश सिधवानी, प्राइम फोकस लिमिटेड के नमित मल्होत्रा, फिल्म निर्माता दिनेश विजन, पीवीआर सिनेमा के अजय बिजली और प्रसिद्ध अमरीकी निर्माता चार्ल्स रोवन शामिल रहे। आमिर खान ने कहा कि यह पहली बार है जब मैंने किसी सरकार को हमारे उद्योग में इतनी रुचि लेते देखा है। वेव्स केवल एक संवाद नही है। यह नीति का पुल है। यह एक आशाजनक शुरुआत है। मुझे यकीन है कि हमारी चर्चाएं नीतियों में बदल जाएंगी। ओटीटी बहस पर आमिर खान ने बताया कि कैसे थिएटर और ओटीटी रिलीज़ के बीच की संकीर्ण खिड़की थिएटर दर्शकों को हतोत्साहित करती है।

# बहुत सारी विदेशी फिल्म कंपनियां आएंगी भारत: भूमि

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में बहुत सारी विदेशी फिल्म-निर्माण कंपनियां भारत आएगी। भूमि पेडनेकर ने शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित विश्व श्रृव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 में लाइट्स, कैमरा, गंतव्य! फिल्मों के माध्यम से भारत की ब्रांडिग विषय पर पैनल चर्चा में शिरकत की। इस चर्चा के अन्य पैनलिस्टों में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव पृथुल कुमार, एनएफडीसी के एमडी नितिन तेज आहूजा, प्रोड्यूसर्स गिल्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार, गुजरात सरकार के सचिव (पर्यटन), आईटीडीसी की एमडी मुग्ध सिन्हा शामिल थी। पेडनेकर ने कहा कि आने वाले दिनों में बहुत सारे विदेशी फिल्म-निर्माण कंपनियां भारत आने वाली हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में लोग हमारे सिनेमा की वजह से मुंबई को जानते हैं। भारत के गंतव्यों में शूटिंग की अपनी प्राथमिकता के बारे में भूमि पेडनेकर ने कहा कि मेरी अधिकांश फिल्में सांस्कृतिक रूप से गंभीर हैं और देश के केन्द्रीय स्थल की फिल्में हैं। हमारा जज्बा और हमारे सिनेमा के लिए प्यार, जिस तरह से हमारे कलाकार और क्रू समर्पण के साथ काम करते हैं, वह अतुलनीय है। भारत के फिल्म उद्योग के बारे में भूमि पेडनेकर ने कहा कि अब फिल्म सेट पर काम करने वाले पुरुषों और महिलाओं की संख्या लगभग बराबर है। उन्होंने कहा कि भारत में फिल्म निर्माण में लगातार बेहतर लोग आ रहे हैं। पृथुल कुमार ने बताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा गठित इंडिया सिने हब (आईसीएच) वैश्विक फिल्म निर्माताओं के लिए भारत में फिल्म शूटिंग को बढ़ावा देता है और सुविधा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह भारत में फिल्मांकन के लिए वन-स्टॉप गंतव्य है, जिसमें फिल्म-निर्माण सुविधा के लिए विभिन्न राज्य पोर्टलों के लिक भी मौजूद हैं। यह एकल-खिड़की सुविधा और मंजूरी तंत्र के रूप में कार्य करता है, जो भारत में फिल्मांकन को आसान बनाता है। यह फिल्म-अनुकूल इकोसिस्टम बनाने और देश को फिल्मांकन गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

